





# जन एक्सप्रेस

लखनऊ

वर्ष: 15 | अंक: 36

मूल्य: ₹3.00/-

पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

शुक्रवार | 17 नवंबर, 2023

# आयुष्मान कार्ड बनाने में उत्तर प्रदेश का प्रथम स्थान

## देश में सर्वाधिक 4 करोड़ से अधिक बनाए गये कार्ड, यूपी पहले तो मध्य प्रदेश दूसरे और छत्तीसगढ़ तीसरे स्थान पर

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

देश में सर्वाधिक आयुष्मान कार्ड बनाने में उत्तर प्रदेश ने प्रथम स्थान हासिल किया है दरअसल उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन स्वस्थ भारत को पूरा करने के लिए लगातार दिशा निर्देश देते रहे है। यही वजह है कि पूरे देश में आयुष्मान भारत के तहत आयुष्मान कार्ड बनाने में उत्तर प्रदेश अग्रणी राज्य बनकर उभरा है। वहीं इसके बाद क्रमशः मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश का नंबर आता है।

### 1 करोड़ 80 लाख परिवार के बनाए गए आयुष्मान कार्ड

स्टेट एजेंसी फॉर कम्प्रिहेंसिव हेल्थ एंड इंटीग्रेटेड सर्विसेज़ (सांची) की सीईओ संगीता सिंह ने बताया कि प्रदेश के गरीब लोगों को निशुल्क और गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश के पात्र लाभार्थियों के शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है। इसके लिए समय-समय पर प्रदेशभर में विशेष अभियान भी चलाया जाता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मॉनिटरिंग और दिशा-निर्देश का ही नतीजा है कि उत्तर प्रदेश पूरे देश में आयुष्मान कार्ड



बनाने में पहले पायदान पर है। उत्तर प्रदेश में अब तक 1 करोड़ 80 लाख परिवार के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। इसमें से 1 करोड़ 31 लाख परिवार के आयुष्मान कार्ड प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत बनाए गए हैं, जबकि 56 लाख परिवार के आयुष्मान कार्ड मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत बनाए गए हैं। उत्तर प्रदेश पूरे देश में 4 करोड़ 15 लाख 41 हजार 992 से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाकर पहले पायदान पर है, जबकि दूसरे स्थान पर मध्य प्रदेश है, जहां अब तक 3 करोड़ 70 लाख आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। वहीं तीसरे स्थान पर छत्तीसगढ़ है, जहां 2 करोड़ 3 लाख कार्ड धारक हैं, जबकि चौथे स्थान पर कर्नाटक और पांचवें स्थान पर आंध्र प्रदेश है। कर्नाटक में 1 करोड़ 51 लाख और आंध्र प्रदेश में 1 करोड़ 40 लाख आयुष्मान कार्ड धारक हैं।

### इलाज में अब तक 3,914 करोड़ की धनराशि खर्च

सांची की सीईओ ने बताया कि प्रदेश में कुल लाभार्थियों में से 70 प्रतिशत परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। योगी सरकार ने पात्र लाभार्थियों के शत-प्रतिशत कार्ड बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया है। वहीं इलाज के लिए लाभार्थियों को भटकना न पड़े इसके लिए योगी सरकार अब तक प्रदेश के 3,662 अस्पतालों को आयुष्मान कार्ड से जोड़ चुकी है। इसमें 1118 सरकारी और 2544 निजी अस्पताल शामिल हैं। इन अस्पतालों द्वारा 27,62,262 लाभार्थियों का इलाज किया जा चुका है। इनमें से कई ऐसे लाभार्थी हैं जिन्होंने दो से तीन बार इलाज कराया है। वहीं अति गंभीर बीमारी किडनी ट्रांसप्लांट, हार्ट सर्जरी, हार्ट डिजीज, कूल्हा-घुटना प्रत्यारोपण और कैंसर के इलाज के साथ सर्जरी कराने वाले 4,37,290 लाभार्थी भी शामिल हैं। इसके लिए अब तक 3,914 करोड़ की धनराशि खर्च की जा चुकी है। इसमें से 1502 करोड़ की धनराशि अति गंभीर बीमारी के इलाज में खर्च की गयी है।

# गरीब वृद्धों को आधार से पेंशन भुगतान करने वाला पहला राज्य बना उत्तर प्रदेश

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

अपने गरीब बुजुर्गों को आधार के जरिये पेंशन भुगतान करने वाला यूपी पहला राज्य बन गया है। प्रदेश में चालू वित्त वर्ष में 47 लाख से ज्यादा वृद्धों को आधार बेस्ड पेमेंट किया गया है। इन प्रयासों को केंद्र सरकार की परफॉर्मेंस रिव्यू कमेटी ने भी सराहा है। यूपी के बाद देश में सिर्फ तेलंगाना ने ही अपने यहां यह व्यवस्था लागू की है। उत्तर प्रदेश में वृद्धावस्था पेंशन के 54 लाख 97 हजार लाभार्थी हैं। इनमें से 4722613 वृद्धों की पेंशन में केंद्र का भी अंशदान है। शेष वृद्धों को राज्य सरकार अपने संसाधनों से पूरी पेंशन देती है। इस योजना में लाभार्थियों को 1000 रुपये प्रति माह की दर से आर्थिक सहायता दी जाती है। इसमें 200 रुपये केंद्र सरकार का अंशदान है, जबकि 80 साल या उससे अधिक उम्र होने पर केंद्र सरकार 500 रुपये देती है। प्रदेश में 4722613 वृद्धों के बैंक खातों को आधार सीडेड कराया जा चुका है। शेष खातों को भी आधार



सीडेड कराने का काम तेजी से कराया जा रहा है। विगत दिनों दिल्ली में हुई केंद्रीय परफॉर्मेंस रिव्यू कमेटी की बैठक में गरीब वृद्धों को पेंशन भुगतान के मॉडल को अन्य राज्यों के सामने भी रखा गया। केंद्रीय ग्राम्य विकास विभाग के आर्थिक सलाहकार प्रवीन महतो ने कहा कि जिस तरह से बड़ा राज्य होते हुए भी यूपी ने आधार बेस्ट पेमेंट करने में पहल की है, इसे अन्य राज्यों को भी जल्द अपनाना चाहिए।

# ऐतिहासिक धरोहरों की बदली जाएगी सूरत

## उत्तर प्रदेश में 490 करोड़ रुपए के निवेश से बदलेगी 9 ऐतिहासिक धरोहरों का होगा कायाकल्प

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उत्तर प्रदेश को पर्यटन के लिहाज से देश का फेवरेट डेस्टिनेशन बनाने के लिए प्रदेश की 9 चुनिंदा ऐतिहासिक धरोहरों को लग्जरी होटल समेत एडैप्टिव रीयूज एसेट्स में तब्दील करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस विषय में एक विस्तृत कार्ययोजना का निर्माण हुआ था जिसको अमलीजामा पहनाने का दायित्व उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग को सौंपा गया है। जिसके तहत कुल 490 करोड़ रुपए के निवेश के जरिए इन ऐतिहासिक धरोहरों की रूपरेखा तय की गई है। इस कार्य को अंजाम देने के लिए एजेंसियों के निर्धारण की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। कार्ययोजना के अनुसार, लखनऊ के छतरमंजिल में 100 करोड़ रुपए के निवेश से कायाकल्प का मार्ग प्रशस्त होगा। वहीं, मिर्जापुर के चुनार फोर्ट व झांसी के बरुआ सागर फोर्ट में भी 100-100 करोड़ रुपए के निवेश से मेकओवर की प्रक्रिया को पूर्ण किया जाएगा। इसी प्रकार, लखनऊ की कोठी गुलिस्तान-ए-इरम, कोठी दर्शन विलास व कोठी रौशन-उद्-दौला में 50-50 करोड़ रुपए के निवेश से मेकओवर की प्रक्रिया को पूर्ण करने की योजना पर काम हो रहा है। इसके अतिरिक्त, उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा राज्य के 10 राही टूरिस्ट बंगलों के भी विकास के लिए लीज आधारित प्राइवेट सेक्टर पार्टिसिपेशन (पीएसपी) की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा राज्य के 10 राही टूरिस्ट बंगलों के भी विकास के लिए लीज आधारित प्राइवेट सेक्टर पार्टिसिपेशन (पीएसपी) की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसमें बाराबंकी के देवा शरीफ, सीतापुर के हरगांव, शामली के कांढला, एटा के सोरों, बुलंदशहर के खुरजा, अमेठी के मुंशीगंज, एटा के पटना पक्षी विहार, बदायूं के काछला, मिर्जापुर के चुनार व प्रतापगढ़ के भूपिया मऊ प्रमुख हैं। इन सभी राही टूरिस्ट बंगलों में पीएसपी प्रक्रिया के जरिए संचालन व विकास प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए ई-निविदा के जरिए आवेदन मांगे गए हैं और माना जा रहा है कि नवंबर माह में ही कार्य आवंटन की प्रक्रिया को भी पूर्ण कर लिया जाएगा।

### जल महल, शुक्ला तलाब का भी होगा मेकओवर

मथुरा के बरसाना स्थित जल महल समेत कानपुर देहात के शुक्ला तलाब व कानपुर नगर स्थित टिकैत राय बारादरी को भी 30-30 करोड़ रुपए के निवेश के जरिए एडैप्टिव रीयूज एसेट्स में तब्दील करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। योगी सरकार उत्तर प्रदेश को विरासत पर्यटन के लिए एक लोकप्रिय डेस्टीनेशन के तौर पर स्थापित करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है और उसका मौजूदा कदम इसी दिशा में उत्तर प्रदेश की स्थिति को और पुख्ता करेगा। सीएम योगी के मार्गदर्शन में निजी क्षेत्रों के निवेश के माध्यम से विरासत संपत्तियों को उनका प्राचीन गौरव लौटाने की महत्वपूर्ण पहल की गई है। इसी क्रम में, इन स्थानों को वेलनेस सेंटर, हेरिटेज होटल, लग्जरी रिजॉर्ट्स, म्यूजियम, बुटीके रेस्तरां, मैरिज डेस्टिनेशन व वेडिंग वेन्यू, एडवेंचर टूरिज्म स्पॉट, होमस्टे, थीमपार्क तथा अन्य पर्यटक व अतिथि इकाइयों में परिवर्तित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# सुब्रत रॉय पंचतत्व में विलीन, 16 साल के पोते ने मुखाग्नि दी, दोनों बेटों के नहीं आने का कारण स्पष्ट नहीं

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

सहारा समूह के संस्थापक सुब्रत राय की अंतिम यात्रा सहारा शहर से निकली तो बड़ी संख्या में राजनेता, फिल्मी हस्तियां और आम लोग मौजूद रहे। उनके पार्थिव शहर को भैंसाकुंड लाया गया जहां उनके पोते हिमांक ने मुखाग्नि दी। अंतिम यात्रा में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, कांग्रेस नेता राज बब्बर, कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी सहित फिल्म जगत की हस्तियां भी मौजूद रहे। इसके पहले सहारा शहर में अंतिम दर्शन के वीआईपी व सहारा कर्मचारियों का जमावड़ा लगा रहा। मुंबई के एक अस्पताल में गत दिवस सुब्रत रॉय का 75 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था। वह लंबे समय से कैंसर से पीड़ित



थे। चार्टर प्लेन के जरिये उनका पार्थिव शरीर लखनऊ के चौधरी चरण सिंह हवाईअड्डे पर शाम 4.10 बजे लाया गया। शव को परिजन काफिले के साथ गोमतीनगर स्थित सहारा शहर उनके आवास पर पहुंचे। यहां भारी सुरक्षा इंतजामों के बीच लोगों ने अंतिम दर्शन किए। अंत्येष्टि के लिए पार्थीव शरीर सहारा शहर से बृहस्पतिवार दोपहर दो बजे से रवाना किया जाएगा। बड़ी संख्या में सहारा शहर पहुंचे सहारा परिवार के कर्मचारी व अधिकारियों की आंखें रॉय के पार्थिव शरीर को देखते ही नम हो गईं। ये लोग उनसे जुड़ी यादें एक-दूसरे से साझा करते नजर आए।

### सोशल मीडिया पर याद किए गए सहाराश्री

सहाराश्री सुब्रत रॉय के निधन के बाद सोशल मीडिया पर सभी वर्ग के लोगों ने उन्हें याद किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रद्धांजलि देते हुए एक्स पर लिखा कि सहारा समूह के प्रमुख सुब्रत रॉय का निधन अत्यंत दुखद है। प्रभु श्रीराम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान व शोकाकुल परिवारीजनों को यह अथाह दुख सहने की शक्ति दें।

# 12 घंटे, 2 बड़े रेल हादसे, दरभंगा के बाद अब बिहार जा रही वैशाली एक्सप्रेस में लगी आग

जन एक्सप्रेस | इटावा

उत्तर प्रदेश के इटावा में बुधवार देर रात वैशाली एक्सप्रेस के एक कोच में आग लग गई। हादसे में 19 यात्री घायल हुए हैं। इनमें 11 की हालत गंभीर है। हादसा रात 2.30 बजे हुआ। उस वक्त ज्यादातर यात्री सो रहे थे। कोच में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। भगदड़ के बीच यात्रियों ने ट्रेन से कूदकर जान बचाई। ट्रेन दिल्ली से बिहार के सहरसा जा रही थी। इटावा में 12 घंटे से कम वक्त में ट्रेन में आग लगने की यह



दूसरी घटना है। इससे पहले बुधवार शाम 6 बजे नई दिल्ली-दरभंगा एक्सप्रेस (02570) के स्लीपर कोच एस-1 में आग लगी थी। यह हादसा सराय भूपत रेलवे स्टेशन के पास हुआ था। दोनों स्टेशनों के बीच की दूरी 6-7 किमी है। आग कैसे लगी यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। CO GRP ने बताया कि जांच के बाद ही इसका पता चल पाएगा। वैशाली एक्सप्रेस (12554) के स्लीपर कोच S-6 में लगी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक इटावा में फ्रेंड्स कॉलोनी रेलवे फाटक के पास यात्रियों ने बाथरूम के पास से धुआं उठता देखा। कुछ ही देर में पूरी बोगी में धुआं भर गया। कोई कुछ समझ ही नहीं पाया कि क्या हुआ। कोच में अफरा-तफरी मच गई। यात्री नींद से जागे तो उनका दम घुटने लगा। भगदड़ के कारण लोग बेहोश होकर गिरने लगे। जब ट्रेन में आग लगी, उस समय इटावा स्टेशन नजदीक था। ट्रेन की स्पीड भी करीब 25 किलोमीटर प्रति घंटे रही होगी। लोगों ने TTE को सूचना दी। इसके बाद ट्रेन को प्लेटफॉर्म के पहले ही आउटर पर रोका गया। इस दौरान मची भगदड़ के कारण कई यात्री घायल हो गए। जबकि दम घुटने के कारण कई की हालत गंभीर है। ज्यादातर लोग दम घुटने और भगदड़ के कारण घायल हुए हैं।







# एक तरफ पौधरोपण तो दूसरी ओर अवैध कटान, जंगल हो रहे वीरान

जन एक्सप्रेस FOLLOW-UP

✻ रेंजर ने जिले को बनाया मुख्यालय,कैसे होगी वनों की सुरक्षा ?

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



### रूकने को तैयार नहीं वनक्षेत्राधिकारी मारकुंडी

नवागंतुक वनक्षेत्राधिकारी मारकुंडी भाग 2 मो. नदीम रेंज परिसर मे रूकने के लिए बिल्कुल भी तैयार नहीं हैं। रेंजर साहब जिले मे रहकर तो जंगल की सुरक्षा करना असंभव होगा। यहां रात मे शिकार तो होता ही है,जंगल अंदर से लकड़ी, बालू और पत्थर से लोड ट्रैक्टर भी पास हो जाते हैं। ठंड के मौसम मे यदि रात्रि गश्त न किया गया तो ट्रेन से टकराकर विलुप्तप्राय वन्यजीवों की मौतें भी हो रही हैं। एसे मे तो रेंज आफीसर का यहां रहना अति आवश्यक है। अगर इसी तरह से चलता रहा तो वनों का अस्तित्व मिटने मे जरा भी देर नहीं लगेगी।

### बड़ी मात्रा मे हरे पेड़ों के साथ कटे पड़े बांस

विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इन दिनों जंगलों में व्यापक पैमाने पर हरे पेड़ कटे पड़े हैं। अगर जंगल का सघन निरीक्षण किया जाए तो हरे पेड़ों के कटान के साथ हरे बांसों का कटा जखीरा बड़ी मात्रा मे बरामद होगा। पहले पेड़ों को काटकर इकट्ठा कर लिया जाता है। इसके बाद मौका मिलते ही सांठगांठ कर चुपचाप माल को बाहर निकाल दिया जाता है।

### गांवों मे अनाज की होती वसूली

जो लोग जंगल से लकड़ी लेने और जानवरों को चराने ले जाते हैं, वनकर्मी बकायदा उनसे मार्च के महीने मे अनाज की वसूली करते हैं। इसके साथ ही वन भूमि पर खेती पाती करने वाले लोगों से वनकर्मियों का ठेका होता है। जितना अनाज व पैसा तय होता है,फसल कटने के बाद किसान वनकर्मियों तक पहुंचाते है। यह सब खेल रेंजर के इशारों पर होता है। सूखी लकड़ी के नाम पर हरे पेड़ों को काटा जाता है। हरे पेड़ों को काटकर गिरा देते हैं। हरा पेड़ एक साह में सूख जाता है। उसके बाद उठाकर बेंच देते हैं। लकड़ी रात के अंधेरे मे पिकअप और ट्रैक्टरों से ले जाया जाता है। इनसे वनरक्षकों से सांठगांठ है। कुछ लोग बोरे में लकड़ी भरकर ट्रकों से शहर में ले आते हैं। जंगलों की अंधाधुंध कटान से कई जंगल खत्म होने के कगार मे हैं।

रानीपुर टाइगर रिजर्व को विकसित करने सरकार एक तरफ जहां करोड़ों रूपये खर्च कर रही है। तो वहीं दूसरी ओर रातदिन जंगल का सफाया किया जा रहा है। अब ऐसे मे टाइगर रिजर्व विकास की रफ्तार कैसे पकड़े पाएगा। कई एकड़ जंगल कट चुका है। वन विभाग ने जहां दशकों पूर्व प्लांटेशन किया था। वहां आसपास के किसान खेती करना शुरू कर दिए हैं। धीरेधीरे जंगल का दायरा कम होता चला जा रहा है। रानीपुर टाइगर रिजर्व के वन रेंज मारकुंडी द्वितीय में धुंआधार हरे पेड़ों की कटाई हो रही है। ददरी, रुख्मा, पचपेड़ा, भेड़ा, जमुनिहाई, टिकरिया, अमरावती, सती अनुसुइया, गुरसराय आदि जंगल खोखला होने की कगार पर पहुंच चुके हैं। जंगलों को साफकर वन भूमि मे खेती तो की ही जा रही है,वन विभाग की जमीन में बंधियां भी बनाई जा रही हैं। लेकिन विभागीय अधिकारी बेखबर बने हुए हैं। जंगल में मुख्यरूप से खैर, तेंदू, सेझा, धवा, आंवला, चार, महुआ बकाइन व बांस के पेड़ हैं। इनके अलावा अर्जुन, सागवन व मकोई की झाड़ियां हैं। जंगलों में हरे पेड़ों की कटाई नहीं थम पा रही है। जंगल लगातार वीरान होते जा रहे हैं। हरे पेड़ों की कटाई को रोकने के लिए जिम्मेदार अधिकारी अपनी आंखें बंद किए बैठे हैं। उन्हें पेड़ों की सुरक्षा की तनिक भी चिंता नही है। तभी तो दूर से घने दिख रहे जंगल अब पूरी तरह से खोखले हो गये हैं। इसके बाद भी विभाग के आलाअधिकारी मौके की हकीकत न देखकर कागजों मे वनों की सुरक्षा की भरपूर कवायद मे जुटे हुए हैं।

नवागंतुक रेंजर मो. नदीम ने रेंज कार्यालय को आवास बनाने के बजाय जिले को अपना मुख्यालय बना लिया है। एसे मे वनों की सुरक्षा बेहद मुश्किल है। रातदिन कटते जंगलों से पर्यावरण का भारी नुकसान हो रहा है। जिसके वलते पर्यावरण के असंतुलन से गंभीर समस्याएं उत्पन्न होंगी।

## बाइक चोरी के मामले में दो आरोपियों को तीन-तीन वर्ष की कैद

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** बाइक चोरी के मामले में न्यायालय ने दो आरोपियों को तीन-तीन वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोनों को 20-20 हजार रूपए अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि बीती 14 मई 2015 को कर्वी कोतवाली के उप निरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद ने फर्जी नम्बर प्लेट वाली चोरी की बाइक के साथ पहाड़ी थाना क्षेत्र के नहरा गांव के निवासी अखिलेश उर्फ कुमकुम पुत्र राधेकृष्ण उपाध्याय और कर्वी के तरौंहा निवासी राजा उर्फ छोटू कुशवाहा पुत्र सोहनलाल को गिरफ्तार किया था। इस मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरूद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद गुरूवार को अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम ने निर्णय सुनाया।

## 9 दिसम्बर को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट




उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आगामी 9 दिसम्बर को जनपद न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। जिसके सम्बन्ध में गुरूवार को परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश कृष्ण यादव की अध्यक्षता एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला जज फार्रुख इनाम सिद्दीकी की उपस्थिति में पारिवारिक वादों के अधिक से अधिक निस्तारण के लिए पारिवारिक मामलों को संचालन करने वाले अधिवक्तागण के साथ प्री-ट्रायल बैठक की गई।

प्री-ट्रायल बैठक में वादों के साथ न्यायालय में लम्बित मामलों को भी सुलह समझौते से निपटाने पर विशेष बल देते हुये प्रधान न्यायाधीश कृष्ण यादव ने कहा कि लोक अदालत का उद्देश्य विवादों का सौहार्दपूर्ण समाधान है। पक्षकारों के मध्य सुलह समझौते के माध्यम से विवादों का निपटारा करने से विवाद का अन्तिम रूप से निस्तारण हो जाता है। साथ ही दोनों ही पक्ष सुखी रहत है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव फार्रूख इनाम सिद्दीकी ने आगामी 9 दिसम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक पारिवारिक विवादों का सुलह समझौते के माध्यम से निस्तारण पर बल दिया। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सत्य हरण यादव ने कहा कि पारिवारिक विवाद पारिवारिक विघटन को जन्म देता है। अतः पारिवारिक विवादों को सुलह समझौते के माध्यम से निपटारा करने से न की विवादों का निपटारा होता है, बल्कि समाज में सौहार्द भी बनता है।

इस मौके पर काउंसलर राधादेवी, अधिवक्ता अनिल श्रीवास्तव, राजाराम सिंह, सचिन श्रीवास्तव, राजकुमार यादव, विकास श्रीवास्तव, देवेन्द्र कुमार पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## संयुक्त सचिव ने ली भारत संकल्प यात्रा सम्बन्धी बैठक

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट




संयुक्त सचिव भारत सरकार दीपक अग्रवाल की अध्यक्षता एवं जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की उपस्थिति में 15 नवंबर से 26 जनवरी 2024 तक विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल आयोजन के सम्बन्ध में कलेक्टरेट सभागार में बैठक हुई।

संयुक्त सचिव भारत सरकार दीपक अग्रवाल ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत प्रदेश की नगर निकायों में सक्रिय जन भागीदारी के माध्यम से जन सुविधाओं व सरकारी योजनाओं का लाभ सबसे कमजोर वर्ग के लोगों तक प्रभावित ढंग से पहुंचे। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की जो योजनाएं हैं, उनके बारे में जागरूक करना एवं पात्र लाभार्थी को आच्छादित करना है। उन्होंने कहा कि ग्राम स्तर पर विभिन्न योजनाओं का इंस्टॉल लगाया जाएगा। उन्होंने कहा की पात्रता का निर्धारण उचित प्रकार से हो, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न की जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक तहसील पर मॉनिटरिंग के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा, जो चलाए जा रहे हैं विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा करेंगे। उन्होंने सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्टाल के लिए नोडल अधिकारी भी नामित किए जाएं। कहा कि इस कार्यक्रम द्वारा सभी समाज के लोगों को लाभ प्राप्त हो सके।

साथ ही पात्र व्यक्ति जो छूट गए हैं, उनका चयन करके लाभ प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा हर गांव में जाएगी, जिसका उद्देश्य अधिक से अधिक पात्र व्यक्ति को जागरूक कर लाभ प्रदान करना है। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल आयोजन के लिए सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं को सेचुरेट करके विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान योजनाओं के विषय में आम जनमानस, ग्रामीणों को जागरूक कर लाभान्वित किया जाए।

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व को निर्देशित किये कि अधिशासी अधिकारी चेयर माइक साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित कराएंगे। उन्होंने कहा कि जहां भी स्टार लगेंगे, वहां कम से कम पांच स्टार लगाया जाए।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व वंदिता श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी कर्वी सौरव यादव, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मानिकपुर रामजन्म यादव, मऊ राकेश कुमार पाठक, जिला विकास अधिकारी राजकुमार त्रिपाठी, उप कृषि निदेशक राजकुमार, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने किसान दिवस पर सुनी किसानों की समस्याएं

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में गुरूवार को किसान दिवस का आयोजन कलेक्टरेट सभागार में हुआ। जिसमें किसानों की समस्याओं को सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा समस्या का निस्तारण के निर्देश दिए गए। किसान यूनियन के अध्यक्ष राम सिंह राही ने बताया कि अन्ना प्रथा पर समस्या अभी बनी हुई है, किसानों की जीविका खेती ही है। उन्होंने जिलाधिकारी से कहा कि एक कमिटि बनाई जाए, जिससे इसका निदान कराया जाए। उन्होंने कहा कि इसके निदान के लिए ब्लॉक वार किसानों को रखा जाए। उन्होंने कहा कि सचिव, प्रधान की भी जिम्मेदारी तय किया जाए, जिससे धरातल की समस्या समाप्त हो सके। उन्होंने उर्वरक की उपलब्धता पर कहा कि कई दुकानें ऐसी है, जो मानक विहीन है। उन्होंने जमीन रजिस्ट्री के बारे में बताया कि वहां पर किसानों से अधिक पैसा लिया जा रहा है, सम्बन्धित अधिकारी बैठक में उपस्थित नहीं रहते हैं, जिससे कि निस्तारण नहीं हो पता है।

जिलाधिकारी ने कहा कि जो समस्या है, उस पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अवशेष अन्ना पशुओं को गौशालाओं में कराया जाएगा। इस पर लगातार मीटिंग होती है एवं नोडल अधिकारी भी नामित है। उन्होंने कहा कि विकासखंड में समितियां बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि पशु बाहर से नहीं आ रहे हैं, यह पशु यही के किसानों के हैं। इसमें सभी का अपेक्षित सहयोग होना चाहिए। उन्होंने कहा कि गौशाला भी कम है, इसमें सभी लोग पशु छोड़ते रहेंगे तो ऐसे नहीं चलेगा। उन्होंने उर्वरक के सम्बन्ध में कहा कि सभी समितियां पर उर्वरक भेजी जाएगी एवं मानक विहीन उर्वरक के सम्बन्ध में उन्होंने जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित किया की टीम बनाकर जांच कर आवश्यक कार्यवाही करें। जिलाधिकारी ने आपदा से हुए किसानों के नुकसान में कहा कि में जो भी सही रहेगा, उसको कंपनियों द्वारा राहत राशि दिलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके कुछ मानक होते हैं, जो कुछ किसानों को जानकारी नहीं रहती, आप लोग बीमा कंपनियों को टोल फ्री नंबर 20 पर बात कर रजिस्ट्रेशन करानें पर ही प्रक्रिया प्रारंभ होती है।

## किसानों के उत्पीड़न पर भाकियू ने भारी हुंकार

**जन एक्सप्रेस/फतेहपुर।** बहुआ विकास खंड के दसवां मील में भारतीय किसान यूनियन टिकैट गुट ने महापंचायत का आयोजन किया। जिसमें पहुंचे युवा प्रदेश अध्यक्ष अनुज सिंह ने कहा कि किसानों का उत्पीड़न किसी भी सूरत में संगठन बर्दाश्त नहीं करेगा। किसानों का शोषण बंद न हुआ तो प्रदेश सरकार के खिलाफ आर-पार की लड़ाई लड़ी जायेगी। इससे पहले युवा प्रदेश अध्यक्ष का कार्यकर्ताओं व किसानों ने स्वागत भी किया। भारतीय किसान यूनियन टिकैट गुट की महापंचायत में प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, मंडल उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह पटेल के अलावा जिलाध्यक्ष अशोक उत्तम ने भी शिरकत किया। महापंचायत में मुख्य अतिथि के रूप में युवा प्रदेश उपाध्यक्ष अनुज सिंह ने शिरकत किया। सर्वप्रथम सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनका माला पहनाकर स्वागत किया।

## देश का भविष्य नवयुवक व किशोर नशे का हो रहा आदी

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर



गांव की गलियों व नगर क्षेत्र में बिक रहे नशीले पदार्थ युवाओं की जिंदगी तबाह कर रहे हैं। प्राथमिक शिक्षा लेने वाले किशोर को भी गांजे का कश लगते देखा जा सकता है। हाई क्लास सोसाइटी में जहां नशा एक फैशन बन गया है वहीं गरीबों की बस्तियों में रहने वाले नव युवा बीड़ी सिगरेट के अंदर गांजा भरकर कश लगते खुलेआम देखे जा रहे हैं।

वही कस्बे के कुछ मोहल्ले में घरों से गांजा का अवैध कारोबार किया जा रहा है। नौबस्ता हाईवे किनारे, गदाई मोहल्ला, रामनगर, मानू का पुरवा, बैरागी का पुरवा, नई बाजार, गढ़ी मोहल्ला, संग्रामपुर चौराहा, टेसाही किशनपुर स्टेशन रोड समीप आदि प्रमुख स्थानों पर अवैध कारोबार फल-फूल रहा है। हालांकि इन पर प्रतिबंध तो लगा पाना संभव नहीं है लेकिन जिस पदार्थ की बिक्री पर शासन ने रोक लगा रखी है उसकी बिक्री भी प्रतिबंधित नहीं हो पा रही है। गांजा की पुड़िया गांव की गलियों में खुलेआम बेची जा रही है। सामाजिक मर्यादाओं के बंधन में बंधे होने के कारण ज्यादातर युवा गांजा का नशा कर रहे हैं तो उससे बचने वाले युवा दवाइयां का सेवन करने लगे हैं।

लोगों की माने तो यह कारोबार पुलिस के संरक्षण में फल फूल रहा है। अक्सर देखा जाता है कि नशे के आदी व्यक्ति कभी भी चिलम सुलगाने लगते हैं, चाहे वह सार्वजनिक स्थान हो या फिर खुला मैदान। अब तक एक भी नशे के कारोबारी पर प्रशासनिक चाबुक नहीं चल पाया है। गांव-गांव तक फैले नशे के व्यापारी तेजी से लोगों के बीच नशा बांट रहे हैं। इस अवैध व्यापार को रोकने के लिए नारकोटिक्स एक्ट बनाया गया है, लेकिन पुलिस व आबकारी विभाग गांजा की बिक्री पर अंकुश नहीं लगा पा रहा है। नशा कारोबारी की माने तो प्रतिदिन लगभग हजारों का गांजा बिक रहा है। नशे के कारोबार पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का प्रयास किया जा रहा है। बेंचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति गांजा बेंचते पकड़ा गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई किया जाएगा।

## 21 को जनपद आयेंगे योगी राज शक्तिपुत्र: रमेश चंद्र

**जन एक्सप्रेस/फतेहपुर।** धर्म सम्राट युग चेतना पुरूष परमहंस योगीराज शक्तिपुत्र जी महाराज 20 नवंबर को अपने सिद्धाश्रम धाम से वाहनों के जरिये निकलेंगे। 21 नवंबर को जिले की सीमा में प्रवेश कर मलवां विकास खंड के भदबा गांव पहुंचेंगे। जहां 22 व 23 नवंबर को ग्रामीणों के साथ-साथ शिष्यों व भक्तों को आशीर्वाद प्रदान कर जनसंपर्क एवं ग्राम संवाद करेंगे। यह बात केंद्रीय प्रवक्ता रमेश चंद्र मिश्रा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। उन्होने बताया कि भगवती मानव कल्याण संगठन एक अखिल भारतीय रजिस्टर्ड जन कल्याणकारी आध्यात्मिक संगठन है। जिससे देश के करोड़ो लोग जुड़े हुए हैं। संगठन समाज में आपसी भाईचारा बनाने व नशे, मांस से मुक्त परोपकारी, पुरूषार्थी, चरित्रवान एवं चेतनावान समाज के निर्माण के साथ ही जाति भेद, छुआछूत, साम्प्रदायिकता आदि सामाजिक बुराईयो को दूर करके सभी जाति, धर्म, सम्प्रदाय को एक सूत्र में पिरोता है।

## सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के विरूद्ध दर्ज होगा मुकदमा : हिंदू महासभा

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर



अखिल भारत हिंदू महासभा ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व विधान परिषद सदस्य स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला दहन पटेल नगर चैराहा पर किया। महासभा के आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने स्वामी प्रसाद मौर्य के रामचरितमानस सनातन धर्म और अब हिंदू महासभा पर दिये गये विवादित बयान की कटु निंदा किया।

बताते चलें कि स्वामी प्रसाद मौर्य ने प्रयागराज जनपद के कोरांव में कहा कि देश का बंटवारा जिन्ना ने नहीं हिंदू महासभा तथा वीर सावरकर ने कराया था। इस बयान के बाद से हिंदू महासभा के कार्यकर्ताओं में खासी नाराजगी व्याप्त है। पुतला दहन का नेतृत्व कर रहे महासभा के प्रदेश महामंत्री मनोज त्रिवेदी ने प्रदेश की सत्ताधारी भाजपा को भी कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य लगातार सनातन धर्म रामचरितमानस, देवी देवताओं पर विवादित बयान दे रहे हैं लेकिन सरकार उसको गिरफ्तार क्यों नहीं कर रही है। अब तक स्वामी के घर बुलडोजर क्यों नहीं चला। चुनाव में लाभ और हानि देखकर निर्णय किया जा रहा है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होने कहा कि महासभा के कार्यकर्ता सदर कोतवाली में सपा नेता के विरुद्ध रिपोर्ट लिखवाएंगे। पुतला दहन में रामगोपाल शुक्ला, गजेंद्र मोर, स्वामी राम आसरे आर्य, करण सिंह पटेल, शशिकांत मिश्रा, श्रवण कुमार, डॉ प्रमोद पांडेय, संतोष नेता, शिवाकांत तिवारी, राजा राम मौर्य, संगीता गुप्ता, नीलम यादव, पुष्पा गुप्ता, राधेश्याम साहू, सोनू गौतम भी मौजूद रहे।

## ईनाम घोषित होते ही दहेज हत्या के अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस । बांदा

महिला दहेज हत्या में वांछित अपराधी पर पुलिस द्वारा बुधवार को 20 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया गया था। ईनाम की घोषणा के दूसरे दिन गुरूवार को अपराधी पवन गुप्ता को कोतवाली नगर पुलिस ने संकट मोचन मंदिर के पास गिरफ्तार कर लिया है।

गौरतलब हो कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के छावनी मुहल्ले में महिला की दहेज हत्या मामलें में मृतिका के पिता की तहरीर पर थाना कोतवाली नगर पर अभियोग मु0अ0सं0- 810/23 धारा 498ए/304बी भा0द0वि0 व 3/4 डीपी एक्ट पंजीकृत किया गया था।

अभियुक्तों की जल्द गिरफ्तारी के क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा मृतिका के पति पवन कुमार गुप्ता पर 20 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया गया था। थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा अभियुक्त पवन गुप्ता पुत्र रमाशंकर गुप्ता को संकट मोचन मंदिर थाना कोतवाली नगर के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्र0नि0 अनूप कुमार दुबे, व0उ0नि0 कृष्णदेव त्रिपाठी, कां0 कुलदीप, कां0 देवेन्द्र यादव, म0कां0 माला शामिल है।

## कार की टक्टर से युवक की हुई मौत

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** ससुराल से वापस घर लौट रहे युवक को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन समेत चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

चित्रकूट जिला के सीतापुर कुशवाहा बस्ती निवासी रज्जू कुशवाहा (30) पुत्र श्रीकेशन कुशवाहा अपनी ससुराल कालिंजर साले के पुत्र के बरहौ संस्कार में सामिल होने गया था। बुधवार की शाम वह बाइक से वापस घर लौट रहा था। तभी बदौसा थाना क्षेत्र के दुवरियां गांव के पास सामने से आ रही कार ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद वाहन समेत चालक मौके से फरार हो गया। हादसा को देख मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने उसे नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया।

## युवक की बाइक से गिरकर मौत

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** पेट में दर्द होने के बाद बाइक से इलाज करवाने जा रहा युवक बाइक अनियंत्रित होकर गिर जाने से घायल हो गया। उसे नजदीक के अस्पताल ले जाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घर वालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कालिंजर थाना क्षेत्र के सढा गांव निवासी संतोष (35) पुत्र हीरालाल ने बुधवार की शाम अपने मौसेरे भाईयो के साथ मुर्गा पार्टी किया। पार्टी होने के काफी देर बाद संतोष के पेट में दर्द होने लगा। पहले तो घर वालो ने उसका घरेलू इलाज किया। हालत में सुधार न होने पर वह अपने चचेरे भाई रामशरण के साथ बाइक मे बैठकर इलाज करवाने जा रहा था। तभी मौकछ चैकी के समीप बाइक आनियंत्रित होकर गिर पड़ी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे नजदीक के अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज होने से पहले उसने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के भतीजे भइया लाल ने बताया कि संतोष दिल्ली में रह कर पेंट का काम करता था। वह दीपावली का त्यौहार मनाने के लिए गांव आया था। मृतक चार भाईयो में छोटा था। उसकी पत्नी आठ साल पहले चली गई थी।

## युवती का कुएं में उतराता मिला शव

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** मानसिक रूप से परेशान युवती ने खेत स्थित कुएं में छलांग लगाकर खुदकुशी कर ली। अतर्रा थाना क्षेत्र के पचोखर निवासी आरती (19) पुत्री शिवरतन कुशवाहा बुधवार दोपहर खेत जाने की बात कहकर घर से निकल गई थी। शाम तक जब वह घर नहीं लौटी तो घरवालों ने उसकी खोजबीन की। कुएं के समीप देखा तो उसकी चप्पल पड़ी थी। कुएं में झांककर देखा तो उसका शव पानी में उतरा रहा था। शव देखते ही घर वालों में चीख पुकार मच गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के भाई अमृतलाल ने पुलिस को दी सूचना में बताया कि बहन मानसिक रूप से परेशान रहती थी। उसे मिर्गी भी आती थी। इलाज भी चल रहा था। बीमारी से परेशान होकर उसने कुएं में छलांग लगाकर जान दे दी।

## बढ़ रही है मच्छरों की संख्या, नहीं हो रही है फॉगिंग

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** मलेरिया विभाग कुंभकर्णी नींद में है, इसके चलते फागिंग नहीं होने से मच्छरों का झुण्ड शाम ढलते ही मंडराने लगता है, जिसके कारण मलेरिया और डेंगू फैलने की आशंका से लोग परेशान है। महकमे के जिम्मेदारों को कोसते नहीं थकते है। स्थानीय जनो ने प्रतिक्रिया व्यक्त कर नाराजगी जताई है। आवास विकास कालोनी से वनविभाग और राजीव नगर तथा शांतिनगर व बिजलीखेडा के अतिरिक्त बंगालीपुरा व शंकर नगर और छोटी बाजार के साथ ही निम्नीपार, मढियानाका, खुटला, रहुनिया राजघाट रोड, छाबीतालाब, बलखण्डी नाका, कटरा, क्योटरा, कंचनपुरवा, जेलरोड शंभूनगर, स्वराज कालोनी आदि स्थानो में शाम से देररात तक मच्छरो की धमाचौकड़ी नें लोगो का जीना हराम कर दिया है। कटरा के मनोज शुक्ला तथा राकेश सिंह व अधिवक्ता पप्पू सिंह का कथन है कि मलेरिया महकमें के जिम्मेदार और विभागीय कर्मियो के उदासीनता के चलते लंबे समय से फागिंग नही कराई जा रही है भले ही यहां के वाशिंदो को जानलेवा रोगो से ग्रस्त होकर त्रस्त होना पड़े।

## शॉर्ट सर्किट से दुकान में लगी आग से लाखों का नुकसान



जन एक्सप्रेस । बांदा

बबेरू कस्बे के औगासी रोड के आवासीय विद्यालय के पास गुड्डू ऑटो पार्ट्स की दुकान में शार्ट सर्किट से आग लग जाने से लगभग 15 से 20 लख रुपए का सामान जल का खाक हो गया। पीड़ित परिवार ने आर्थिक सहायता दिलाए जाने की मांग किया। कस्बे के औगासी रोड आवासीय विद्यालय के बगल में गुड्डू ऑटो सर्विस सेंटर की दुकान में निवासी रामकिशुन पुत्र रामनिहोर की दूकान शाम लगभग 6:30 बजेसे शार्ट सर्किट से आग लग जाने से नगदी ढाई लाख सहित जनरेटर आयल 40 पेटी, धुलाई मशीन गाड़ी बनाने वाले पार्ट्स गाडी महंगे सामान सहित लगभग 15 से 20 लाख रुपए का नुकसान बताया गया। रामकिशुन अपनी पत्नी को लेकर ससुराल नरैनी रिढोरा गांव गया हुआ था घर में कोई नहीं था बगल में रह रहे भाई थे। उन्होंने तत्काल फायर बिगड़ को सूचना दी। मौके ने पहुंची फायर आग मे काबू पाया। तब तक पूरा सामान जल का खाक हो गया। कोतवाली प्रभारी पंकज सिंह कस्बा इंचार्ज तुषार श्रीवास्तव मौके में पहुंच गये और सटर तोड़कर आग बुझया।

janexpressnews janexpresslive janexpresslive

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस। लखनऊ। शुक्रवार। 17 नवंबर 2023



**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं दिनाँक 16-20 सितम्बर, 2023 के मध्य तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 27.6 (-0.4)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 12.2 (-0.6)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 95 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 50 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 1.2 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

बिठूर में कार्तिक पूर्णिमा मेले को लेकर तैयारी शुरू

# 27 नवंबर को बिठूर में लगेगा कार्तिक पूर्णिमा का मेला



**जन एक्सप्रेस। सनी राव मोघे**

कानपुर नगर। कार्तिक मास हिंदू धर्म का महत्वपूर्ण महिना माना जाता है। इस महिने में दिवाली, छठ पर्व, भाई दूज, गोवर्धन पूजा आदि जैसे कई खास व्रत व त्योहार पड़ते हैं। कार्तिक मास में ही बिठूर में वर्ष का सबसे बड़ा मेला भी लगता है जिसमें कानपुर के अलावा अन्य शहरों से लाखों श्रद्धालु गंगा स्नान करने के लिए पहुंचते हैं। मेले के अंतिम दिन देव दीपावली मनाई जाती है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन स्वर्गलोक से देवी-देवता मृत्यु लोक पर आते हैं। इसलिए इस दिन को उत्सव की तरह ही मनाया जाता है। इस साल कार्तिक पूर्णिमा सोमवार 27 नवंबर 2023 को पड़ रही है। जिला प्रशासन की ओर से कार्तिक पूर्णिमा को सफलता पूर्वक निपटाने के लिए तैयारी शुरू हो गई है। पूजा सम्पन्न की जायेगी।

### कार्तिक पूर्णिमा का धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व

कार्तिक पूर्णिमा के दिन का धार्मिक और आध्यात्मिक रूप में विशेष महत्व है। इसलिए इस पवित्र और शुभ दिन पर लोग नदी स्नान, दान, पूजा, अनुष्ठान और दीपदान आदि करते हैं। लेकिन शास्त्रों में कुछ ऐसे कामों के बारे में भी बताया गया है, जिसे कार्तिक पूर्णिमा के दिन करना वर्जित होता है. आइये जानते हैं कार्तिक पूर्णिमा के दिन कौन से कार्य करें और किन कामों को करने से बचें।

### कार्तिक पूर्णिमा के दिन यह जरूर करें काम

सूर्योदय से पूर्व स्नान :कार्तिक पूर्णिमा के दिन सूर्योदय से पहले ब्रह्ममुहूर्त में उठकर किसी पवित्र नदी में स्नान करने का महत्व है। मान्यता है कि, कार्तिक पूर्णिमा के दिन किए गए नदी स्नान से सारे पापकर्म धुल जाते हैं, रोग-दोष दूर होते हैं और 100 राजसूई अश्वमेध यज्ञ के बराबर फल की प्राप्ति होती है।

### दान करें

कार्तिक पूर्णिमा के दिन के स्नान और पूजा के बाद अपने सामर्थ्यनुसार गरीबों में दान-दक्षिणा जरूर करें। इससे पुण्य मिलता है, इस दिन आप अन्न, फल, तिल, चावल, आवंला, पैसे आदि का दान कर सकते हैं। साथ ही कार्तिक पूर्णिमा के दिन ब्राह्मण, बहन और बुआ को भी भेंट देने का महत्व है।

# दीवाली पार्टी में जमकर मचाया धमाल

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



बीते दिन गुरूवार को शहर में खुशहाल बेटियां खुशहाल समाज समिति की राष्ट्रीय अध्यक्ष एकता मिश्रा एडवोकेट के घर पर दीपावली की पार्टी रखी गई जिसमें संस्था के सभी सदस्य एक साथ एकत्रित हुए। पार्टी में दिवाली गेम लक्ष्मी शुक्ला की तरफ से थे जिसमें पहले गेम में साधना दीक्षित दूसरे गेम में रामेंद्र अरोरा प्रतिभा दीक्षित विजयी रहीं। जिनको लक्ष्मी भाभी ने बहुत ही सुंदर-सुंदर उपहार दिए। रमिंदर अरोरा ने बहुत ही स्वादिष्ट इडली सांभर अपने हाथों से बनाकर सभी को खिलाई। साधना दीक्षित बहुत ही स्वादिष्ट बाटी चोखा सभी के लिए बना कर लाई थी ।सरिता गुप्ता भाकोसा और पानी के बतासे लेकर आई समीक्षा मिश्रा दही बड़ा मटर चाट बनाकर लेकर आई सभी लोग ने एक साथ बैठकर प्रेम से खाया और एंजॉय किया। नीता सभी के लिए ड्राई फ्रूट्स लाई थी। प्रतिभा दीक्षित भी सभी के लिए बर्फी लाई। स्मृति टंडन ने सभी को ताश खिलाकर दिवाली पार्टी को और आनंदित बना दिया जिसमें नीरजा श्रीवास्तव दोनों बार जीती। पार्टी में डॉ प्रीति सिंह, समीक्षा मिश्रा, कामिनी दीक्षित, डॉक्टर अपर्णा शुक्ला, अर्चना मिश्रा, हरविंदर कौर, नीता मिश्रा आभा दुबे, स्मृति टंडन, सरिता गुप्ता राधा रानी, ज्योत्सना चंदेल, रसना सिंह आदि लोग उपस्थिति रहे।

## गोल्डी उद्योग समूह के स्वचालित पैकेजिंग प्लांट का अवनीश अवस्थी ने किया उद्घाटन



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

भारतीय रसोई की शान तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुके गोल्डी उद्योग समूह द्वारा एक और स्वचालित पैकेजिंग प्लांट की स्थापना दादानगर स्थित फैक्ट्री में की गई जिसका उदघाटन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सलाहकार अवनीश अवस्थी द्वारा किया गया। ये हाई स्पीड मशीन है जो गोल्डी मसाले से भरे डिब्बों को एक साथ सैंकड़ों डिब्बे पैक कर देती है। अवनीश अवस्थी ने गोल्डी मसाले की फैक्ट्री का भी अवलोकन किया। फैक्ट्री की व्यवस्था एवं उसकी स्वच्छता को देखकर गोल्डी के निदेशकों, कार्यरत कर्मचारियों की प्रशंसा की तथा उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास में गोल्डी उद्योग समूह के महत्व को भी बताया कि किस तरह गोल्डी उद्योग समूह उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से गोल्डी उद्योग समूह के निदेशक आकाश गोयनका, श्री सुदीप गोयनका, शुभम गुप्ता, आंचल गोयनका, कुंवर सेठ, आदित्य बरासिया तथा अन्य लोग उपस्थित रहे।

## विवाहिता फांसी के फंदे पर झूली, मौत

**जन एक्सप्रेस। बिल्हौर ब्यूरो**

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के उत्तरीपुरा चौक के अंतर्गत माननिवादा गांव में रेनू पत्नी श्याम सिंह कुशवाहा उम्र करीब 25 वर्ष समय करीब 400 बजे अपने घर के अंदर छत पर बने लोहे के जाल में साड़ी से लटक कर फांसी लगाकर अज्ञात कारणों से आत्महत्या कर ली गई है। शादी को अभी 6 साल हुए हैं। दो बच्चे हैं कुणाल उम्र 5 वर्ष तथा सिद्धार्थ उम्र 1वर्ष। मृतका का मायका ग्राम भटपुरा थाना शिवराजपुर में है। पिता खेमराज तथा उसके भाई को सूचना कर दी गई है। देर शाम फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर परीक्षण करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए पंचनामा भरकर भिजवा दिया गया है उत्तरीपुरा चौकी इंचार्ज ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# योगी सरकार प्रतिभावान खिलाड़ियों को दे रही है बेहतरीन तोहफा : अवनीश अवस्थी

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**




शहर के आर्य नगर में कानपुर जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन एवं द स्पोर्ट्स हब के संयुक्त तत्वाधान में 70 वीं टी एस एच स्टैग ग्लोबल यूपी स्टेट टेबल टेनिस चैंपियनशिप प्रतियोगिता के आयोजन का शुभारंभ हो गया है। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से खिलाड़ियों ने भाग लिया है। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने किया। इस दौरान श्री अवस्थी ने बताया कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रतिभावान खिलाड़ियों को बेहतरीन तोहफा दे रही है,राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी देने का प्रावधान किया गया है, यूपी सरकार की जो नई खेल नीति आई है, उसमे सीधे खिलाड़ियों को डिप्टी एसपी तक बनाने की व्यवस्था की गई है,उन्होंने बताया की बहुत से खिलाड़ियों को राज्य सरकार ने पुलिस विभाग में स्थान दिया है,इसलिए खेल और खिलाड़ियों को देश का नाम पूरे विश्व में रोशन करने के लिए यह बहुत ही अच्छा अवसर है।

### टेबल टेनिस में आजमाए हांथ

मुख्यमंत्री के निजी सलाहकार अवनीश अवस्थी कानपुर में बने द स्पोर्ट्स हब में आयोजित 70वी टीएसएच स्टैग ग्लोबल यूपी स्टेट टेबल टेनिस चैम्पियनशिप के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए ,उन्होंने उद्घाटन करने के बाद टेबल टेनिस पर अपने हाथ आजमाए, कार्यक्रम के दौरान उन्होंने टीएसएच के बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल प्रतिभा को निखारने की जरूरत है, इसलिए यूपी सरकार इस दिशा में काम कर रही है।

### सूचना

मैंने अपना नाम लता मिश्रा से बदलकर रागिनी मिश्रा रख लिया है। भविष्य में मुझे रागिनी मिश्रा पत्नी राजेश कुमार मिश्रा के नाम से जाना जाए।

सूचनाकर्त्री
रागिनी मिश्रा पत्नी
राजेश कुमार मिश्रा
106/291 गांधी नगर
जवाहर पार्क
कानपुर :208012

# कानपुर प्रांत के संघ चालक ज्ञानेन्द्र सचान का निधन

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

शहर के रावतपुर गांव में रहने वाले ज्ञानेन्द्र सचान बचपन से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में जुड़कर शाखा में जाते थे। शैक्षणिक कार्य पूरा होने के बाद रामलला इंटर कालेज में शिक्षक बने और वहीं से प्रधानाचार्य पद से सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्त के बाद भी आरएसएस से बराबर जुड़े रहे और वर्तमान में कानपुर प्रांत के संघ चालक पद की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। बेटे प्रवीन ने बताया कि गुजरात के भुज में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की बैठक में गये थे और वहीं पर उनके गुर्दे में तकलीफ हुई। इसके बाद उन्हे अहमदाबाद के एक निजी असप्ताल में भर्ती कराया गया और गुरुवार को दोपहर में देहावसान हो गये। बताया कि शुक्रवार को सुबह आठ बजे उनका पार्थिव शरीर रावतपुर निवास पहुंच जाएगा जहां पर अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। प्रांत संघ चालक के निधन की खबर सुनते ही स्वयंसेवक उनके आवास पहुंचने लगे और परिजनों को सांत्वना दे रहे हैं। लंबे समय तक क्षेत्र संघ चालक वीरेन्द्रजीत सिंह के साथ उन्होंने कार्य किया। क्षेत्र संघ चालक ने कहा कि उनका बहुत ही सहज सरल स्वभाव रहा और संघ के कार्यों को दिल से करते थे। भगवान से प्रार्थना है कि इस दुखद घड़ी में इस असहनीय कष्ट को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## अधिवक्ता पर जानलेवा हमले से आक्रोश

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

साथी अधिवक्ता पर हुए जानलेवा हमले के विरोध में गुरुवार को अधिवक्ता एकजुट हुए और प्रदर्शन करते हुए पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। अधिवक्ताओं का कहना है कि दबंग हमलावरों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज हो और जल्द उनकी गिरफ्तारी की जाये। कानपुर लॉयर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष पंडित रविन्द्र शर्मा के नेतृत्व में गुरुवार को पदाधिकारियों व सदस्यों ने कचहरी में पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन कर जमकर नारे बाजी की। दरअसल बुधवार को कानपुर के जूही थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक अधिवक्ता राम नवल कुशवाहा के ऊपर दबंगों ने हमला कर दिया था जिसमें वह गंभीर हालत में हैलट हास्पिटल में भर्ती हैं। प्रदर्शन करते हुए अध्यक्ष रविंद्र शर्मा ने बताया कि अधिवक्ता के इस मामले में जूही पुलिस ने दबंगो के खिलाफ हल्की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। इस बात पर जब उन्होंने जूही इंस्पेक्टर से बात की तो इंस्पेक्टर ने कहा कि अधिकारियों का दबाव है। इसी के संबंध में उन्होंने ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर से बात करके आरोपियों के खिलाफ हत्या करने का प्रयास जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। कानपुर लॉयर्स एसोसिएशन अध्यक्ष ने कहा कि अगर अधिवक्ताओं को साथ ऐसा ही होता रहा तो वह सभी सड़कों पर प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे और हड़ताल कर देंगे।

# तीन हत्यारों को सजेती पुलिस ने दबोचा

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

सजेती थाना क्षेत्र के कोहरा गांव में बुजुर्ग पर हुआ जानलेवा हमला एवं फिर इलाज के दौरान हुई बुजुर्ग की मौत के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में पता चला है कि विवाद के बाद बुजुर्ग को चाकुओं से गोद कर मौत की नींद सुलाया गया। घाटमपुर एसीपी दिनेश कुमार शुक्ला ने बताया कि खेतों से जानवरों के निकालने के कारण बुजुर्ग की हत्या की गई है घटना के अनुसार कोहरा गांव निवासी 65 वर्षीय राजेंद्र उर्फ गोरा पुत्र स्वर्गीय सुखदेव का 12 नवंबर को दिन में खेतों से जानवर निकालने को लेकर गांव के ही नरेंद्र से विवाद हुआ था। जिस पर दीपावली की रात को नरेंद्र ने अपने भाई अवधेश एवं भतीजे राहुल और सूरज के साथ राजेंद्र के घर पहुंच उसके गाली गलौज एवं मारपीट करने के साथ ही घसीटते हुए पास में बने मंदिर के पास ले जाकर राजेंद्र को चाकू मार कर गंभीर घायल कर दिया और मौके से फरार हो गए। परिजन घायल राजेंद्र को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाटमपुर पहुंचे जहां पर डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल कानपुर रेफर कर दिया जिला अस्पताल में इलाज के दौरान राजेंद्र की मौत हो गई। सजेती पुलिस ने मामले को दर्ज कर जांच पड़ताल करते हुए आरोपियों की तलाश प्रारंभ की वहीं सजेती पुलिस ने थाना क्षेत्र के बावन गांव के पास से नरेंद्र अवधेश एवं राहुल को गिरफ्तार कर लिया।

# आखिरकार हुजूर ने माना गर्ल्स हॉस्टल की वार्डन का रेप के बाद हुआ मर्डर

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद फेल हुआ कोतवाल काकादेव का बीमारी वाला फार्मूला**

**जन एक्सप्रेस। कमलेश फाइटर**



कानपुर नगर। बीती 13/ 14 नवंबर की रात्रि को थाना काकादेव क्षेत्र स्थित एक गर्ल्स हॉस्टल में घटित हुए काल्पनिक नाम दामिनी रेप और हत्याकांड मामले में आखिरकार काकादेव कोतवाल के साथ-साथ शहर के पुलिस अधिकारियों ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मान ही लिया कि यह मौत कोई बीमारी से नहीं हुई थी बल्कि इस मामले में रेप के बाद हत्या को अंजाम दिया गया था। बीते दिन गुरुवार को कानपुर पुलिस ने सफल खुलासे का दावा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार करके वैधानिक कार्रवाई करते हुए जेल भेजने की बात कही है। लेकिन अभी इस मामले में किसी अन्य अभियुक्त को गिरफ्तार करने की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। जबकि जिस हिसाब से गर्ल्स हॉस्टल में वार्डन का काम करने वाली दामिनी की हत्या हुई है उस हिसाब से कोई एक अकेला व्यक्ति महिला को इस तरह से नहीं मार सकता है। जिसे साफ स्पष्ट हो रहा है कि अभी इस रेप और हत्याकांड मामले की पिक्चर का द एण्ड नहीं हुआ है। ज्ञातव्य हो कि बीती 13/14 नवम्बर को थाना काकादेव क्षेत्र स्थित बिरहाना के एक गर्ल्स हॉस्टल में वार्डन का काम करने वाली काल्पनिक नाम दामिनी की परिस्थितियों में मौत हो गई थी। दामिनी की बेटी चिल्ला चिल्ला कर कह रही थी कि उसकी मां के साथ रेप की घटना को अंजाम दिया गया है और उसकी हत्या हुई है लेकिन काकादेव कोतवाल अपने अधिकारियों को यही समझाते रहे कि महिला की मौत बीमारी से हुई है। घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद भी प्रतियोगी परीक्षाओं में लाखों लोगों को पछाड़कर आईपीएस बने अधिकारियों ने भी खून के धब्बे दीवारों पर देख लेने के बाद भी थोड़ी देर में मीडिया सेल के ऑफिशियल अकाउंट में यह लिखकर डलवा दिया कि आमुक महिला की मौत बीमारी के कारण हुई थी जांच चल रही है। लेकिन कहते हैं कि लाशें तब तक बोलती हैं जब तक उनके साथ हुई घटना करने वालों को वह अंजाम तक नहीं पहुंचवा देती हैं। कानपुर पुलिस के ईमानदार अधिकारियों के द्वारा डॉक्टरों का पैनल बनवाकर जब दामिनी का पोस्टमार्टम करवाया गया तो कोतवाल काकादेव का बीमारी से मौत वाला फार्मूला फेल हो गया। लाश पर मिले निशान चीख चीख कर कह रहे हैं की दामिनी को बहुत बुरी तरह से रेप करने के बाद मारा गया है।

### एक आरोपी गिरफ्तार

बीते दिन एडीसीपी सेंट्रल आरती सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान बताया कि वार्डन दामिनी की हत्या और रेप के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है जिसका नाम कुलदीप उर्फ अर्जुन यादव है। यह भी बताया कि कुलदीप को वैधानिक कार्रवाई करते हुए जेल भेजा जा रहा है।

### दीवारों पर लगे खून के छीटे बयां कर रहे हैं अकेले नहीं था हत्यारा

जिस कमरे में दामिनी की मौत हुई है उसे कमरे में दीवारों पर लगे खून के अनगिनत छीटे और पोस्टमार्टम रिपोर्ट में आई चोटें चीख चीख कर बयान कर रही है कि दामिनी की हत्या और रेप करते वक्त वहां पर कमरे में कोई एक शख्स मौजूद नहीं था। क्योंकि अगर अकेले कुलदीप दामिनी की हत्या कर रहा होता तो वह बराबर उससे लोहा लेती चिल्लाती आसानी से हार नहीं मानती। लेकिन वहीं दूसरी ओर पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जो साक्ष्य अभी तक मिले हैं उसमें सिर्फ और सिर्फ कुलदीप ही उन्हें अभियुक्त नजर आ रहा है बाकी की जांच चल रही है। क्या अब उसे पुलिस की बात मान ली जाए जो पुलिस रेप और हत्या के मामले को साधारण सी बीमारी बता रही थी। वही एक बयान पुलिस के उच्च अधिकारी का सामने आया है जिसमें वह आरोपी कुलदीप को मानसिक स्थिति से बहुत मजबूत बताते हुए नजर आ रहे हैं। चर्चा में तो यह भी है कि क्या एक कुलदीप नाम के मजबूत मानसिक स्थिति वाले हत्यारे से कानपुर की स्मार्ट पुलिस हार मान गई है या इस मामले में पर्दे के पीछे से कोई और है। वहीं सूत्रों की माने तो अभी तक पुलिस ने बुक स्टॉल पर काम करने वाले गोलू से पूछताछ ही नहीं की है।

## बंद घर से लाखों का माल चोर हुए फरार

**जन एक्सप्रेस। प्रशांत कुमार**

कानपुर नगर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत चार पहिया वाहन से आए शातिर चोरों ने बंद घर में लाखों के जेवरात व नकदी चोरी किए और फरार हो गए।सुबह पड़ोसी ने फोन कर घर का ताला टूटने की दी जानकारी ग्रह स्वामी को दी।घटना की जानकारी मिलते ही ग्रह स्वामी परिवार समेत घर पहुंचे तो घर का नजारा देख उनके होश उड़ गए। इस दौरान उन्होंने 112 नंबर डायल कर पुलिस को दी सूचना जानकारी मिलने पर कल्याणपुर थाने का फोर्स व फॉरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंच जांच पड़ताल की वहीं पुलिस सीसीटीवी फुटेज का आधार पर शातिर चोरों की तलाश कर रही है।कल्याणपुर थाना क्षेत्र के आवास विकास नंबर 1 निवासी फारूक अली आवास विकास परिषद से रिटायर है परिवार में पत्नी जैबूननिशा बेटा शाह आलम बहु नाजरीन बेटी अलीसबा और दो पोते हैं फारूक अली ने बताया कि बीते बुधवार की सुबह वह अपने परिवार सहित मल्लावां हरदोई भांजी की शादी में गए थे गुरुवार की सुबह पड़ोसी ने फोन पर बताया कि लोहे का शटर खुला हुआ है ऐसा प्रतीत होता है कि घर में चोरी हुई है जानकारी मिलने पर परिजन कुछ घंटे बाद घर पर पहुंचे तो देखा कि घर के दरवाजे और तीन अलमारियां टूटी हुई है और सामान फर्श पर बिखरा हुआ है फारूक अली ने बताया कि लगभग 35 हजार कैश व 15 लाख के जेवर चोरी हो गए हैं इसके बाद उन्होंने 112 नंबर डायल कर पुलिस को सूचना दी जानकारी मिलने पर कल्याणपुर थाने का फोर्स वह फॉरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंच और साक्ष्य एकत्रित किए चोरी करने वाले शातिर चोर सीसीटीवी फुटेज में हुए कैद पुलिस की जांच पड़ताल करने के दौरान पड़ोस के मकान का सीसीटीवी कैमरा खंगाला गया तो देर रात एक चार पहिया वाहन छोटे गेट के पास आकर रुका है। जिससे तीन युवक निकले और बारी-बारी से गेट फांदकर घर के अंदर दाखिल हुए वही कार चालक गाड़ी लेकर चला गया। कुछ घंटे बाद दोबारा कार गेट के पास आकर खड़ी हो गई जिसमें एक महिला उतरी और अंदर दाखिल चोरों से सामान लेकर गाड़ी में रखा और कार से फरार हो गए। कल्याणपुर थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश की जा रही है।

# पुलिस अधीक्षक ने अनुभवात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



पुलिस अधीक्षक द्वारा बृहस्पतिवार को फायर स्टेशन सभागार गौरीगंज में युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय के द्वारा पुलिस विभाग के साथ चलाये जा रहे कार्यक्रम द्वारा गोष्ठी कर सीओ गौरिगंज, नोडल पुलिस अधिकारी मयंक द्विवेदी एनएसएस की नोडल अधिकारी डा सीमा सिंह व छात्र छात्राओं को आवश्यक निर्देश दिया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से जनपद के स्नातक स्तर के छात्र, छात्राओं को पुलिस थाने में 30 दिवसीय अनुभवात्मक सिखालायी दी जायेगी। जिससे छात्र, छात्राओं की संज्ञानात्मक व लोक कौशल में सुधार हो और साथ-साथ वे कानून व्यवस्था व आपराधिक प्रक्रिया आपराधिक अनुसंधान, यातायात नियंत्रण,साइबर क्राइम, मानव तस्करी, कानून व्यवस्था इत्यादि जैसे विषयों पर भी प्रशिक्षण, जानकारी प्राप्त कर सकें। छात्र, छात्राओं को थानो, इकाइयों, प्रभागों में ले जाकर सामाजिक समस्याओं, मानव प्रबन्धन, तनाव प्रबन्धन की सिखलाई का कार्यक्रम चलाया जायेगा। साथ-साथ आगन्तुक पटल महिला पटल, एफआईआर लिखना, घटना स्थल का निरीक्षण, भीड़ प्रबन्धन, बीट पेट्रोलिंग महिला संबन्धी अपराध, मादक पदार्थों की लत, मानव तस्करी, महिला बीट, यातायात नियंत्रण, कम्यूनिटी पुलिसिंग, पुलिस कर्मियों के जीवन, डीसीआर, पीसीआर 112, विशेष जांच प्रकोष्ठ, महिला पुलिस स्टेशन, तकनीक का उपयोग के संबन्ध में प्रशिक्षण एवम जानकारी दी जायेगी। इस कार्यक्रम के तहत जनपद से कुल पच्चास छात्र, छात्राओं को चयनित किया गया। जिन्हे जनपद के कुल आठ थानो अमेठी, गौरीगंज, मुंशीगंज, पीपरपुर, संग्रामपुर, रामगंज, मंहिला थाना मुसाफिरखाना पर छात्र, छात्राओं को सिखालायी हेतु आवंटित किया गया है।

# पोथी यात्रा में झूम कर थिरके भागवत प्रेमी

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**

जनपद मुख्यालय पश्चिम स्थित मां चंडिका धाम के पास तारनपुर ग्रामसभा में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया है। मुम्बई के कारोबारी अरुण त्रिपाठी के यहां आयोजित यह धार्मिक कार्यक्रम 14 नवंबर से प्रारंभ हुआ है, जो 20 नवम्बर तक चलेगा। प्रयागराज से पधारे श्रीमद् भागवत कथा के मर्मज्ञ श्री सर्वेश प्रपन्नाचार्य महाराज अपनी मधुर वाणी से भागवत प्रेमियों को कथा का रसपान करा रहे हैं। कथा प्रारंभ से पहले पोथी यात्रा निकाली गई। रथ पर सजी



पोथी का दर्शन करने के लिए श्रद्धालु रास्ते में जगह-जगह खड़े रहे। ढोल-नगाड़ों की धुन पर बच्चे, युवा एवं वृद्ध नाचते-गाते दिखे। भगवान कृष्ण, श्री राम के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा. कथा स्थल से शुरू हुई यह यात्रा मां चंडिका धाम सहित कई गांवों से होते हुए वापस तारनपुर गांव पहुंची। यात्रा के समापन के बाद कथा प्रारम्भ हुई।

महाराज ने कथा की शुरुआत बच्चों को संस्कारवान बनाने पर जोर देते हुए की।

उन्होंने चरण स्पर्श से क्या-क्या लाभ होता है, विस्तार से बताया।

## शॉपिंग करने आई युवती के साथ गैंगरेप, मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस/सुलतानपुर।** डीएम के जनता दर्शन में कादीपुर क्षेत्र की एक युवती ने शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है उसने बताया कि वह सुलतानपुर में शॉपिंग करने आई हुई थी जब घर वापस जा रही थी तभी उसके गांव के अवधेश पांडेय से उसकी मुलाकात हुई तो अवधेश ने उसको घर ले चलने को बात को कहा तो पीड़िता उसके साथ तैयार हो गई लेकिन अवधेश ने उसको बताया उसके कुछ दोस्त है उनसे पहले मिल लू तब घर चलता पीड़िता विश्वास करके उसके साथ चल पड़ी लेकिन कुछ देर बाद अवधेश ने मुझे कोल्डड्रिंक पिलाया जिससे पीड़िता बेहोश गई और जब नीद से जागी तो पीड़िता को काफी दर्द हो रहा था उसने इसकी सूचना अपने परिजनों को दी तो परिजनो ने मुकदमा लिखवाया लेकिन अभी तक गिरफ्तारी नहीं होने से वह डीएम के जनता दर्शन में न्याय के लिए मांगने आई हैं।

# सरकारी डॉक्टर से मकान के नाम पर जालसाज ने ठगे 19 लाख

**जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर**

जमीन के नाम पर एक सरकारी डॉक्टर फिर ठगी के शिकार हुए हैं। जालसाज ने राजकीय मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक राघवेंद्र सोनकर से 19 लाख रुपए ऐंठ लिए और मकान का बैनामा ही नहीं किया। कोर्ट के आदेश पर जालसाज के विरुद्ध कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज किया गया है। डॉ राघवेंद्र सोनकर मूल रूप से अंबेडकरनगर के टांडा थाना चिन्तौरा चौराहे के निवासी हैं।

यहां राजकीय मेडिकल कॉलेज में पोस्टिंग के दौरान उन्होंने नगर कोतवाली के पारकीसगंज निवासी सौरज सिन्हा से 10×15 के एक मकान का दो वर्ष के लिए एग्रीमेंट 26 जुलाई 2022 को पत्नी के नाम पर करवाया था। डॉक्टर ने सौरज को रजिस्टर्ड एग्रीमेंट के समय 5 लाख रुपए दिए और शेष 14 लाख रुपए बैनामे के समय देना था। आरोप है कि सौरज ने कुछ माह बाद मकान बनवाकर ठीक कराने के लिए और पैसे की मांग किया। दिसंबर तक मकान तैयार होकर डॉक्टर को नहीं मिला और सौरज ने बीमारी में पैसे खर्च होने की बात डॉक्टर से कही। यह भी आरोप है कि डॉक्टर तारिक और फहीम अहमद के सामने 26 अप्रैल से 30 अप्रैल 2023 के बीच बचे हुए 14 लाख रुपए भी दे दिए। लेकिन इसके बाद आरोपी सौरज मकान लिखने की बात से मुकर गया। पैसे वापसी पर उसने पहले धमकी दी और गाली गलौज किया बाद में दबाव बनाने पर चेक दिया जो बाउंस हो गया।

# बीज विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर छापेमारी

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



बीज निरीक्षकों एवं उप जिलाधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा बृहस्पतिवार को रबी सत्र में किसानों को उच्च गुणवत्तायुक्त एवं उचित दर पर बीज उपलब्ध कराने के लिए जनपद के बीज विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर सघन छापेमारी की गई। तहसील मुसाफिरखाना में उप कृषि निदेशक डॉक्टर एलबी यादव एवं उपजिलाधिकारी सविता यादव, तहसील तिलोई में जिला कृषि अधिकारी रविकांत सिंह एवं उप जिला मजिस्ट्रेट दिग्विजय सिंह, तहसील अमेठी में उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी गौरीगंज हरिओम मिश्र एवं उप जिलाधिकारी प्रीति तिवारी एवं तहसील गौरीगंज में अपर जिला कृषि अधिकारी शुभम पांडे एवं उप जिला मजिस्ट्रेट गौरीगंज अभिनव कनौजिया द्वारा सघन चेकिंग की गई।इस छापेमारी में बत्तीस बीज विक्रय प्रतिष्ठानों पर सघन छापेमारी की गई।एवं उनतालिस नमूने लिए गए तथा सात विक्रेताओं को अभिलेख पूर्ण न रखने के लिए कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। अमन खाद एवं बीज भंडार, सरस्वती इंटरप्राइजेज, मौर्या बीज भंडार,जेजे इंटरप्राइजेज बाजार शुकुल, असद खाद व बीज भंडार जगदीशपुर, शिवम बीज भंडार जायस, मेंसर्स संजय मित्तल बहादुरपुर शिवकुमार बीज भंडार बहादुरपुर, पुनीत बीज भंडार, जायसवाल बीज भंडार, अंकुश बीज भंडार फुरसतगंज दान बहादुर सिंह, जुहारी खाद एवं बीज केंद्र मोहनगंज, शुक्ला खाद भंडार, विमल खाद भंडार, पांडे बीज भंडार बारामासी, शिवम बीज भंडार मुंशीगंज रोड अमेठी, मौर्या बीज भंडार सगरा तिराहा अमेठी, किसान बीज भंडार ककवा रोड अमेठी, अशर्फी खाद भंडार अमेठी, किसान घर, समीम बीज भंडार अमेठी मधुसूदन फर्टिलाइजर्स, मौर्या बीज भंडार, किसान सेवा केंद्र, तिवारी ट्रेडर्स, सरोज बीज भंडार गौरीगंज, जुहारी फार्म हब, सैरी ट्रेडर्स बाबूगंज का निरीक्षण किया गया। जनपद में पर्याप्त मात्रा में बीज उपलब्ध है। यदि किसी किसान भाई को बीज से संबंधित कोई शिकायत है तो वह जिला कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 7839882412 पर संपर्क कर सकते हैं।

# विसरा रिपोर्ट ने खोला हत्याकांड का राज, पत्नी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । सुलतानपुर**



प्रॉपटी के लिए दूसरी पत्नी ने ग्यारह माह पूर्व पति को एल्यूमिनियम फास्फाइड विष देकर मौत के घाट उतार दिया था। विसरा रिपोर्ट आने के बाद पुलिस को शेषमणि वर्मा हत्याकांड में सफलता मिल गई। पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

दरअस्ल 19 जनवरी को कोतवाली देहात थानाक्षेत्र के हनुमानगंज बाजार में शेषमणि वर्मा की संदिग्ध परिस्थितयों में मौत हो गई थी। पुलिस ने 20 जनवरी को तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया था। पुलिस ने विसरा सुरक्षित कर सैंपल विधि विज्ञान प्रयोगशाला भिजवाया था।विधि विज्ञान प्रयोगशाला की रिपोर्ट से पता चला कि शेषमणि वर्मा की मौत एल्यूमीनियम फास्फाइड विष खाने से हुई है। रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने फिर से जांच शुरू की। जांच में पता चला कि शेषमणि वर्मा का विवाह 19 जनवरी 2008 को दुर्गा वर्मा से हुई थी। दोनों से एक बेटी हुई। थोड़े ही दिनों के बाद रामपुर हनुमानगंज की भावना राय शेषमणि वर्मा के संपर्क में आ गई। इनके मध्य नजदीकियां बढ़ने की भनक पत्नी दुर्गा वर्मा को लगी तो वो पति से लड़ झगड़कर मायके चली गई। उधर भावना शेषमणि वर्मा की जायदाद पर निगाहें गड़ाए हुए थी। पहली पत्नी के जाते ही भावना शेषमणि के घर आकर साथ रहने लगी थी। दूसरी पत्नी ने पति की प्रॉपटी भी अपने नाम करा ली थी। प्रभारी निरीक्षक श्यामसुंदर ने बताया कि भावना राय मेडिकल स्टोर चलाती थी। उसको दवा के बारे में जानकारी थी। ऐसे में जब शेषमणि वर्मा कुछ जमीन बेचकर पैसे घर लेकर आए तो एक दिन भावना ने उसे खानें में जहर देकर मौत के घाट उतार दिया था।

# न्याय पाने के लिए खुद भटक रहा दीवानी का न्यायिक कर्मी

**जन एक्सप्रेस । सुलतानपुर**

दीवानी न्यायालय सुल्तानपुर में कार्यरत स्टेनो प्रदीप कुमार श्रीवास्तव स्वयं न्याय पाने के लिए महीनों से भटक रहे हैं। इस विषय पर उन्होंने बताया कि पूर्व में लगभग 23 वर्षों से उनका परिवार राजकीय आवास संख्या टी2/32 जीआईसी कालोनी में निवास कर रहा था जिसे प्रशासन के आदेश पर उन्होंने खाली कर दिया तत्पश्चात जिला प्रशासन द्वारा उनको दिनांक 28-8-23 को एक राजकीय आवास संख्या टी 2/86 एजुकेशन कालोनी विवेकनगर आवंटित किया गया है जिस पर कब्जा लेने पहुंचने पर उन्हें पता चला कि उसमें पूर्व में रह रहे आवंटी के एक रिश्तेदार द्वारा नियमविरुद्ध ढंग से वहां निवास किया जा रहा है और बार-बार मुलाकात कर आग्रह करने पर उक्त आवास को उसके द्वारा रिक्त नहीं किया जा रहा है। इससे न्यायिक कर्मी बहुत परेशान हुआ और इस बाबत जिला अधिकारी महोदया को एक प्रार्थना-पत्र दिनांक 14-9-23 को दिया है जिस पर कार्यवाही करते हुए अपर जिलाधिकारी प्रशासन द्वारा दिनांक 4-10-23 को अधिशासी अभियंता लो नि वि निर्माण खंड 3 को निर्देश पारित किया कि पूर्व आवंटी के विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्यवाही की जाए तथा इसी के साथ तहसीलदार सदर को आदेशित किया कि एक सप्ताह में आवास खाली करा दिया जाए।

## जनपद के समस्त निजी चिकित्सालय इन्फार्मेन्ट आईडी कराये उपलब्ध: सीएमओ

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने समस्त निजी पंजीकृत चिकित्सालय, नर्सिंग होम व क्लीनिक से कहा है कि निजी संस्थान में हुयी जन्म एवं मृत्यु की सूचना उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि जन्म -मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम-1969 और उसके अन्तर्गत बनायी गयी उ0प्र0 जन्म - मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियमावली 2002 जो शासकीय राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से 22 मार्च 2003 से सम्पूर्ण प्रदेश में प्रभावी है, में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत उ0प्र0 राज्य में जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण कार्य क्रियान्वित किया जाता है। उन्होंने कहा कि उ0प्र0 की अधिसूचना द्वारा सभी निजी चिकित्सा संस्थान अधिकृत किये गये है। पंजीकृत समस्त निजी चिकित्सालयों को स्थानीय रजिस्ट्रार जिसकी अधिकारिता क्षेत्र में चिकित्सालय स्थिति है की सी0आर0एस0 पोर्टल की आई0डी0 से मैपिंग करते हुए प्रत्येक दशा में शत-प्रतिशत निजी चिकित्सालयों को इन्फार्मेन्ट आई0डी0 उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाये ताकि निजी क्षेत्र में होने वाले जन्म एवं मृत्यु की घटना पंजीकृत हो सके।

# आरजीआईपीटी का सातवां दीक्षांत समारोह आज

**पद्म विभूषण आचार्य मनमोहन शर्मा होंगे मुख्य अतिथि**

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



राजीव गाँधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान जायस अमेठी में आज शुक्रवार को सातवां दीक्षांत समारोह होगा। बृहस्पतिवार को एक प्रेस वार्ता में संस्थान के निदेशक आचार्य अखौरी सुधीर कुमार सिन्हा ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि संस्थान के सातवें दीक्षांत समारोह का आयोजन सत्रह नवम्बर शुक्रवार को आयोजित किया जाएगा।इस अवसर पर अकादमिक वर्ष 2023 में उत्तीर्ण हुए कुल 193 छात्र-छात्राओं को उपाधि एवं मेडल प्रदान किये जाएंगे। जिनमें से 155 छात्र आरजी आईपीटी जायस मुख्य कैम्पस से एवं शेष 38 छात्र इसके ऊर्जा संस्थान बंगलुरु केन्द्र से उत्तीर्ण हुए हैं।दीक्षांत समारोह के दौरान उपाधि प्राप्त करने वालों में पीएचडी के दस एमबीए.के अठारह,एम.टेक.पेट्रोलियम आभियांत्रिकी एवं भू अभियांत्रिकी के छह, विद्युत वाहन प्रौद्योगिकी के चौदह, ऊर्जा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के सात, शक्ति एवं ऊर्जा प्रणाली अभियाांत्रिकी के छह, नवीकरणीय ऊर्जा के ग्यारह,बी.टेक. रासायनिक अभियांत्रिकी एवं जैव-रासायनिक अभियांत्रिकी के बासठ एवं बी.टेक. पेट्रोलियम आभियांत्रिकी एवं भूअभियांत्रिकी के उनसठ छात्र, छात्राएँ होंगे। इस अवसर पर अकादमिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को राष्ट्रपति पदक,निदेशक पदक एवं संस्थान पदकों से भी सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रपति स्वर्ण पदक बी.टेक के समस्त पाठ्यक्रमों में अकादमिक उत्कृष्टता चिराग जैन, निदेशक स्वर्ण पदक बी. टेक के समस्त पाठ्यक्रमों में उत्कृष्ट सर्वांगीण प्रदर्शन गौरव भाटिया, संस्थान स्वर्ण पदक बी.टेक रासायनिक अभियांत्रिकी परीक्षा में प्रथम अभिजीत आनंद,बी. टेक पेट्रोलियम अभियांत्रिकी में प्रथम रामेन्द्र पाण्डेय, एम.टेक नवीकरणीय ऊर्जा परीक्षा में प्रथम प्रत्युष आनंद, एम.टेक ऊर्जा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परीक्षा में प्रथम मानस ज्योति डेका, एम.टेक विद्युत वाहन प्रौद्योगिकी परीक्षा में प्रथम निलेश गुप्ता,एम.टेक शक्ति एवं ऊर्जा प्रणाली परीक्षा में प्रथम स्वाती जैन,व्यवसाय प्रशासन परास्नातक परीक्षा में प्रथम मोहम्मद फहद मसूद खान को प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अकादमिक वर्ष 2023 में उत्तीर्ण हुए कुल एक सौ तिरानबे छात्रों में उन्नीस छात्राएँ हैं। इसके अलावा इस बैच में अनुसूचित जाति वर्ग के पच्चीस एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग छह छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। दीक्षांत समारोह में उत्तर प्रदेश के एकतालिस छात्र-छात्राएँ भी अपना उपाधि प्राप्त करेंगे। जबकि शेष देश के अलग अलग राज्यों के छात्र हैं।

इस अवसर पर पद्म विभूषण आचार्य मनमोहन शर्मा मुख्य अतिथि एवं आईआईटी दिल्ली के सेवानिवृत आचार्य डॉ.के.डी.पी. निगम विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे एवं छात्रों को उपाधि प्रदान करेंगे।

# जिला कारागार में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में बुधवार को जिला कारागार, रायबरेली में निरुद्ध बन्दी के देख-रेख, खानपान, रहन-सहन तथा लीगल ऐड क्लीनिक एवं बन्दियों के हितों से सम्बन्धित मामलो के सम्बन्ध में उमाशंकर कहार अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अपर जिला जज/सचिव ने जेल अधीक्षिका हर्षिता मिश्रा से जेल के अन्दर कैदियों की स्थिती व रखरखाव के बाबत जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण उपरांत बंदियों के विधिक अधिकार विषय पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन भी किया गया। शिविर में बंदियों से बात कर उनकी परेशानियों, विधिक समस्याओं एवं जेल में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली गयी। विधिक जागरुकता शिविर में कारापाल सत्यप्रकाश, चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिंल राजकुमार सिंह, उपकारापाल हिमाशुं रौतेला, उपकारापाल धर्मपाल सिंह व पराविधिक स्वयं सेवक पवन कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## हत्या या आत्महत्या की गुत्थी में उलझी पुलिस

**जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर**

जयसिंहपुर कोतवाली अंतर्गत टेंहसा गांव के बासदेव की मौत की वजह पीएम रिपोर्ट में डूबने से हुई है ऐसा बताया गया है। अब मामला इस पर आकर उलझ गया है कि ये हत्या है कि आत्महत्या। हालांकि पुलिस अन्य बिंदुओ पर भी जांच में जुटी है। वही परिजन हत्या की बात कह रहे हैं।

कोतवाली क्षेत्र जयसिंहपुर के टेहंसा गांव निवासी बासदेव यादव (42) रविवार की रात अपने साथियों संग दिवाली मनाने घर से बाहर निकला था। देर रात जब वह घर वापस नहीं लौटा तो परिजनो ने उसे फोन किया। लेकिन उसका मोबाइल स्विच ऑफ बताने लगा। सोमवार सुबह जब वह घर नहीं लौटा तो परिजन उसकी खोजबीन करने लगे। इस दौरान गांव में स्थित महादेवन बाबा स्थल पर कुएं के पास ग्रामीणों को बासदेव का चप्पल व मोबाइल फोन पड़ा मिला। कुएं में 10 फिट तक पानी भरा था। ग्रामीणों ने कुएं में बांस डालकर खंगाला तो उसमे शव होने की पुष्टि हुई। ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने कुंए से शव को बाहर निकाला। शव की शिनाख्त बासदेव यादव के रूप में हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। जयसिंहपुर पुलिस घटनास्थल पर मिले चप्पल और मोबाइल के सुराग पर जांच में जुटी थी। बासदेव के साथी को भी पुलिस पूछताछ के लिए कोतवाली लाई थी।

# वीरांगना ऊदा देवी पासी को शहादत दिवस पर कांग्रेसियों ने किया याद

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



गुरुवार को वीरांगना ऊदा देवी पासी का निर्वाण दिवस जिला कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में आयोजित किया गया। जिसमें ऊदा देवी पासी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर याद किया गया। उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि ऊदा देवी पासी एक भारतीय स्वतन्त्रता सेनानी थीं जिन्होने 1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भारतीय सिपाहियों की ओर से युद्ध में भाग लिया था। ये अवध के छठे नवाब वाजिद अली शाह के महिला दस्ते की सदस्य थीं। इस विद्रोह के समय हुई लखनऊ की घेराबंदी के समय लगभग 2000 भारतीय सिपाहियों के शरणस्थल सिकन्दर बाग़ पर ब्रिटिश फौजों द्वारा चढ़ाई की गयी थी और 16 नवंबर 1857 को बाग़ में शरण लिये इन 2000 भारतीय सिपाहियों का ब्रिटिश फौजों द्वारा संहार कर दिया गया था। इस लड़ाई के दौरान ऊदा देवी पासी ने पुरुषों के वस्त्र धारण कर स्वयं को एक पुरुष के रूप में तैयार किया था। लड़ाई के समय वो अपने साथ एक बंदूक और कुछ गोला बारूद लेकर एक ऊँचे पेड़ पर चढ़ गयी थीं।

उन्होने हमलावर ब्रिटिश सैनिकों को सिकंदर बाग़ में तब तक प्रवेश नहीं करने दिया था जब तक कि उनका गोला बारूद खत्म नहीं हो गया। इस कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पंकज तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजयशंकर अग्निहोत्री, निर्मल शुक्ला, सईदुल हसन, प्रवक्ता विनय द्विवेदी, महामंत्री अजीत सिंह, पूर्व अध्यक्ष वी के शुक्ल, राजकुमार दीक्षित, रमाकांत त्रिपाठी, धीरज श्रीवास्तव, अखिलेश मिश्रा, घनश्याम शुक्ला, अजय शर्मा, मोहित सिंह, मनोज मिश्रा, सूर्यकुमार बाजपेयी, सर्वोत्तम मिश्रा, भूपेन्द्र सिंह सहित तमाम कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# परियोजना अधिकारी के आवास में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, हजारों का नुकसान

**जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर**

बुधवार की रात नगर के सिविल लाइन क्षेत्र में जिला परियोजना अधिकारी के आवास पर शॉट सर्किट से आग लग गई। आग की लपटों को देखकर क्षेत्र में अफरातफरी मच गई। लोगों ने तत्काल घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दिया। अग्नि शमन टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि आग से करीब अस्सी हजार के आसपास का नुकसान हुआ है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली नगर के सिविल लाइन क्षेत्र में जिला परियोजना अधिकारी माता प्रसाद प्रसाद प्रजापति का आवास है। आवास के अंदर ही उन्होंने छप्पर डालकर बैठाका बीते वर्ष बनवाया था। जिसमें करीब 45 हजार रुपए का खर्च आया था। इस बैठके में दो तख्ते, कई एक पंखे, कुर्सी व टेबल व अन्य सामग्री भी उन्होंने रखाया था। बुधवार की रात एकाएक इसी स्थान पर शॉट सर्किट से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। सामान जलने लगे और आग की लपटें उठी तो इसे देख लोग दौड़ पड़े। गनीमत ये रही कि जिस समय आग लगी बैठके में कोई मौजूद नहीं था। तत्काल लोगों ने अग्नि शमन विभाग को फोनकर घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची टीम के सदस्य गेट फांदकर अंदर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जिला परियोजना अधिकारी माता प्रसाद ने बताया कि कोई हताहत नहीं हुआ है। हां लगभग अस्सी हजार के आसपास का नुकसान हुआ है।

# बीएचयू कैम्पस में आईटी छात्रा के साथ गैंगरेप के दोषियों को तत्काल गिरफ्तारी को लेकर किया गया प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत गुरुवार को विकास भवन से जुलूस निकाल कर बीएचयू आईटी छात्रा के साथ गैंगरेप के दोषियों को तत्काल गिरफ्तार करो के नारे लगाते हुए ऐपवा, नौजवान सभा के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर सभा की और राष्ट्रपति महोदया को संबोधित ज्ञापन सौपा गया। प्रदर्शनकारियो को संबोधित करते हुए इंकलाबी नौजवान सभा के जिलाध्यक्ष हनुमान आंबेडकर ने कहा कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय के दलित छात्र विवेक की पिटाई करने वाले राकेश सिंह को गिरफ्तार करने के बजाय पीड़ित दलित शोध छात्र व इस घटना का विरोध करने वाले अन्य छात्रों पर ही मुकदमा दर्ज कर उत्पीड़ित किया जा रहा है। इसी तरह आई आई टी बीएचयू की छात्रा के यौन उत्पीड़न और सामूहिक बलात्कार के दोषियों को गिरफ्तार करने के बजाय प्रशासन द्वारा अपने जेवी छात्र संगठन को उकसाकर आइसा एवं बीसीएम के छात्र नेताओं पर हमला कराकर, उनके खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज कर दबाव बनाने की कोशिश की जा रही है। आई आई टी छात्र के साथ सामूहिक बलात्कार के दोषियों को पुलिस और प्रशासन संरक्षण दे रहा है। अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन की जिला अध्यक्ष आलिया बेगम ने कहा कि मणिपुर की घटना जैसी ही घटना आईआईटी बीएचयू में छात्रा के साथ हुई। जिसे गन प्वाइंट पर निर्वस्त्र कर उसके साथ सामूहिक बलात्कार और इतना समय बीत जाने के बाद बलात्कारियों की गिरफ्तारी नहीं हुई। प्रधानमंत्री के निर्वाचन क्षेत्र में इतने प्रतिष्ठित संस्थान के कैंपस में हुई घटना से स्पस्ट है कि अपराधी कितने बेखौफ हैं। इस घटना का कड़ा प्रतिवाद होना चाहिए।

तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 39°C | 28°C |
| कानपुर | 40°C | 30°C |
| देहरादून | 28°C | 23°C |
| नई दिल्ली | 40°C | 30°C |

# स्लाटर हाउस बंद होने पर केंद्र ने जताई नाराजगी

## मुख्य सचिव को पत्र लिखकर मांगा जवाब, कहा, निरीक्षण में मानक ठीक था, फिर क्यों बंद हुई यूनिट

जन एक्सप्रेस । लखनऊ




यूपी में स्लाटर हाउस बंद होने से केंद्र ने नाराजगी जताई है। केंद्र ने बिना नोटिस दिए 6 से ज्यादा स्लाटर हाउस को बंद करने के मामले में राज्य सरकार को पत्र लिखा है। इसमें लिखा है कि केंद्र सरकार के अधिकारियों ने हाल में स्लाटर हाउस का निरीक्षण किया था। उन स्लाटर हाउस का मानक ठीक था। फिर भी बिना नोटिस दिए प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड ने बंद कर दिया। ऐसा क्यों, केंद्र ने मुख्यमंत्री के मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव को पत्र लिखकर जवाब मांगा है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने यूपी में कई स्लाटर हाउस को पर्यावरण के लिए नुकसानदायक बताकर बंद कर दिया था। बड़ी बात यह थी इसमें से ज्यादातर स्लाटर हाउस ऐसे थे जो सालों से चल रहे थें। दावा था कि वह सभी मानक पूरे कर रहे हैं। लेकिन उसके बाद भी अयोध्या से लेकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के हापुड़, गाजियाबाद, संबल सहित कई जिलों के स्लाटर हाउस को बंद कर दिया था।

### एपीडा के चेयरमैन ने लिखा पत्र

कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के चेयरमैन प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। अभिषेक देव की तरफ से प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव को लिख पत्र में कहा गया है कि जिन मीट एक्सपोर्ट यूनिट को उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने बंद किया है। उनमें से एक का बंदी के कुछ दिन पहले ही केन्द्रीय एजेंसियों द्वारा निरीक्षण किया गया था। इस निरीक्षण के दौरान एक्सपोर्ट यूनिट में सभी मानक सही पाए गए थे। अब मानक पूरा होने के बाद बंद करने का कोई औचित्य नहीं है।

### 40 प्रतिशत से ज्यादा यूनिट यूपी में है

पूरे देश में मीट एक्सपोर्ट की जितनी यूनिट है। उसमें 40 प्रतिशत यूनिट अकेले यूपी में है। विभागीय आंकड़ों पर नजर डाले तो देश में मौजूदा समय 71 मीट एक्सपोर्ट यूनिट है। इसमें से अकेले यूपी में 31 यूनिट है। अब लंबे समय से इन यूनिटों के बंद होने से मीट के निर्यात पर असर पड़ रहा है। स्थिति यह है कि विदेश से जो ऑर्डर आते हैं उनकी सप्लाई नहीं हो रही है। यूनिट बंद ऐसे है ऐसे में डिमांड और सप्लाई का समीकरण गड़बड़ हो गया है। इसका सीधा असर देश और देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। देशभर में मीट प्रोसेसिंग के 14 प्लांट हैं। जिसमें 9 उत्तर प्रदेश में स्थित हैं। 2022-23 में 3.194 बिलियन डॉलर का मीट यूपी से एक्सपोर्ट किया गया था।

### मुख्य पर्यावरण अधिकारी विवेक राय निलंबित

प्रदूषण विभाग की कार्य शैली पर लगातार सवाल उठ रहे है। इसमें मुख्य पर्यावरण अधिकारी विवेक राय को सस्पेंड भी कर दिया गया है। दरअसल, इनके खिलाफ कई मीट यूनिट संचालकों ने शिकायत दर्ज कराई थी। बताया जा रहा है कि करीब 200 करोड़ रुपए से ज्यादा के घोटाले में इनका हाथ है। अयोध्या से लेकर संबल तक के मीट यूनिट संचालक प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों के फैसलों पर सवाल उठा चुके हैं। इसको लेकर शिकायत भी की गई है। उसके बाद ही विवेक राय का जांच हुई तो पहली नजर में इनको दोषी मानते हुए सस्पेंड कर दिया गया है। इनके अलावा एक अन्य मुख्य पर्यावरण अधिकारी घनश्याम को भी सस्पेंड कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि जो इनके अधिकार में नहीं था। उसमें भी हस्तक्षेप पर इन लोगों ने यूनिट बंद कराने को लेकर आदेश जारी कर दिया था।

### यूपी से देश में सबसे ज्यादा एक्सपोर्ट होता मीट

दरअसल, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों द्वारा बिना किसी नोटिस मीट की कई एक्सपोर्ट यूनिट को बंद कर दिए गए हैं। जबकि देश में सबसे ज्यादा मीट एक्सपोर्ट यूपी से होता है। इससे राज्य और केंद्र दोनों ही सरकारों को बड़े पैमान पर राजस्व मिलता है। उसके बाद भी बिना किसी बड़े कारण यूनिट बंद कर दी जा रही थी। इसमें प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कुछ अधिकारियों का हाथ था।

# लखनऊ में शुरू हुई अग्निवीर भर्ती

## पहले दिन 3 जिलों के 1180 अभ्यर्थी हुए शामिल, 7 दिनों में करीब 11 हजार अभ्यर्थी होंगे शामिल



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

सेना के आरओ (मुख्यालय) लखनऊ में गुरुवार से अग्निवीर भर्ती रैली का आगाज हुआ। पहले दिन ओरैया, चित्रकूट और कन्नौज के करीब 1 हजार 180 अभ्यर्थी शामिल हुए। 22 नवंबर तक चलने वाली भर्ती में कुल 13 जिलों के करीब 11 हजार अभ्यर्थियों के शामिल होने की उम्मीद हैं। बुधवार शाम से ही कैंट स्थित सूर्य स्टेडियम के आसपास बड़ी संख्या में अभ्यर्थी दिखने लगे थे। अग्निवीर भर्ती के लिए होने वाली दौड़ में भाग लेने के लिए पहुंचे इन युवा अभ्यर्थियों ने स्टेडियम के आसपास रात बिताई। इस रैली में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों ने अप्रैल के महीने में आयोजित ष्टश्वश्व यानी ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम पास की थी। उसके बाद ही इन अभ्यर्थियों को शार्ट लिस्ट करके एडमिट कार्ड जारी किया गया था। सेना के जनसंपर्क अधिकारी शांतनु सिंह के मुताबिक पहले दिन करीब 1550 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 1180 अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया। इस दौरान कन्नौज, चित्रकूट और औरैया के 6 तहसीलों के अभ्यर्थी शामिल हुए। इस भर्ती रैली के जरिए जनरल ड्यूटी, टेक्निकल, क्लर्क स्टोर कीपर टेक्निकल, ट्रेड्समैन के पदों के लिए रिक्रूटमेंट किया जाएगा। वहीं महिला मिलिट्री पुलिस भर्ती 27 और 28 नवंबर को लखनऊ में होगी।

### आगरा में भर्ती 4 दिसम्बर से

भर्ती कार्यालय आगरा के अंतर्गत आने वाले जनपदों से अग्निवीर जनरल ड्यूटी, टेक्निकल, क्लर्क स्टोर कीपर टेक्निकल, ट्रेड्समैन( 10वीं और 8वीं पास) पदों के लिए भतभ्र् रैली 4 दिसम्बर को शुरू होगी, जो 13 दिसंबर तक चलेगी। लिखित प्रवेश परीक्षा में 12,600 से अधिक अभ्यर्थी सफल हुए हैं, जो भर्ती रैली में शामिल हो सकते हैं।

### अमेठी में 19 से शुरू होगी भर्ती

इसके अलावा भर्ती कार्यालय अमेठी के अंतर्गत आने वाले जिलों से अग्निवीर जनरल ड्यूटी, टेक्निकल, क्लर्क स्टोर कीपर टेक्निकल, ट्रेड्समैन के लिए भर्ती 19 दिसम्बर से शुरू होकर 27 दिसंबर तक चलेगी। इसकी लिखित परीक्षा में 9850 से अधिक अभ्यर्थी सफल हुए हैं।

### गोरखपुर में 2 जनवरी से भर्ती रैली

वही भर्ती कार्यालय वाराणसी के अंतर्गत उपरोक्त पदों के लिए भर्ती रैली दो जनवरी से शुरू होगी और 12 जनवरी तक गोरखपुर में आयोजित की जाएगी। भर्ती कार्यालय वाराणसी के तहत आने वाले जिलों के लिए 12 हजार से अधिक अभ्यर्थी लिखित परीक्षा में सफल हुए हैं।

# समाजवादी न्याय यात्रा को अखिलेश ने रवाना किया, 9 दिन तक वेस्ट यूपी के शहरों से गुजरेगी, बिजनौर में समापन होगा



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव राजधानी लखनऊ के विक्रमादित्य मार्ग पर स्थित पार्टी कार्यालय से सामाजिक न्याय यात्रा को हरी झंडी दिखाया। लोकसभा चुनाव 2024 से पहले प्रदेश में जातिगत जनगणना की आवाज को बुलंद करते हुए इस यात्रा को हरी झंडी दिखाई गई। इस दौरान उन्होंने कहा,÷क्ष्क्ष्क जिन्हें सम्मान नहीं दे सकी। उन्हें जगाने के लिए सामाजिक न्याय यात्रा की शुरुआत की है। हम जातीय जनगणना कराए जाने की मांग करते हैं। ताकि जाती के नाम पर ध्रुवीकरण को रोका जा सके। देश का लोकतंत्र और संविधान बचाया जा सके। हमारी मांग है कि पुरानी पेंशन बहाल हो, युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है, शिक्षा का प्राइवेटलाइजेशन रोका जाए। शिक्षा में व्यापार को बंद करना चाहिए। अब 25 नवंबर को बिजनौर में यात्रा का समापन होगा। समाजवादी पार्टी समाजवादी पार्टी जातिगत जनगणना की आवाज को लगातार बुलंद कर रही है यही कारण है कि अखिलेश यादव 2024 लोकसभा चुनाव से पहले कभी साइकिल यात्रा तो कभी सामाजिक न्याय यात्रा के जरिए जहां एक तरफ बीजेपी पर दबाव बनाने का काम कर रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस कॉपी चुनौती दे रहे हैं।

### तेज की पीडीए की मुहिम

सपा मुखिया अखिलेश यादव द्वारा पीडीए का नारा देने के बाद कांग्रेस ने भी पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यकों को अपने पाले में करने की कवायद तेज कर दी है। इसके तहत जहां एक तरफ कांग्रेस पार्टी लगातार उत्तर प्रदेश में पिछड़े दलित और अल्पसंख्यकों को साधने की कावड़ में जुटी हुई है तो वहीं दूसरी तरफ अखिलेश यादव प्रदेश में अपनी पद को मजबूत करने के लिए लगातार जातिगत जनगणना की मांग करते नजर आ रहे हैं। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के पीडीए फॉर्मूले के बाद अब कांग्रेस भी पिछड़ी जातियों को लामबंद करने में जुट गई है। कांग्रेस आरक्षण और जातिगत जनगणना के मुद्दे को लेकर लखनऊ में पिछड़ी जातियों का एक बड़ा सम्मेलन आयोजित करने जा रही है। हालाकि अखिलेश यादव ने इस चुनावी मुहिम में पहले ही शुरुआत करके कांग्रेस के लिए कहीं ना कहीं चुनौती खड़ी कर दी है।

# 'यूपी 112' के नए तेवर से अपराधी हो लेंगे 'नौ-दो-ग्यारह'

## अपराध और अपराधियों पर कड़ा अंकुश लगाने के लिए योगी सरकार तकनीक को भी बड़ा हथियार बना रही

- बहुत कम समय में पुलिस सहायता जरूरतमंदों तक पहुंचेगी, मिलेगी राहत
- इस बार जो लोग बोलने में असमर्थ हैं उनके लिए भी सेवा शुरू की जा रही है

जन एक्सप्रेस । डॉ. वैभव शर्मा




**लखनऊ।** अपराध और अपराधियों पर कड़ा अंकुश लगाने के लिए योगी सरकार तकनीक को भी बड़ा हथियार बना रही है। इसी के तहत यूपी 112 के दूसरे चरण की शुरुआत हो चुकी है। इस सेवा में इस बार जो बोलने में असमर्थ हैं उनके लिए भी सेवा शुरू की जा रही है। सेवा अपग्रेड होने के बादबहुत कम समय में पुलिस सहायता जरूरतमंदों तक पहुंचेगी, इससे लोगों को राहत मिलेगी।

### कॉलर पीआरवी की लोकेशन अपने फोन में ट्रैक कर सकेगा

पीआरवी में व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम होगा, जिसके प्रयोग से कॉलर के पास जीपीएस लिंक का रियल टाइम मैसेज जाएगा, जिससे कॉलर पीआरवी की लोकेशन अपने फोन में ट्रैक कर देख सकेगा। यूपी 112 हेल्पलाइन को अपग्रेड करने के बाद 1.30 लाख कॉल रिसीव की जा सकेंगी। कॉल ड्रॉपिंग में कमी आएगी। इसके लिए कॉल टेकर्स की संख्या को 673 से बढ़ाकर 825 किया जा रहा है।

### वाहनों की संख्या को बढ़ाकर 6278 पीआरवी किया जायेगा

वर्ष 2017 में यूपी 112 का औसत रिस्पांस टाइम 25 मिनट 42 सेकेंड था। वह वर्ष 2023 में घटकर औसतन 9 मिनट 18 सेकेंड रह गया है। दूसरे चरण में वाहनों की संख्या को बढ़ाकर 6278 पीआरवी किया जायेगा।

# 'तदर्थ शिक्षकों की सेवा समाप्ति के विरोध में 01 दिसम्बर को होगा धरना'

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश के सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में तदर्थ रूप से लगभग 25 वर्षो से अधिक समय से कार्यरत शिक्षकों की उत्तर प्रदेश शासन द्वारा सेवाएं समाप्त कर दिये जाने के विरोध में लखनऊ स्थित शिक्षा निदेशक माध्यमिक के शिविर कार्यालय 18 पार्क रोड, लखनऊ पर 01 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे से संगठन के अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में एक दिवसीय धरना होगा।संगठन के प्रवक्ता एवं प्रदेशीय उपाध्यक्ष डा. आरपी मिश्र ने बताया है कि शासन के आदेश के विरूद्व 01 दिसम्बर को प्रदेश के हजारों शिक्षक धरने में सम्मिलित होकर अपनी एकजुटता प्रदर्शित करेंगे। धरने के समापन अवसर पर संगठन द्वारा शिक्षा निदेशक माध्यमिक के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन प्रस्तुत किया जायेगा जिसमें शासन द्वारा तदर्थ शिक्षकों की सेवायें समाप्त करने के निर्णय पर पुनर्विचार करते हुए उन्हें सेवा में बनाये रखने की मॉग की जायेगी।

# लखनऊ में 5000 एकड़ की नई आवासीय योजना लांच करेगी आवास विकास परिषद

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद लखनऊ में 5000 एकड़ की एक और आवासीय योजना लाने की तैयारी कर रही है ।इसको लेकर बोर्ड बैठक में विस्तार से चर्चा हुई है। योजना में करीब 6 लाख लोग निवास करेंगे। बोर्ड बैठक में तय हुआ कि नई योजना को शहर के प्रमुख स्थानों से जोड़ने के लिए एलिवेटेड रोड बनाया जाए।बोर्ड ने इंजीनियरों को एलिवेटेड मार्ग का प्रस्ताव तैयार करने को कहा है इससे पता चलेगा कि निर्माण पर कितना खर्चा आएगा। एलिवेटेड रोड के निर्माण का पूरे खर्च का भार योजना की जमीन पर डाला जाएगा।इसी आधार पर लोगों को भविष्य में प्लॉट और मकान मिलेंगे।आवास विकास परिषद ने लखनऊ के वृंदावन योजना में 480 जी प्लस थ्री व एलआईजी के 576 मकानों की बुकिंग शुरू की है। फैसला हुआ है कि 10 बार नीलामी पर लग चुकीं संपत्तियों की कीमत अंतिम बार लगी बोली के आधार पर आरक्षित माना जाएगा। इसके आगे नीलामी की जाएगी। 20 दिनों तक नीलामी प्रक्रिया चलेगी।उच्चतम बोली दाता को 20 दिनों तक इंतजार करना होगा। परिषद के सचिव डॉ नीरज शुक्ला के मुताबिक लखनऊ में 5000 एकड़ में नई योजना पर को बोर्ड बैठक में चर्चा हुई। 6 लाख लोगों के आवागमन के लिए नए मार्गों की जरूरत होगी। इसके लिए एलिवेटेड रोड पर विचार किया गया। इंजीनियर विस्तृत रिपोर्ट तैयार कराएंगे। आवास विकास परिषद की नई योजनाएं सुल्तानपुर रोड से लेकर रायबरेली रोड तथा अयोध्या रोड के बीच विकसित होने वाली हैं। इन मार्गों पर पहले से ही ट्रैफिक का काफी लोड है।नई योजनाओं के विकास से शहीद पथ, किसान पथ, सुल्तानपुर रोड, अयोध्या रोड तथा रायबरेली रोड पर यातायात का दबाव और बढ़ने की आशंका है। इसी वजह से तय किया गया कि नई विकसित होने वाली योजनाओं के लिए एलिवेटेड मार्ग का विकल्प तैयार किया जाए।

# रोडवेज बसों में लगेगी एंटीस्लीप डिवाइस

**लखनऊ।** परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में जल्द ही एंटी स्लीप डिवाइस लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रायोगिक तौर पर 10 बसों में यह लगाया जा रहा।परिवहन मंत्री ने बताया कि एंटी स्लीप डिवाइस लगाये जाने के लिए एजेंसी का चयन हो चुका है। उन्होंने बताया कि मे इन्सेप्टम टेक्निक सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड का चयन विभाग द्वारा किया गया है। उन्होंने कहा कि यदि यह सफल रहा तो जल्द ही प्रथम चरण में 680 बसों में एंटी स्लीप डिवाइस लगाई जाएगी।परिवहन मंत्री ने बताया कि एंटी स्लीप डिवाइस यात्रियों की सुरक्षा के लिए बहुत ही कारगर साबित होगा।

# आर्यकुल कॉलेज में मनाया गया राष्ट्रीय प्रेस दिवस

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ के बिजनौर स्थित आर्यकुल कॉलेज ऑफ एजुकेशन के पत्रकारिता विभाग में राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया गया। राष्ट्रीय प्रेस दिवस को मनाने के लिए कॉलेज के प्रबंध निदेशक डॉ. सशक्त सिंह ने आर्यकुल कॉलेज की परंपरा के अनुसार कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की। इस दौरान कॉलेज में इस वर्ष की थीम %आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में मीडिया% पर एक वेबिनार भी आयोजित किया। आर्यकुल कॉलेज के प्रबंध निदेशक डॉ. सशक्त सिंह ने वेबिनार को संबोधित करते हुए सभी पत्रकारों और पत्रकारिता से जुड़े लोगों को राष्ट्रीय प्रेस दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक देश में प्रेस की स्वतंत्रता एक मौलिक ज़रूरत है। स्वतंत्र, निष्पक्ष और साहसिक पत्रकारिता के बल पर ही एक सशक्त राष्ट्र निर्माण संभव है। इस दौरान राष्ट्रीय प्रेस दिवस कार्यक्रम और ऑनलाइन वेबिनार के मुख्य अतिथि टाइम्स नाउ के वरिष्ठ पत्रकार आमिर हक ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर बात करते हुए कहा कि पत्रकारिता के छात्रों को ईमानदारी से और बिना पक्षपात के समाचार रिपोर्ट करना सिखाया जाना चाहिए। एआई विकल्पों पर काम करता है और कभी भी किसी के मूल काम की जगह नहीं ले सकता और साथ ही हमें अपनी रचनात्मकता पर ध्यान देना चाहिए। इस अवसर पर आर्यकुल ग्रुप ऑफ कॉलेज के फार्मेसी विभाग के डिप्टी डायरेक्टर डॉ.आदित्य सिंह, फार्मेसी विभाग के एचओडी बी.के. सिंह, प्रबंधन - पत्रकारिता व शिक्षा विभाग की डिप्टी डायरेक्टर डॉ.अंकिता अग्रवाल, पत्रकारिता विभाग के एचओडी डॉ. अजय शुक्ला, प्रबंधन विभाग के एचओडी डॉ अब्दुल रब ख़ान, शिक्षा विभाग के एचओडी प्रणव पांडेय, शिक्षा विभाग के प्रिंसिपल एस.सी. तिवारी और पत्रकारिता विभाग की प्रो. डॉ. रेखा सिंह, विनिता दीक्षित, माधुरी शुक्ला, अनामिका ओझा के साथ अन्य शिक्षक गण, स्टाफ व पत्रकारिता विभाग के विद्यार्थियों ने वेबिनार को ज्वाइन किया।

# 18 से 25 नवम्बर तक चलेगा प्रत्येक बच्चे के समानता व समावेशन के लिए अभियान

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

पावर एंजिल्स तथा बाल संसद के नेतृत्व में दिनांक 18 नवम्बर से 25 नवम्बर तक प्रत्येक बच्चे के लिए समानता और समावेशन थीम पर आधारित हर बच्चे के लिए हर अधिकार कैम्पेन आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया। इस हेतु प्राथमिक और उच्च प्राथमिक एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में विभिन्न गतिविधियां संचालित करायी जायेगी। प्राथमिक और उच्च प्राथमिक एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में समयसारिणी के अनुसार गतिविधियों के संचालन हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाये।इस सम्बध में राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय द्वारा प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण मण्डलीय सहायक शिक्षानिदेशक बेसिक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी समस्त जनपदों हेतु आवश्यक निर्देश जारी कर दिये गये है।कार्यक्रम की मुख्य थीम ''लैंगिक समानताः- सभी छात्र-छात्राओं के लिए समान अवसर, देखभाल और समर्थनः परिवारों,घरों, स्कूलों, खेल, कैरियर, स्वास्थ्य देखभाल और बाल संरक्षण सुविधाओं, समुदाय, सार्वजनिक जीवन में हर बच्चे के लिए चौंपियन बनें'' पर आधारित होगी। प्रमुख गतिविधियां के अन्तर्गत 18 नवम्बर को विद्यालय स्तर पर शिक्षक छात्र अतिथि वक्ता अधिकारियों, विशेषज्ञों, चौंपियनों द्वारा थीम और राज्य सरकार और भारत सरकार द्वारा बनाये गये बच्चों के लिए कानूनों, योजनाओं और लाभों पर चर्चा की जायेगी, 20 नवम्बर को मनोरंजन के साथ सीखें-बाल अधिकार विषय पर प्रश्नोत्तरी, कहानी, कविता, नारा, वाद-विवाद, विज्ञान-परियोजना, हस्तशिल्प, गीत, नृत्य, नाटक 21नवम्बर को खेलने का अधिकार, खेल दिवस का आयोजन इनडोर, आउटडोर खेल, बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता की जांच की जायेगी, 22 नवम्बर को मीना मंच, पावर एंजल्स के नेतृत्व में स्कूल एवं समुदाय में नुक्कड़ नाटक, छात्र पुलिस कैडेट, स्काउट्स और गाइड का आयोजन। 23 नवम्बर को माता-पिता और समुदाय के लिए बच्चों द्वारा बनाई गई पेंटिंग शिल्प की प्रदर्शनी, बाल मेला बाल अधिकार उत्सव-सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन, कैरियर पोर्टल, मानसिक स्वास्थ्य परामर्श एवं साइबर सुरक्षा का मॉकड्रिल कराने, 24 नवम्बर को बच्चों के लिये फिल्म महोत्सव आयोजित करायें।

हर दिन एक अच्छी फिल्म दिखाएं 14-20 नवंबर बच्चों को प्रेरित करने के लिए अपनी यात्रा, उपलब्धियों के बारे में साझा करने के लिए एक अतिथि वक्ता अधिकारी, डॉक्टर, इंजीनियर पुलिस अधिकारी, खिलाड़ी, लोकप्रिय कलाकार को आमंत्रित करें, छात्रों के साथ पाठ आयोजित करें शिक्षकों के संदर्भ हेतु सरल मॉड्यूल उपलब्ध है। इसके अलावा 25 नवम्बर को छात्र प्रतिनिधि बाल संसद के सदस्यों तथा मीना मंच की टीम बनाकर बाल अधिकार लिंग समानता बाल सुरक्षा पर विद्यालय परिसर के अंदर तथा बाहर एक सर्वेक्षण करेंगे, जिसमें ऐसे स्थानों को चिन्हित करेंगे, जो बच्चों के लिये खतरा न हों यथा-टूटे हुये स्विच बोर्ड, खुला हुआ सोखपिट, गड्ढे, खुले एवं गिरे हुये बिजली के तार, कटीली झाडियां, बिजली का खम्भा, परिसर में जलभराव, असुरक्षित चहारदीवारी आदि स्थानों को साथियों के साथ एक सर्वेक्षण करते हुये सूचीबद्ध कर सुधारात्मक कार्यवाही हेतु प्रधानाध्यापक एवं ग्राम प्रधान को ज्ञापन प्रस्तुत करें।

## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# मध्य प्रदेश में नहीं दिखा चुनावी माहौल

**नेताओं के आरोप-प्रत्यारोप यहां तक कि कुछ सीटों पर निजी छींटाकशी के बयानों के चलते कभी-कभी लगा कि चुनाव हो रहे हैं वरना बड़े और मंझोले शहरों और जिला मुख्यालयों पर स्टार प्रचारकों की रैलियां के सिवाय कुछ नहीं दिखा। चुनाव के दौरान भाजपा के लिए प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, जेपी नड्डा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, स्मृति ईरानी तो कांग्रेस में प्रियंका गांधी, राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे वहीं सपा में अखिलेश यादव बाहर से आए स्टार प्रचारकों में शुमार रहे।**

*पहले नवरात्रि फिर दशहरा अब धनतेरस, दिवाली, गोवर्धनपूजा, भाई दूज और तुरंत बाद थमता प्रचार। मध्यप्रदेश में इस बार लगभग आधी से ज्यादा सीटों पर विधानसभा चुनाव जैसा कुछ लगा नहीं। बीच में खामोशी को चीरते एकाध प्रचार वाहन में लगे लाउडस्पीकर से प्रत्याशी के समर्थन में रिकॉर्डेड गीत व अपील क्या पता कितना असर डाल पाए? इस बार वाकई में विधानसभा चुनाव बिल्कुल कोलाहल विहीन रहा। नामांकन भरने से लेकर नाम वापसी तक जरूर थोड़ी सक्रियता दिखी लेकिन बाद में यह सक्रियता सिवाय बड़े नगरों के गांव-गांव, डगर-डगर नहीं दिखी। इसका मतलब यह नहीं कि मतदाता खामोश है। हवा का रुख भांपने वाले राजनीतिक पण्डित भी इस बार अलग ही दिखे। बावजूद इसके न तो भाजपा और न ही कांग्रेस यह मानने को तैयार नहीं कि सत्ता के सिंहासन में वह पीछे है। कौन जीतेगा, कौन हारेगा इसे लेकर प्रत्याशी चयन का सर्वे कहां हुआ किसने किया, किससे पूछा गया कुछ नहीं पता। बस पता है तो इतना कि चंद घण्टों बाद ईवीएम की बीप के साथ मत मशीन में दर्ज जाएगा। चुनाव बिना किसी लहर के होते दिख रहे हैं। इस बार कुछ इस तरह का माहौल शुरू-शुरू में बना कि लगा चुनाव में एन्टी इन्कम्बेन्सी दिखेगी लेकिन त्योहारों के दौरान जिस तरह की शांति और उदासीनता खासकर कांग्रेस में दिखी उससे सत्ता के समीकरण का गणित हल करने वाले भी अब थोड़ा सशंकित हैं। मध्यप्रदेश की 230 विधानसभा सीटों को लेकर अलग-अलग कयास हैं। प्रदेश की राजधानी और भोपाल-नर्मदापुरम संभाग का सियासी पारा मिला जुला सा लग रहा है। यहां 36 सीटें है जिस पर सीधी लड़ाई भाजपा और कांग्रेस के बीच है। इनमें भाजपा 12 तो कांग्रेस 10 विधानसभा में पूरे दमखम से लगी है जबकि 14 सीटों पर बहुत ही संघर्षपूर्ण स्थिति है। ग्वालियर-चंबल क्षेत्र का अपना अलग राजनीतिक रसूख है। यहां विधानसभा की 34 सीटों में 19 पर कांग्रेस तो 6 पर भाजपा और 2 पर बसपा चुनौती देती दिख रही है जबकि बाकी 7 पर कांटे का मुकाबला है। यहां बसपा में बढ़ोत्तरी के साथ सीटें 2018 जैसी आएं तो हैरानी नहीं होगी। इन्दौर संभाग की 37 सीटों पर काफी रोचक स्थिति दिख रही है। यहां 24 सीटों पर फिफ्टी-फिफ्टी वाली स्थिति है तो 8 सीटों पर संघर्षपूर्ण स्थिति और 4 सीटों पर भाजपा-कांग्रेस दोनों को भितरघातियों से डर है। जबकि 1 सीट पर बागी प्रत्याशी कांग्रेस के लिए मुश्किल बना है। उज्जैन संभाग की 29 विधानसभा सीटों पर भी स्थिति काफी कुछ साफ सी दिख रही है। यहां पर भाजपा 16 कांग्रेस 10 और 3 पर कांटे की स्थिति बनी हुई है। इस तरह मालवा-निमाड़, ग्वालियर चंबल, उज्जैन और भोपाल-नर्मदापुरम की 136 सीटों पर ऊंट किस करवट बैठेगा समझ आ रहा है। इस बार महाकौशल यानी जबलपुर संभाग की 38 सीटों को लेकर भाजपा-कांग्रेस दोनों ही आशान्वित हैं। लेकिन जनता का रुख और बागियों व भितरघातियों का खेला अलग ही कर दिखाने पर आमादा हैं। शहरी क्षेत्रों में कांग्रेस-भाजपा दोनों ने ही उम्मीदें पाल रखीं हैं। यहां कांग्रेस 16 भाजपा 11 और 1 पर निर्दलीय जबकि 10 पर स्थिति अस्पष्ट है। इसी को लेकर तेज गुफ्तगू सुनाई दे रही है। सागर संभाग में 26 विधानसभा सीटें हैं। यहां पर भाजपा 16 कांग्रेस 8 तो सपा-बसपा 1-1 पर चुनौती देती दिख रही है। आप पार्टी भी एक या दो सीटों पर कांग्रेस-भाजपा का समीकरण बिगाड़ सकती है। विन्ध्य अंचल जिसमें रीवा और शहडोल संभाग आते हैं यहां पर विधानसभा की 30 सीटें हैं। जिसमें 22 रीवा संभाग में तो 8 शहडोल संभाग में आती हैं। यदि रीवा पर नजर डालें तो वहां भाजपा 6 कांग्रेस 10 और 1 पर आप मजबूत दिख रही है। जबकि 5 पर कांटे की टक्कर झलक रही है। शहडोल संभाग में 3 पर कांग्रेस 2 पर भाजपा तो 3 में संघर्षपूर्ण नजारा बना हुआ है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**गोवा विधानसभा चुनाव में सेड आड्रे, वोडा, वेलिम तथा प्रियोल की विधान सभा सीटों पर जीत-हार का अन्तर महज 100 से 200 वोटों का था। लोकतंत्र के इस पावन पर्व पर मतदान करने का कर्तव्य हर परिस्थिति में अदा करना चाहिए और अपना एक अमूल्य वोट देकर एक कुशल मतदाता के कर्तव्य का पालन करना चाहिए। एक-एक अमूल्य वोट का प्रभाव चुनाव में आपके पांच वर्षो के सामाजिक, आर्थिक विकास के साथ ही साथ राष्ट्र के भविष्य को सुनिश्चित करता है। मतदान हमारा अधिकार ही नही वरन हमारा कर्तव्य भी है। अपने अमूल्य वोट की शक्ति को पहचानते हुए राष्ट्रहित, राज्यहित एवं समाजहित में वोट करने की विचारधारा के साथ शत प्रतिशत मतदान का संकल्प लें।**

# आन बान अरु शान से, सरकार बने मतदान से



रामेश्वर मिश्रा

**लोकतंत्र के महत्व को बताते हुए अब्राहम लिंकन ने लोकतंत्र के दर्शन को उजागर किया है और कहा कि लोकतंत्र लोगों का, लोगों के लिए, लोगों के द्वारा सरकार है। मतदान के माध्यम से मतदाता अपनी सरकार पर स्वामित्व की भावना रख सकते है मतदान के द्वारा महत्वपूर्ण परिवर्तन कर सकते है।**

लोकतंत्र के पर्व का बिगुल बज चुका है, मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सरकारी संस्थानों द्वारा रैलियां निकाली जा रही है है। विश्वविद्यालय, कालेज और स्कूलों द्वारा तख्तियों पर लिखे स्लोगन-'हम अपना कर्तव्य निभायेंगे, सब से मतदान करायेंगे'। 'आन बान अरु शान से, सरकार बने मतदान से'। 'प्रजा तंत्र से नाता है, हम भारत के मतदाता हैं', के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने के अभियान चलाया जा रहा है। पांच राज्यों के विधान सभा चुनाव होने में कुछ ही दिन शेष बचे है। पार्टियों के सिम्बल के झंडे, कटआउट एवं बैनर हर चौराहे, बाजारों में लगे हुए हैं। प्रतिनिधियों द्वारा मतदाताओं को रिझाने का भरसक प्रयास किया जा रहा है, देश भक्ति के 80 के दशक के फिल्मों के गीत बजाए जा रहे हैं। सड़कों और गलियों के पांच सालों के बकाया मरम्मत एवं निर्माण के कार्य को आचार संहिता के लगने के कुछ ही दिन पहले ही आनन-फानन में पूर्ण कर लिया गया है। दिल्ली से बड़े-बड़े पार्टी पदाधिकारियों द्वारा जनप्रतिनिधियों के कमियों को ढकने एवं रुठे कार्यकर्ताओं को मनाने का कार्य किया जा रहा है। वादो और अश्वासनो के ट्रंपकार्ड चलाये जा रहे हैं, बड़े-बड़े नेताओं के द्वारा सिद्दत के साथ मतदाता को चुनावी वादो की मृगमरीचिका में उलझा कर उनके अमूल्य वोट को अपने पाले में करने का प्रयास जारी है। लोकतंत्र के महत्व को बताते हुए अब्राहम लिकंन ने लोकतंत्र के दर्शन को उजागर किया है और कहा कि लोकतंत्र लोगों का, लोगों के लिए, लोगों के द्वारा सरकार है। मतदान के माध्यम से मतदाता अपनी सरकार पर स्वामित्व की भावना रख सकते है और मतदान के द्वारा महत्वपूर्ण परिवर्तन कर सकते है। मतदाता अपने मत के चोट से एक सशक्त और सुदृढ़ स्थिर सरकार का चयन करता है जिसके फलस्वरूप देश का सम्पूर्ण विकास संभव होता है। मतदान लोकतंत्र की आवाज है, मतदान निर्णय लेने या अपना विचार प्रकट करने की एक विधि है जिसके द्वारा हम अपने जन प्रतिनिधि का चुनाव करते है। 25 जनवरी 2023 को हमारे द्वारा 13 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया जिसका स्लोगन था वोटिंग जैसा कुछ भी नही, मै जरुर वोट देता हूं । राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मतदाताओं को जागरुक करने एवं मतदान का महत्व बतलाने का कार्य किया जाता है। स्वतंत्र




**मतदान लोकतंत्र की आवाज है, मतदान निर्णय लेने या अपना विचार प्रकट करने की एक विधि है जिसके द्वारा हम अपने जन प्रतिनिधि का चुनाव करते है। 25 जनवरी 2023 को हमारे द्वारा 13 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया जिसका स्लोगन था वोटिंग जैसा कुछ भी नही, मै जरुर वोट देता हूं।**

लोकतंत्र के निर्माण से स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण होता है। शत प्रतिशत मतदान के फलस्वरूप ज्यादा पारदर्शी सरकार का गठन होता है। मतदाता सरकार चुनते है और सरकार अपने उत्तर दायित्वों का पालन कर राष्ट्र को सशक्त बनाने का कार्य करती है। भारतीय संविधान के इकसठवाँ संविधान संशोधन अधिनियम 1988 के द्वारा मतदान की आयु 21 वर्ष के कम करके 18 वर्ष कर दिया गया और इस प्रकार अब 18 वर्ष के प्रत्येक व्यस्क नागरिकों को मतदान का अधिकार प्राप्त है। लोकतंत्र पर महात्मा गाँधी जी का विचार था कि ÷इसमें कमजोर से कमजोर व्यक्ति के पास भी उतने अधिकार या अवसर होने चाहिए जितने की ताकतवर के पास÷। आज से कुछ ही दिन बाद पांच राज्यों के विधान सभा चुनाव होने है, इन पांच राज्यो के विधान सभा चुनाव में मतदान करना भारतीय लोकतंत्र के आदर्श मूल्यो का प्रतीक है। लोकतंत्र में हम ऐसे जनप्रतिनिधियों का चुनाव करते है जो हमारे सुख-दुख एवं सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में सजग होते है तथा जो सरकार को स्थिर और पांच साल के समयावधि को पूर्ण कराने में सहायक होते है परंतु कभी कभी हम ऐसे जनप्रतिनिधियों का चुनाव करते है जो अपनी सत्ता की महत्वाकांक्षा में अपने निजी स्वार्थो को पूरा करने के लिए पार्टी बदल लेते है तथा कभी कभी धन और पद की अभिलाषा में त्यागपत्र देकर सरकार को अस्थिर बना देते है। ऐसे में हम मतदाता का पहला कर्त्तव्य यह है कि लोकतंत्र के महापर्व को सफल बनाने के लिए पहले मतदान के प्रतिशत को अधिकतम तक पहुंचाये तथा जनप्रतिनिधियों का चुनाव करते समय सावधानी बरते कुशल, ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ एवं राष्ट्रनिष्ठ प्रत्याशियों के ही चुनाव चिन्ह पर बटन दबाए जिससे हम मतदाताओं को पांच सालो तक पछताना न पड़े। इस वर्ष के राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर दिया गया स्लोगन हमें याद रखना चाहिए जिसकी थीम वोटिंग जैसा कुछ भी नही, मै जरुर वोट देता हूं, इस थीम को हमे ध्यान रखना चाहिए जिससे मतदान का प्रतिशत अधिकतम हो सके। पिछले साल हुए पांच राज्यो के विधान सभा चुनाव में हार-जीत का अन्तर कई विधान सभाओं में नोटा के वोट से भी कम का था। सन् 2022 के मार्च महीने में हुए चुनाव के परिणाम पर यदि नजर डालें तो उत्तर प्रदेश में दस ऐसी सीटें थी जिसकी जीत-हार का अन्तर 500 वोटो से कम का था एवं पांच विधानसभा सीटे ऐसे थी जिसमें जीत का अन्तर 1000 वोटो से कम का था। पिछली विधानसभा चुनाव 2018 के मध्य-प्रदेश के चुनाव परिणाम पर नजर डालें तो स्पष्ट है कि मध्य प्रदेश विधानसभा की कई सीटें ऐसी थी जहाँ जीत हार का अन्तर बहुत ही कम का था। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में ग्वालियर की दक्षिणी विधानसभा सीट पर 121 वोटो के अन्तर से चुनाव जीत हुई तथा दस ऐसी विधानसभा सीट थी जहां जीत-हार का अन्तर 1000 से कम वोट का था, इसके साथ ही साथ 18 सीटें ऐसी थी जहाँ 2000 के कम के अन्तर से जीत-हार हुई थी। पिछले साल हुए विधानसभा चुनावों के परिणाम पर नजर डालें तो जालन्धर विधानसभा सीट पर आप पार्टी ने कांग्रेस के निकटतम प्रत्याशी को 274 वोट के मामूली अन्तर से चुनाव हराया था। इस प्रकार से उत्तराखंड विधानसभा की अल्मोड़ा सीट पर कांग्रेस ने अपने निकटतम भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को 127 वोटों के मामूली अन्तर से हराया था।

## एक्सप्रेस कविता

*सिर्फ युद्ध का उन्माद, डरा देता है अंदर तक, दिल और दिमाग सहम जाते हैं, आने वाले कल की भयानक तस्वीर, विभीषिका मानव को कम्पित कर देती है। क्या हम भूल गए नागासाकी की विभीषिका को, अभी भी जापान में मानव जाति कराह रही है, अणु और परमाणु बमों की त्रासदाई पीड़ा और संत्रास से, क्या हम भूल गए हिरोशिमा के विनाश को,जहां मानवता रोती कराहती बिलबिला रही है, निर्दयी बम और बारूद के निर्दयी संताप से। मानव की कई पीढ़ियां उसके प्रभाव को झेल रही है। अब फिर विश्व, युद्ध की कगार पर, पाकिस्तान कई बार भारत से हार कर, नहीं समझ में आती उसे शांति-नीति, उसे न जाने क्यों हिंसा से है प्रीति। लो चीन फिर विस्तारवाद की ओर, आंखों में सत्ता विस्तार की अंधी हवस।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

**इंसान के जिस्म का सबसे खुबसूरत हिस्सा दिल होता है, अगर वही साफ़ नहीं है तो चमकता चेहरा किसी काम का नहीं**





*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | चतुर्थी 11:02 तक |
| नक्षत्रः | पूर्वाषाढ़ा 25:08 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | शुक्रवार |
| योगः | धृति, 07:32 |
| सूर्योदयः | 06:48 |
| सूर्यास्तः | 17:22 |
| चंद्रमाः | धनु राशि में |
| राहुकालः | 10:46-12:05 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वतः | 1944 |
| मासः | कार्तिक |
| शुभ मुहूर्तः | 11:44-12:26 |

## जन एक्सप्रेस

### दरम्यान चुनाव के !

*जांच होना चाहिए ।*
*वितरण जो सामान ।।*
*दरम्यान चुनाव के ।*
*हुए मेहरबान ।।*
*आई बात सामने ।*
*है रहना तैयार ।।*
*कहां कहां है गड़बड़ी ?*
*और किस प्रकार ।।*
*दे रहे हैं खुल कर ।*
*सार्वजनिक बयान ।।*
*लगता कुछ कुछ उनको ।*
*हुआ शायद ज्ञान ।।*
*है सबको अधिकार ।*
*हो सारा स्पष्ट ।।*
*हो सकती है कैसे ?*
*किसी को भी कष्ट ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# सर्दियों में करें शिलाजीत का सेवन शरीर को मिलेंगे जबरदस्त फायदे



**शिलाजीत** का नाम आते है, कई लोगों को लगने लगता है कि इसे सिर्फ पुरुष अपनी फिजिकल स्ट्रेंथ बढ़ाने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। जबकि असलियत में ऐसा बिल्कुल नहीं है, शिलाजीत डॉक्टर से परामर्श के बाद पुरुष के अलावा औरतें और बच्चे भी ले सकते हैं। शिलाजीत के सेवन से फिजिकल स्ट्रेंथ के साथ इम्यूनिटी बूस्ट होती है। जो लोग शिलाजीत का नाम आते ही ये सोचने लगते हैं कि ये एक सेक्स की मेडिसिन है और इसे सेक्स पावर बढ़ाने के लिए ही लिया जाता है तो ये बात सही नहीं है।

**सर्दियों में शिलाजीत के फायदे:** सर्दियों के मौसम में शरीर में ब्लड सर्कुलेशन धीमा हो जाता है, ऐसे में शिलाजीत के सेवन से आपके शरीर का ब्लड सर्कुलेशन इंप्रूव हो सकता है। शिलाजीत सर्दियों में एक टॉनिक की तरह काम करता है, जिसके सेवन से आपकी इम्यूनिटी बूस्ट हो सकती है। शिलाजीत के सेवन से आप कई तरह की बीमारियों से बच सकते हैं। जिन लोगों को यूरिन से जुड़ी समस्याएं हैं, उनके लिए भी शिलाजीत का सेवन फायदेमंद होता है। जिन लोगों को कमजोरी की शिकायत रहती है, उनके लिए भी शिलाजीत फायदेमंद साबित होता है। डायबिटीज के मरीज, जिन्हें कमजोरी महसूस होती है वह भी शिलाजीत का सेवन कर सकते हैं। शिलाजीत में जरूरी मिनरल्स के साथ कई पोषक तत्व होते हैं, जिनके सेवन से दिल संबंधी समस्याएं कम होती हैं। शिलाजीत के सेवन से शरीर को एनर्जी मिलती है, जिससे आप दिनभर एक्टिव महसूस करेंगे। शिलाजीत का नियमित सेवन ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद कर सकता है और हाई ब्लड प्रेशर से बचाव कर सकता है।

**सर्दियों में शिलाजीत का सेवन कैसे करें?:** शिलाजीत को खरीदने से पहले आप इस बात का खास ध्यान रखें कि आप किसी अच्छी कंपनी का शिलाजीत ही लें। बाजार में आपको कई बार ऐसे लोग मिल जाएंगे जो आपको शुद्ध शिलाजीत बेचने का प्रयास करेंगे, ऐसे लोगों से शिलाजीत न खरीदें। सड़क किनारे मिलने वाला शिलाजीत प्योर यानी शुद्ध नहीं होगा। वहीं अगर आप किसी कंपनी का शिलाजीत लेंगे तो आपको शुद्ध शिलाजीत मिल सकता है। शिलाजीत का तासीर गर्म होती है, ऐसे में इसका सेवन करने से पहले अपने डॉक्टर से परामर्श जरूर लें। शिलाजीत को आप दूध के साथ ले सकते हैं। बाजार में कई बड़ी कंपनियां शिलाजीत के कैप्सूल भी बनाती हैं आप डॉक्टर के परामर्श पर इन्हें भी ले सकते हैं।

## एक्सप्रेस विशेष

# छंटने लगा अयोध्या की उदासी का अंधेरा



डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

**सीएम योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री बनने के बाद तीर्थाटन को अर्थव्यवस्था और सामाजिक एकात्मता से जोड़ने का कार्य किया। पिछले कुंभ में उन्होंने मंत्रिमंडल की बैठक प्रयागराज में आयोजित की थी। यह विकास और संस्कृति के लिए सरकार की प्रतिबद्धता थी।**

**उत्तर प्रदेश में गंगा नदी, यमुना नदी एवं अन्य प्रमुख नदियों में कुल ग्यारह राष्ट्रीय जलमार्ग स्थित है। प्रदेश में अपेक्षाकृत सस्ती परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने हेतु जल परिवहन एवं जल पर्यटन को विकसित करने के उद्देश्य से प्रदेश स्तर पर भी अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण का गठन किया जाना है। इस प्राधिकरण के गठन से देश में जल परिवहन, जल पर्यटन तथा पोत परिवहन एवं नौ-वहन के क्षेत्र में विकास, पर्यावरणीय सुरक्षा को विकसित किया जा सकेगा।**



**छह** वर्ष पहले तक अयोध्या उदास और उपेक्षित थी...। आजादी के बाद अपने को सेक्युलर बताने वाली सरकारों को काशी-मथुरा-अयोध्या का नाम लेने में झिझक होती थी। यहां पर्यटन के अनुरूप विकास करने में संकोच होता था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की डबल इंजन सरकार ने इस धारणा को बदल दिया। यह दुनिया जानती है कि उत्तर प्रदेश तीर्थाटन के लिहाज से बहुत समृद्ध रहा है। यहां के काशी, मथुरा, अयोध्या और सारनाथ जैसे तीर्थस्थल विश्व प्रसिद्ध है। सदियों से चलने वाले अनेक मेले भी बहुत प्रसिद्ध हैं। योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री बनने के बाद तीर्थाटन को अर्थव्यवस्था और सामाजिक एकात्मता से जोड़ने का कार्य किया। पिछले कुंभ में उन्होंने मंत्रिमंडल की बैठक प्रयागराज में आयोजित की थी। यह विकास और संस्कृति के लिए सरकार की प्रतिबद्धता थी। अयोध्या में पांच सदियों का सपना साकार होने जा रहा है। जनवरी में भव्य श्रीराम मंदिर का लोकार्पण होगा। इसके पहले योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में मंत्रिमंडल की बैठक कर सुशासन का संदेश दिया। अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए। श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद के गठन का प्रस्ताव पारित किया। कैबिनेट के निर्णय के मुताबिक अयोध्या में भारतीय मंदिर वास्तुकला संग्रहालय की स्थापना होगी। अयोध्या शोध संस्थान को अंतरराष्ट्रीय अयोध्या रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया। श्री देवीपाटन धाम तीर्थ विकास परिषद, शुकतीर्थ क्षेत्र परिषद के गठन का प्रस्ताव पारित भी पारित किया गया। लक्खी मेला हाथरस, मकर संक्रांति तथा बसंत पंचमी मेला अयोध्या, गंगा स्नान मेला अनूपशहर और बुलंदशहर तथा देव दीपावली काशी के प्रांतीयकरण का निर्णय उल्लेखनीय है। यह कहने में संकोच नहीं कि केवल अस्था ही नहीं, तीर्थाटन और पर्यटन की दृष्टि से तीर्थनगरों का विश्व स्तरीय विकास शुरू किया गया है। योगी आदित्यनाथ द्वारा शुरू किए गए दीपोत्सव से अयोध्या की उदासी का अंधेरा छंटने लगा है। इसी के साथ एक सन्देश भी निर्मित हो गया- तमसो मा ज्योतिर्गमय अर्थात अंधेरे से ज्योति की ओर बढ़ने का प्रतीक बन गई है अयोध्या। दीपों का यह पर्व भारत की सांस्कृतिक अस्मिता को सम्पूर्ण प्रकाश के साथ अभिव्यक्त करने का अवसर बन गया। अयोध्या को आधुनिक स्मार्ट सिटी के तौर पर विकसित किया जा रहा है। सरकार ने सैकड़ों पर्यटकों के सुझाव के बाद एक विजन डॉक्यूमेंट भी तैयार किया है। अयोध्या के विकास की परिकल्पना एक आध्यात्मिक केंद्र, वैश्विक पर्यटन हब और एक स्थायी स्मार्ट सिटी के रूप में की जा रही है। कनेक्टिविटी में सुधार के प्रयास जारी हैं। इनमें एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन के विस्तार, बस स्टेशन, सड़कों और राजमार्गों व ढांचा परियोजनाओं का निर्माण शामिल है। ग्रीनफील्ड टाउनशिप भी प्रस्तावित है। इसमें तीर्थ यात्रियों के ठहरने की सुविधा, आश्रमों के लिए जगह, मठ, होटल, विभिन्न राज्यों के भवन आदि शामिल हैं। इसके अलावा अयोध्या में मंत्रिपरिषद ने उत्तर प्रदेश अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के गठन के लिए उत्तर प्रदेश अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण विधेयक का पारण विधानमंडल से कराये जाने के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है। उत्तर प्रदेश में गंगा नदी, यमुना नदी एवं अन्य प्रमुख नदियों में कुल ग्यारह राष्ट्रीय जलमार्ग स्थित है। प्रदेश में अपेक्षाकृत सस्ती परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने हेतु जल परिवहन एवं जल पर्यटन को विकसित करने के उद्देश्य से प्रदेश स्तर पर भी अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण का गठन किया जाना है। इस प्राधिकरण के गठन से देश में जल परिवहन, जल पर्यटन तथा पोत परिवहन एवं नौ-वहन के क्षेत्र में विकास, विनियमन एवं पर्यावरणीय सुरक्षा को विकसित किया जा सकेगा। प्रदेश के उत्पादों को बेहतर एवं सस्ती दरों पर देश के अन्य राज्यों तथा विदेशों में निर्यात का अवसर प्राप्त होगा।

# गांव-गांव दस्तक देकर लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने में जुटा सरकारी महकमा






**जन एक्सप्रेस । सुनहरा**

**लखीमपुर खीरी।** प्रमुख सरकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के लिए जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में पीएम विकसित भारत संकल्प यात्रा का आईईसी (सूचना, शिक्षा और संचार) रथ बाजे गाजे के साथ खीरी जिले के सुदूरवर्ती सीमावर्ती जनजातीय क्षेत्र के ग्राम सिगाहिया, कजरिया पहुंचा, जहां नोडल अधिकारी डीसी मनरेगा विपिन कुमार चौधरी एवं परियोजना अधिकारी यूके सिंह के संयुक्त नेतृत्व में बड़ी संख्या में जनजातीय समुदाय को योजनाओं से संतृप्त किया गया।डीसी (मनरेगा) विपिन कुमार चौधरी ने कार्यक्रम की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताते हुए कहा कि यह यात्रा लोगों के पास जाने, जागरूकता पैदा करने और स्वच्छता सुविधाओं, आवश्यक वित्तीय सेवाओं, बिजली कनेक्शन, एलपीजी सिलेंडर तक पहुंच, गरीबों के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवा, स्वच्छ पेयजल जैसी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने पर केंद्रित है।परियोजना अधिकारी यूके सिंह ने कहा कि इस रथ यात्रा का प्रमुख घटक यह है कि न केवल सूचनाओं का प्रचार-प्रसार कर रहा बल्कि योजनाओं के बारे में लाभार्थियों और आमजन से फीडबैक भी एकत्रित किया जा रहा है।इस मौके पर दोनों जनजातीय गांव में आईईसी रथ के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनजातीय क्षेत्र के लिए किए गए कार्यों से संबंधित वीडियो का प्रसारण भी किया गया।यात्रा के दौरान स्वास्थ्य शिविर, आधार नामांकन जैसी सेवाएं भी कार्यक्रम स्थल पर प्रदान की गई। ड्रोन प्रदर्शन और मृदा स्वास्थ्य कार्ड और प्राकृतिक खेती पर प्रगतिशील किसानों के साथ बातचीत जैसी कृषि गतिविधियाँ भी हुई। यह वैन (रथ) गांव पहुंचकर ग्रामीणों को केंद्रीय योजनाओं के बारे में बताते हुए उनसे जुड़ने एवं अपने जीवन को संवारने के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया और अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई।विभिन्न योजनाओं के लिए पात्र व्यक्तियों को सूचीबद्ध करते हुए उनका न केवल आवेदन प्राप्त किया बल्कि उन्हें लाभान्वित किए जाने पर भी काम हुआ। इस मौके पर सैम श्रेणी के लिए चिन्हित बच्चों को पोषण पोटली (सुपोषण किट) प्रदान की।

### वृद्ध , असहाय थारू पुरुष, महिलाओं को बाटें कंबल

कार्यक्रम में नोडल अधिकारी विपिन कुमार चौधरी व परियोजना अधिकारी यूके सिंह ने दोनों ग्रामों में ग्राम प्रधान द्वारा चिन्हित वृद्ध असहाय थारू जनजाति के पुरुष महिलाओं को कंबल वितरित किए।

### कृषि वैज्ञानिकों ने बताए श्री अन्न के फायदे

कृषि वैज्ञानिकों ने कृषकों को श्री अन्न के उपभोग के फायदे बताते हुए अवगत कराया गया कि विश्व पटल पर आज श्री अन्न के उपभोग में वृद्धि हो रही है। श्री अन्न में प्रचुर मात्रा प्रोटीन, फाइबर होता है जिसके उपभोग से कई बडी-बडी बिमारियों जैसै शुगर, उच्च रक्त चाप, मोटापा आदि से बचा जा सकता है। कृषकों को श्री अन्न के उपभोग एवं उत्पादन के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि श्री अन्न शरीर को स्वस्थ्य रखने के सबसे सस्ते साधन है इनके सेवन से इंसान तमाम प्रकार की बीमारी से बचा जा सकता है।

### स्वास्थ्य शिविर: जनजातीय क्षेत्र सिगाहिया, कजरिया में लगा स्वास्थ्य शिविर

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा एमओआईसी पलिया के नेतृत्व में रोस्टर के अनुसार ब्लॉक पलिया के जनजातीय क्षेत्र ग्राम सिगाहिया एवं कजरिया में स्वास्थ्य मेला आयोजित हुआ, जिसमें एएनएम, सीएचओ, स्थानीय स्तर पर उपलब्ध टैक्नीकल स्टाफ/ कर्मचारियों द्वारा सिकैल सेल एनीमिया एलीमिनेशन मिशन, गैर संचारी रोग (एनसीडी), क्षय रोग सम्बन्धित स्क्रीनिंग, जॉच, सलाह दी गई। आयुष्मान कार्ड सत्यापन कार्य सम्पादित किया।

### 17 को बनकटी एवं भूड़ा पहुंचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा: डीएम

जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि 17 नवंबर को दिवस नोडल अधिकारी जिला विकास अधिकारी दिनकर विद्यार्थी के नेतृत्व में विकसित भारत संकल्प यात्रा जनजातीय क्षेत्र बनकटी एवं भूड़ा पहुंचेगी, अफसर की पूरी टीम इन दोनों गांव में दस्तक देकर केंद्र व प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर काम करेगी। पूरा प्रयास है कि कोई भी जनजातीय क्षेत्र का पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित न रहने पाए।



## प्रेस क्लब मोहम्मदी की मासिक बैठक संपन्न

**जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी-खीरी**

प्रेस क्लब मोहम्मदी की मासिक बैठक नगर पालिका सभागार में विमल सिंह के अध्यक्षता में संपन्न हुई प्रेस क्लब अध्यक्ष शिवम राठौर ने लगातार मासिक बैठक में अनुपस्थित रहने पर बगैर कारण बताएं प्रेस क्लब से हटा दिया जाएगा प्रेस क्लब को मजबूत बनाने के लिए पदाधिकारीओ से चर्चा की महामंत्री तनवीर सिद्दीकी ने कहा कि क्लब के सभी साथी जन समस्याओं को प्रमुखता से प्रकाशित करे और उन समस्याओं से प्रशासन को भी अवगत कराये ताकि आम जन मानस को उन समस्याओं से छुटकारा मिल सके। वही ग्रुप के सभी साथियों ने प्रेस दिवस के अवसर पर प्रेस क्लब के संरक्षक डॉ सुभाष चन्द्र गुप्ता व वरिष्ठ पत्रकार हरबंस सिंह को शाल उढा कर सम्मानित किया तथा उनकी दीर्घ आयु की कामना की।इस मौके पर मोहम्मद इलियास, सिदाकत मंसूरी, रियासत अली, फिरोज मंसूरी, अमित कुशवाहा ,अर्जुन राठौर, शुभम कुमार, जाकिर खान, इमरान मंसूरी, गोपाल , शादाब खान, शमशाद खान, बबली शारिब अली ,मोहम्मद असलम रजा ,तौहीद मंसूरी शहवाज सिद्दीकी सहित समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे।



## फास्ट फॉरवर्ड

### बिजली के खंभे से टकराई बाइक, 2 लोग हुए घायल

**जन एक्सप्रेस/सीतापुर।** गोड़ैचा-सदरपुर मार्ग पर अनियंत्रित बाइक सड़क के किनारे विद्युत पोल से जा टकराई। दुर्घटना में चालक समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में घायलों को इलाज के लिए सीएचसी महमूदाबाद लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में एक को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया, जबकि दूसरे को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। ट्रामा सेंटर ले जाते समय एक युवक की रास्ते में मौत हो गई। सदरपुर के बैरागीपुर निवासी दिलीप भार्गव (25) पुत्र रामसरन बुधवार की सुबह अपनी पत्नी को लेकर भैयादूज के मौके पर ससुराल खुसुरुवा गया था। शाम को वहां से साले नन्हू (24) पुत्र दिनेश के साथ अपने घर बैरागीपुर आया और वहां से महमूदाबाद चला गया। दिलीप अपने साले के साथ महमूदाबाद से खुसुरुवा जा रहा था तभी गोड़ैचा चौराहे से सौ मीटर दूर सदरपुर मार्ग पर इनकी बाइक सड़क के किनारे विद्युत पोल से टकरा गई। दुर्घटना में घायल दोनों युवकों को इलाज के लिए सीएचसी महमूदाबाद लाया गया जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दिलीप भार्गव को गंभीर हालत में ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया और नन्हू को छुट्टी दे दी। ट्रामा सेंटर ले जाते समय रास्ते में दिलीप भार्गव की मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बगैर शव को अंतिम संस्कार कर दिया।

### पीड़िता की खबर प्रकाशित होने के बाद आरोपी ने दी पत्रकार को फोन पर धमकी

**जन एक्सप्रेस/सीतापुर।** पीड़ित महिला की खबर छापने पर उसके पति ने पत्रकार एपी सिंह को फोन पर धमकी दी है,कोतवाली देहात क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम महमूदपुर लहरपुर कसरैला रोड नई प्लाटिंग नैपालापुर की रहने वाली पीड़िता मंजू देवी के पति कुलवंत सिंह पटेल ने मोबाइल नंबर 9936653882 से धमकी दी है कि अगर खबर छापते है तो परिणाम ठीक नहीं होगा।पत्रकार यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन लखीमपुर से महामंत्री है और पीड़िता की शिकायत पर आरोपियों की खबर छापी थी जिसको लेकर आरोपी दबंग कुलवंत सिंह पटेल ने धमकाया है और कहा कि अगर पीड़िता की मदद की या खबर छापी तो परिणाम ठीक नहीं होगा,दबंग पति कुलवंत सिंह पटेल,ससुर जितेन्द्र सिंह सहित सास देश रानी पर पीड़िता ने कोतवाली देहात में मुकदमा दर्ज कराया है,6 नवम्बर एवं सात नवंबर 2023 को पीड़िता मंजू देवी को पति और सास ससुर ने पीटा था जिसकी खबर को पत्रकार के द्वारा अखबार में छापा गया था जिसको लेकर कुलवंत सिंह पटेल फोन पर धमकी दी है।पीड़िता की शिकायत पर कोतवाली देहात पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है।इसी बात से खुन्नस खाकर आरोपी पति बौखलाये हुए हैं और पत्रकार को फोन कर धमकी दे रहे हैं।

### खनन को लेकर दो पक्षों में चले लाठी डंडे कई घायल

**जन एक्सप्रेस/मोहम्मदी खीरी।** रेहरिया पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम दिस्तापुर के निवासी निसार अली पुत्र लतीफ,व छेड़ीपुर निवासी लुकमान पुत्र इसराईल ने मासूम पुत्र नवाब अली ग्राम दिस्तापुर थाना मोहम्मदी के निवासी हैं प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना समय 15 /11/23 शाम 7ः00 लगभग की हैं,प्रार्थी ने अपना ट्रैक्टर न्यू हाइलैंड 3630 गांव के ही निसार अली पुत्र लतीफ निवासी दिस्तापुर से अपना ट्रैक्टर वापस लेने गया था !वहां पर पहले से मौजूद लुकमान अली पुत्र स्माइल व दो अज्ञात लोग थे,उन्होंने कहा कि हमारे यहां तुम्हारा कोई ट्रैक्टर नहीं है ,प्रार्थी ने कहा आप लोग से क्या लेना देना है मेरा ट्रैक्टर मेरे चाचा 3 दिन पहले लेने आए थे मैं वही ट्रैक्टर लेने आया हूं। इतने में विपक्षी लोग आग बबूला हो गए, और गंदी-गंदी गालियां देने लगे , तभी निसार अली ने लोहे की राड मेरे सिर पर मार दी। सर पर खून निकलना चालू हो गया। भाई ने मुझे बचाने की कोशिश की उसे भी विपक्षी लोगों ने काफी मारा पीटा जिससे उसके शरीर में काफी अंदरूनी चोटें आईं हैं। सूचना पर मौके पर पहुंचें चौकी प्रभारी रेहरिया सुरेश चन्द ने पीड़ित पक्ष का मेडिकल करा कर मुकदमा पंजीकृत कर दिया गया।

### पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ की शुरुआत

**जन एक्सप्रेस/अमीरनगर खीरी।** गफ्फार नगर ग्राम में पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ की शुरुआत परम पूज्य गुरुदेव श्री राम शर्मा आचार्य एवं बंदनीया माता भगवती देवी जी के सूक्ष्म संरक्षण में जनकल्याण एवं वातावरण के सुधार हेतु शुरू हुआ पहले दिन कलश यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम एवं क्षेत्र के महिलाओं ने बढ़-चढ़कर कर हिस्सा लिया। कलश यात्रा में हम सुधरेंगे तो युग सुधरेगा के जोरदार नारे गुंजायमान होते रहे।कार्यक्रम के आयोजक बालक राम ने बताया कलश विश्व ब्रह्मांड का प्रतीक है इसमें 33 कोटि देवताओं का बास है महिलाओं द्वारा कलश यात्रा का कार्यक्रम संपन्न हुआ है महिलाएं शक्ति स्वरूपा होती हैं विश्व मंगल का भार शक्तिमान ही उठा सकता है यह क्षमता मां शक्ति स्वरूपा की अंग महिलाओं में ही पाई जाती है इसलिए हमेशा यज्ञ की शुरुआत में कलश यात्रा महिलाओं द्वारा ही निकाली जाती है।शास्त्रों में कहा जाता है कि यज्ञ से निकलने वाले धुएं से ब्रह्मांड की शुद्धि होती है माता गायत्री विश्व का कल्याण करती हैं विश्व के कल्याण के लिए यज्ञ पूजन बहुत आवश्यक है इस पंच कुंडीय कार्यक्रम के प्रमुख कार्यकर्ता मेवा लाल राठौर, रामखेलावन कश्यप, मुनीष तबला वादक, शुक्ला जी संगीत गायक, विवेक कुमार, आनंद कुमार दयानंद आदि है।




## पुलिस ने 8 ग्राम ब्राउन शुगर सहित युवक को दबोचा




**जन एक्सप्रेस । सम्पूर्णानगर खीरी**

सम्पूर्णानगर में मादक पदार्थ की तस्करी रुकने का नाम नहीं ले रही पुलिस ने एक युवक को दबोचकर जेल भेजा प्राप्त जानकारी के अनुसार इंडो - नेपाल सीमा पर बसे तराई क्षेत्र सम्पूर्णानगर के थाना सम्पूर्णानगर की पुलिस ने वाहन तलाशी के दौरान एक युवक को क्षेत्र के एक गाँव से दबोचने में कामयाब रही। सम्पूर्णानगर पुलिस ने एक प्रेसनोट जारी कर मीडिया को यह जानकारी दी है कि उन्होंने थानाक्षेत्र के ग्राम मझरा पश्चिम में तलाशी के दौरान अरविन्द गुप्ता पुत्र स्वर्गीय भगवानदास गुप्ता निवासी ग्राम गोविन्दनगर को 8 ग्राम ब्राउन शुगर नामक मादक पदार्थ सहित गिरफ्तार किया। जिस समय युवक की तलाशी ली गई उस समय आरोपी युवक अरविन्द होन्डा ड्रीम युगा नामक एक बाइक पर सवार था जिसका नम्बर यूपी 31 ए0 क्यू0 8105 था । पुलिस के अनुसार युवक के पास बरामद उपरोक्त पदार्थ की कीमत 8 ग्राम बताई गई। पुलिस ने युवक पर स्थानीय थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी को न्यायालय के सुपुर्द कर दिया। तलाशी के दौरान खजुरिया पुलिस चौकी इंचार्ज आदित्य कुमार यादव, मुख्य आरक्षी बृजमोहन, शैलेन्द्र शुक्ला, आरक्षी अक्षय चन्द्रवंशी आदि सहित सभी थाना सम्पूर्णानगर शामिल रहे।

## बार बालाओं का अश्लील डांस बना चर्चा का केंद्र



* राजाराम मेला कमेटी के नेतृत्व में सुमेरनगर तिराहे पर डांस का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । सम्पूर्णानगर खीरी**

सम्पूर्णानगर थाना क्षेत्र में दिपावली के बाद लक्ष्मी पूजा के अवसर पर जागरण का आयोजन किया गया, जहां धर्म की आड़ में बार बालाओं ने जमकर ठुमके लगाए। जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया। वीडियो वायरल होने के बाद क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा !थाना क्षेत्र के सुमेरनगर तिराहे पर राजाराम मेला कमेटी द्वारा लक्ष्मी पूजा के उपलक्ष्य में जागरण का आयोजन कराया गया। आयोजन के दौरान कार्यक्रम में मुख्य तिराहे पर बनाए गए पंडाल में बुधवार की रात मे कई बार बालाओं ने भोजपुरी हिन्दी फिल्मी अश्लील गानों की धुन पर स्टेज पर चढ़कर देर रात तक जमकर ठुमके लगाए। बालाओं के ठुमकों पर दर्शकों ने खूब नोट उड़ाया !देर रात तक चले अश्लील डांस का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी वायरल हो रहा है। मेला कमेटी ने हजारों रुपए देकर इन बाहरी इलाकों से कई बार-बालाओं को बुलाया था। आसपास के लोगों का कहना है कि धार्मिक कार्यक्रमों में बार बालाओं के अश्लील भरे डांस होना बेहद चिंताजनक है। जागरण में पहुँचे छोटे-छोटे बच्चे महिलाएं लक्ष्मी पूजा का कार्यक्रम देखने गए हुए थे, लेकिन धार्मिक कार्यक्रम में इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन हो जाना बेहद शर्मनाक है।

## वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ केन कैरियर में गन्ना डालकर पेराई शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । पलिया कला खीरी**



बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल पलिया का नवीन पेराई सत्र2023 ङ2024 के लिए गुरुवार को वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ केन कैरियर में गन्ना डालकर पेराई शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर चीनी मिल क्षेत्र के सैकड़ों किसान व संभ्रांत नागरिक तथा पत्रकार उपस्थित रहे।चीनी मिल के पुजारी रामेंद्र मिश्र दने आज विधिवत हवन पूजन यूनिट हेड ओ पी चौहान द्वारा कराया गया। मिल परिसर में बने हवनकुंड में अधिकारियों, कर्मचारियों व किसानों की उपस्थिति में हवन यज्ञ किया गया।प्रथम गन्ना लाने वाले बैलगाड़ी किसान मेहदी हसन ट्रॉली लेकर आने वाले जरनैल सिंह को यूनिट हेड ओ पी चौहान,समिति अध्यक्ष विकास कपूर व गन्ना विकास परिषद के अध्यक्ष अरुण मौर्य ने शाल ओढाकर व मिष्ठान खिलाकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात नारियल तोड़कर केन कैरियर मे उपजिलाधिकारी कार्तिकेय सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी अरविंद वर्मा,तहसीलदार आरती यादव, इंस्पेक्टर विवेक उपाध्याय ,चौकी इंचार्ज प्रशांत श्रीवास्तव, गुरप्रीत सिंह जार्जी,रामकुमार पांडे, हरविंदर सिंह, जवाहर मौर्य, श्री कृष्णा भास्कर, अमीर खान ,अटल शुक्ला, अवतार सिंह ,सुखदेव सिंह,तरसेम सिंह, सुखवंत सिंह सहित सैकड़ो किसानों ने डोगें मे गन्ना डाल कर मिल का शुभारंभ के लिए पूजन अर्चन किया।इस मौके पर जेस्ट गन्ना विकास निरीक्षक मिथिलेश ,पांडे सचिव राजेश कुमार सिंह,चीनी मिल के अधिकारी हरिपाल सिंह,राजीव तोमर,संजीव कुमार दूवे, यू के पांडे, मनोज मिश्र, हरीश ज्याला, योगेंद्र आर्य, सतीश श्रीवास्तव उपस्थित रहे।यूनिट हेड ओ पी चौहान ने बताया कि शासन की नीति अनुसार इस वर्ष भी केवल एस एम एस पर्ची की सूचना किसानों के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भेजी जाएगी इस एस एम एस की पर्ची को मिल गेट /वाह्य क्रय केंद्रो गन्ना लाने से पूर्व फोटो पहचान पत्र के साथ दिखाना अनिवार्य होगा। यूनिट हेड ने सभी किसान भाइयों से अपील करते हुए आग्रह किया है की सभी किसान भाई चीनी मिल में बैलगाड़ी /ट्राली वैध तिथि की एसएमएस पर्चियां पर ही गाना लाए। केन हेड राजीव तोमर ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया।



## खुल गए दुधवा नेशनल के द्वार, सैलानियों का उमड़ा जनसैलाब

* पहले दिन आये सैलानियों के साथ मिलकर दुधवा के अधिकारियों ने भी घने जंगलों का भ्रमण किया
* दुधवा खुलने के कारण पहले दिन बहुत से पर्यटक दुधवा में मौजूद जिप्सी गाड़ियों से वन्यजीवों के दर्शन के लिये जंगल के अंदर गये

**जन एक्सप्रेस । पलिया कला खीरी**

विश्व विख्यात दुधवा राष्ट्रीय उद्यान एक बार फिर पंद्रह न?वबर को पर्यटकों के लिए विगत वर्षों की भांति विधीविधान से फीता काटकर पुनः खोल दिया गया। जिससे पर्यटकों में खुशी की लहर दौड़ गयी है। दुधवा खुलने के आगाज पर पर्यटको को पहले दिन निशुल्क ही जंगल में प्रवेश मिलता है दुधवा खुलने के कारण पहले दिन बहुत से पर्यटक दुधवा में मौजूद जिप्सी गाड़ियों से वन्यजीवों के दर्शन के लिये जंगल के अंदर गये जहां उन्होने बंगाल टाइगर के साथ साथ अन्य वन्यजीव और प्राक्रतिक सौन्दर्य का आन्नद भी लिया। पहले दिन आये सैलानियों के साथ मिलकर दुधवा के अधिकारियों ने भी घने जंगलों का भ्रमण किया। आपको बता दें कि आज से विगत वर्षों की भांति एक बार फिर से दुधवा टाइगर रिजर्व के प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद ले सकेंगे। पर्यटन सत्र का आगाज वनमंत्री अरुण कुमार और स्थानीय विधायक रोमी साहनी के द्वारा पूजा अर्चना कर फीता काटकर किया। वहीं इस मौके पर फील्ड डायरेक्टर ललित कुमार वर्मा डिप्टी डायरेक्टर रंगराजू टी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे लेकिन इसमें सबसे खास बात यह रही है कि उद्घाटन के मौके पर तीन मादा हाथियों को भी शामिल किया गया जो की आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर पर्यटकों को दीदार कराने हेतु वहीं दूर दराज़ से आए सैलानियों ने इस मौके पर सेल्फी खिंचा कर यादगार पलों को कैमरे में कैद किया, इसके अलावा दुधवा नेशनल पार्क खुलने के पहले ही दिन दूर दराज़ आए वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर ने भी उत्साह दिखाया। आपको यह भी बता दें कि दुधवा में आपको वन्यजीवों के दीदार करवाने और आपको जंगल और जंगल से जुड़ी जानकारी देने के लिये गाइड जिसमें युवक और युवतियां भी पूरी तरह से तैयार दिखाई दी। वही इस मौके पर बातचीत के दौरान वन मंत्री अरुण कुमार ने बताया कि इस बार दुधवा का पर्यटन दर 33त्न कम हो गया है जिसमें स्कूली बच्चों के लिए हाफ रेट रहेगा।जिस विद्यालय के छात्र छात्राएं वन्य जीवों और पर्यावरण से प्रेम कर बहुत कुछ सीखें।

## दिव्यांग मतदाताओं को सूची में शामिल कराने हेतु विशेष कैम्पों का आयोजन कराएं: डीएम

* जागरूकता रैली एवं छूटे हुए दिव्यांग मतदाताओं का चिन्हीकरण कराया जाए: एमपी सिंह

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में जिलास्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ऋचा गुप्ता से कहा कि छूटे हुए दिव्यांग मतदाताओं को सूची में शामिल करने के लिए विशेष कैम्पों का आयोजन कराये तथा विद्यालयों में जागरूकता रैली निकाली जाए और छूटे हुए दिव्यांग मतदाताओं का जल्द चिन्हीकरण कराया जाए एवं तथा इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जायें। उन्होने कहा कि दिव्यांग समिति को अधिक समावेशी बनाने के लिए समितियों की बैठकें ससमय करायी जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि 18 वर्ष से अधिक दिव्यांग छात्र-छात्राओं की सूची महाविद्यालयों तथा इण्टर कालेजों से कक्षा 11 व 12 में अध्ययन करने वालों की सूची प्राप्त करें और उनकी बीएलओ के माध्यम से जांच कराकर उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज करायें। जिलाधिकारी ने कहा कि दिव्यांग पेंशनार्थियों की सूची ईआरओ को उपलब्ध करायी जाए और गैर पेंशनार्थी दिव्यांगों की सूची मुख्य चिकित्सा अधिकारी से प्राप्त की जाए। विभिन्न स्रोतों से दिव्यांगों की जानकारी प्राप्त कर सूची से मिलान किया जाए। दिव्यांग कल्याण से संबंधित स्वयं सेवी संस्थाओं का भी सहयोग लिया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारियों ने चंदन चौकी इलाके में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कैंप लगाया




**जन एक्सप्रेस । पलिया कला खीरी**

प्रदेश में सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए सरकार ने कई स्तर पर प्रयास कर रही है। इसी क्रम में पीएम मोदी की मंशा के अनुरूप सीएम योगी के निर्देश पर 15 नवंबर से 26 जनवरी तक पूरे प्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसी आयोजन के तहत स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारियों ने रामनगर गांव में कैंप लगाया। पलिया ब्लॉक क्षेत्र के कई गांवों में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के अग्रणी जिला प्रबंधक अजय पांडेय,क्षेत्रीय प्रबन्धक नीरज रॉय सहित एसबीआई चंदन चौकी शाखा प्रबन्धक सुनील कुमार ने बैंकिंग समाज कल्याण विभाग टीम के साथ कैंप लगाकर विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य के बारे में लोगों को बताकर बैंकिंग लाभ दिलाने को जागरूक किया। कैंप के दौरान रामनगर एवं धूसकिया गांव के कई पात्र लाभार्थियों को सोशल सिक्योरिटी स्कीमें एवं केसीसी सोर्स कराए गए।

# पीड़ित ने एसपी को दिया शिकायती पत्र, लगाई न्याय की गुहार

**जन एक्सप्रेस | उरई**

पुलिस कार्यालय पहुंचे पीड़ित ने एसपी को शिकायती पत्र दिया। जिसमें गांव के ही तीन लोगों पर गाली गलौज कर मारपीट करने का आरोप लगाया।
डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खरका निवासी दिव्यांशु उर्फ भूरा तिवारी पुत्र अशोक मंगलवार को पुलिस कार्यालय पहुंचे और एसपी ईरज राजा को शिकायती पत्र दिया। जिसमें आरोप लगाते हुए बताया कि गांव के ही निवासी सत्यम राजपूत, दिलेन्द्र राजपूत, त्रिषभ राजपूत पुत्र भगवान सिंह राजपूत ने वाद विवाद के चलते गाली गलौज कर मारपीट कर दी। बताया कि घटना के बाद पीड़ित ने कोतवाली पहुंच कर पुलिस को सूचना दी थी। इसके बाद पीड़ित देर शाम घर जा रहा था। तभी तीनों लोगों ने अपने पिता भगवान सिंह के साथ मिलकर उसने रास्ते में घेर लिया। जिन्होंने रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी डण्डो से मारपीट करने लगे। इतना ही नहीं बल्कि आरोप है कि भगवान सिंह ने जान से मारने की नियत से अपनी राईफल से फायर झोंक दिया, जो उंगली से छूता हुआ निकल गया। इस दौरान शोर गुल सुनकर गांव के तमाम लोग मौके पर आ गये, और हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। पीड़ित द्वारा घटना की सूचना डकोर पुलिस दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और पीड़ित के भाई ने वहां पड़ा कारतूस का खोखा उठाकर खरका हल्का इन्चार्ज को दिया।




फिलहाल एसपी ने मामले को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए मामले की जांच पड़ताल कर उसे न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया।

# तेज रफ्तार टैंकर ने बाइक में मारी टक्कर: एक की मौत, दूसरा घायल

**जन एक्सप्रेस | उरई**

कोतवाली क्षेत्र में कालपी रोड पर तेज रफ्तार टैंकर ने मेडिकल कॉलेज के पास बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें बाइक पर सवार दो लोगों में एक की मौत हो गई। जबकि दूसरे की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की सूचना परिजनों को देने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।
शहर के मोहल्ला नया पटेल नगर में इकलासपुरा तिराहे के पास रहने वाला युवक गोपाल जी उर्फ लकी यादव 28 वर्ष बुधवार रात को अपने दोस्त अमित यादव के साथ एक पार्टी में गया हुआ था। बताया गया है कि जहां से दोनों लोग घर वापस मोटरसाइकिल से लौट रहे थे। इस दौरान जब बाइक सवार दोस्त शहर की कालपी रोड स्थित मेडिकल कॉलेज के पास से गुजर रहे थे तभी तेज रफ्तार टैंकर ने उनको टक्कर मार दी, जिसमें दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे से मौके पर हड़कप मच गया। मौजूद लोगों द्वारा आनन-फानन में दोनों युवकों को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने गोपाल जी उर्फ लकी को मृत घोषित कर दिया।
जबकि उसके दोस्त अमित की हालत खतरे से बाहर बताई गई। वहीं घटना की जानकारी होते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी उनके परिजनों को दी और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# अराजकतत्व ने शिवलिंग खंडितकर महौल बिगाड़ने का किया प्रयास

**✱ सीओ ने मंदिर में दूसरा शिवलिंग कराया स्थापित**

**जन एक्सप्रेस | कालपी**



दीपावली के बाद इलाके में अराजक तत्व द्वारा प्राचीन शिवलिंग को खंडित कर माहौल खराब करने का प्रयास किया गया। जानकारी होते ही ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। खबर मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया और अराजकतत्व को गिरफ्तार करते हुए उसके खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी। कालपी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जयरामपुर में बरसों पुराना एक मंदिर बना हुआ है। जहां शिवलिंग स्थापित है। बताया गया कि देर रात अराजक तत्व ने माहौल बिगाड़ने का प्रयास करते हुए शिवलिंग को खंडित कर दिया। रोज की तरह गुरुवार सुबह मंदिर पर जल चढ़ाने पहुंची गांव की महिलाओ ने शिवलिंग को उखड़ा हुआ देखा तो उन्होंने तत्काल इसकी जानकारी अन्य ग्रामीणों को दी। शिवलिंग खंडित और उखड़े होने की सूचना मिलते ही गांव के लोग मौके पर पहुंचे और वहां तनाव पूर्ण माहौल हो गया। वहीं सूचना मिलते ही कालपी कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद पुलिस टीम के साथ जयरामपुर गांव पहुंचे। जहां उन्होंने ग्रामीणों को समझाया, मगर गांव के लोग कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। इसके बाद पुलिस ने यह पता लगाने का प्रयास किया कि यह शिवलिंग किसके द्वारा खंडित किया गया। जांच के दौरान गांव के ही राजा बाबू पुत्र सीताराम अहिरवार का नाम सामने आया। जिस पर पुलिस ने तत्काल उसे हिरासत में ले लिया। साथ ही आरोपी के पिता और भाई को भी कोतवाली ले आई, जहां आरोपी के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी। वहीं इस मामले में कालपी क्षेत्राधिकार डॉ देवेंद्र पचौरी ने बताया कि जिसके द्वारा यह शिवलिंग खंडित किया गया है, उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि यह आरोपी शराब पीने का आदि है, और उसने शराब के नशे में इस घटना को अंजाम दिया। फिलहाल मंदिर में दूसरा शिवलिंग स्थापित कराया जा रहा है और आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा है।

## बाइक भिड़ंत में एक की मौत, दो घायल

**जन एक्सप्रेस/उरई।** जालौन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उदोतपुरा के पास दो बाइकों में भिड़ंत हो गई। जिसमें एक युवक की मौके पर मौत हो गई। जबकि अन्य लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जबकि पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को देने के बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जालौन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रानुवां निवासी प्रदीप कुमार 25 वर्ष गांव के ही अपने साथी बॉबी के साथ घर का सामान खरीदने जालौन नगर गया हुआ था। जहां से देर शाम को दोनों लोग सामान लेकर वापस गांव मोटरसाइकिल से गांव लौट रहे थे। इस दौरान ग्राम उदोतपुरा के पास दूसरी बाइक से उनकी भिड़ंत हो गई। जिसमें दोनों बाइके बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, और मौके पर ही प्रदीप कुमार की मौत हो गई। जबकि उसका साथी बॉबी सहित दूसरी बाइक के सवार घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। मौजूद लोगों द्वारा मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेते हुए घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भे दिया।

# नावागंतुक कोतवाल ने पदभार ग्रहण कर गिनाई प्राथमिकताएं

**✱ अपराधियों को किसी भी सूरत में नहीं बख्शा जाएगा: कामता प्रसाद**

**जन एक्सप्रेस | कालपी**



क्षेत्राधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार पचौरी की मौजूदगी में नावांतुक प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद ने पदभार ग्रहण कर क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपनी प्राथमिकताएं गिनाई।
पुलिस प्रशासन में हुए फेरबदल के तहत कालपी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक के पद से स्थानांतरित होकर कालपी कोतवाली का पदभार कामता प्रसाद ने संभाला है। गुरुवार को क्षेत्राधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार की मौजूदगी में कोतवाली के मीटिंग हाल में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान नावांतुक कोतवाल कामता प्रसाद ने बताया कि जन सहयोग के बिना अपराधों पर नियंत्रण नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि जनता के सहयोग से क्षेत्र में अमन एवं शांति स्थापित कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक फरियादी तथा पीड़ित नागरिक की समस्या को 24 घंटे सुना जाएगा तथा पीड़ित व्यक्ति समस्या का तत्परता पूर्वक समाधान किया जाएगा। विदित हो कि वर्ष 2007 बैच के थानेदार कामता प्रसाद कई जनपदों के डेढ़ दर्जन से अधिक स्थानों में प्रभारी के पद पर रहकर के कुशलता पूर्वक दायित्वों का निर्वाह कर चुके हैं। ललितपुर जनपद के महरौली, झांसी, शिवपुरी बाजार, मऊरानीपुर तथा जनपद जालौन के कदौरा, एट आदि थानों में कुशलतापूर्वक जिम्मेदारी निभा चुके हैं। क्षेत्राधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार ने कहा कि शासन की मंशा तथा उच्चाधिकारियों के निर्देशन में क्षेत्र में अपराधों पर नियंत्रण किया जाएंगा। उन्होंने जनता से अपील की है कि समय-समय पर पुलिस प्रशासन का सहयोग प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभाने में तत्पर रहें।

## फांसी लगाकर गंवाई जान

**जन एक्सप्रेस/उरई।** आटा थाना क्षेत्र के ग्राम परासन में अज्ञात कारणों के चलते युवती ने घर के कमरे में रस्सी का फंदा डालकर फांसी लगा ली। जिसमें उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आटा थाना क्षेत्र के ग्राम परासन निवासी वृन्दावन सूरत में रहकर नोकरी करता है। बताया गया कि गाव में उसकी पत्नी अपने तीन बच्चों व सास के साथ रहती है। बुधवार को उसकी पत्नी बड़ी बेटी सरोज 18 वर्ष व सास को घर पर छोड़कर दो बच्चो के साथ मायके चली गई थी। बताया कि देर रात दादी ने सरोज को आवाज दी, लेकिन कोई जबाव नही आया। जबाब न आने पर पर वह उसके कमरे में चली गई, जहा पर किशोरी छ में लगे कुंडे रस्सी के फंदे से फांसी पर लटक रही थी। नातिन को फांसी पर लटका देखकर दादी जोरों पर चीखने चिल्लाने लगी। घर में मचा शोरगुल सुनकर आस पड़ोस के लोग मौके पर इकट्ठे हुए, और उन्होंने घटना की जानकारी उसके पिता व माँ को दी। घटना की खबर मिलते ही रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए। वहीं मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेते हुए शव को फंदे से उतार कर कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# आयुष्मान एप से भी बनेगा कार्ड

**जन एक्सप्रेस | देवरिया**

सीएमओ ने बताया कि आयुष्मान एप की मदद से कोई भी पात्र व्यक्ति स्वयं आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया शुरू कर सकता है। इस एप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। इसके लिए जन औषधि केंद्रों और समाचार पत्रों के माध्यम से क्यू आर कोड का प्रदर्शन भी किया जाएगा जिसे स्कैन कर लोग अपने मोबाइल में आयुष्मान एप के इस्तेमाल के तरीके का वीडियो देख सकें और खुद अपना कार्ड बना सकें। आयुष्मान भारत योजना के नोडल अधिकारी डॉ कार्तिक कुमार पाण्डेय ने बताया कि जिले में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवम मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान के कुल 1093515 लाभार्थियों के सापेक्ष 613160 लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं।
प्रमुख सचिव से प्राप्त पत्र में मिले दिशा निर्देशों के अनुसार विशेष अभियान की जिम्मेदारी जिला स्तरीय टीम से डॉ राकेश पाण्डेय, अमरदीप श्रीवास्तव, आशीष कुमार को सौंपी गई है।

# बाबू श्रीकांत सिंह की श्रद्धांजलि सभा में प्रतिभाग करेंगे लोकप्रिय राजनेता व सामाजिक कार्यकर्ता

**जन एक्सप्रेस | भाटपाररानी, देवरिया**

शिक्षाविद्, उत्तम शैक्षिक प्रबंधन कर्ता, कुशल राजनीतिज्ञ, संस्थापक प्रधानाचार्य, पूर्व जिलाध्यक्ष भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी, बाबू श्रीकांत सिंह का यूपी के पूर्व सीएम वीर बहादुर सिंह से निकट का संबंध रहा है। उनके कथनी और करनी अभेद था। उनके अनुसार राजनीति लोक मंगल का अनुष्ठान है। वे मानते रहे है कि गोखले, तिलक, गांधी, लोहिया, अम्बेडकर, दीनदयाल उपाध्याय जैसे सामाजिक कार्यकर्ताओं के कामकाज में लोकहित के आदर्श झलकता है। वे व्यक्तिगत द्वेष के घोर निन्दक रहे है।स्वर्गीय सिंह के अनुसार शिक्षा भविष्य का मैप निर्मित करता है, क्योंकि कल उनका है जो आज इसकी तैयारी करते हैं। उन्होंने राजनीति व संस्थान का हिस्सा बनकर पूरा जीवन संस्थान एवं समाज के लिए समर्पित किया। वे मानते थे कि शिक्षण संस्थानों की भूमिका न केवल अकादमिक उत्कृष्टता को आगे बढ़ाने की है, बल्कि अपने छात्रों को आजीवन सीखने वाले, महत्वपूर्ण विचारक और लगातार बदलते वैश्विक समाज के उत्पादक सदस्य बनने के लिए प्रेरित और सशक्त बनाने की भी है। एक शिक्षक की भूमिका अगली पीढ़ी को स्वास्थ्य, सम्मान, समृद्धि और पूर्णता अर्जित करने के लिए कौशल स्थापित करने के लिए मार्गदर्शन और पोषण करना है। वे प्रभावी और नवीन व्यावसायिक विकास के प्रबल समर्थक थे। जो शिक्षकों को चिंतनशील होने और प्रत्येक छात्र के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षण और सीखने की सुविधा प्रदान करने के लिए हमारे अभ्यास की निरंतर जांच करने के लिए प्रोत्साहित करते थे। प्रधानाचार्य को नवीनतम रुझानों और अनुसंधान के साथ बने रहना और स्कूल के व्यावसायिक विकास में सक्रिय भागीदार बनना है। नवोन्मेषी और रचनात्मक होने की क्षमता उनके लिए महत्वपूर्ण है। उनका मानना था कि किसी संस्थान की सफलता के लिए गुणवत्तापूर्ण, प्रेरणादायक और भावुक शिक्षकों का होना आवश्यक है।वे सफलताओं का जश्न मनाने का पक्षधर थे। उन्होंने कर्मचारियों, छात्रों और समुदाय की कड़ी मेहनत को स्वीकार किया। वे मानते थे कि यह खुशहाल शैक्षिक माहौल के लिए मौलिक योगदानकर्ताओं का हिस्सा बने। सभी कर्मचारियों, छात्रों और समुदाय को शिक्षण संस्थानों में मूल्यवान और सराहना महसूस करनी चाहिए।

# सीसीटीवी कैमरा तथा ड्रोन के माध्यम से होगी छठ पूजा स्थलों की निगरानी

**जन एक्सप्रेस | देवरिया**

जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने छठ पूजा सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए तहसील बरहज अंतर्गत विभिन्न घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने घाट पर साफ-सफाई, मोबाइल टायलेट एवं अच्छे से बैरिकेडिंग कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोक आस्था के महापर्व छठ पर विशेष व्यवस्था की जा रही है। नदी घाटों पर नाव, गोताखोर, स्वास्थ्य विभाग की टीम व सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जायेंगे। छठ पूजा स्थलों पर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि कई श्रद्धालु छठ घाट पर पूरी रात मौजूद रहते हैं। उनको किसी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए जनरेटर की व्यवस्था भी कर ली जाए।
जिलाधिकारी ने छठ पूजा स्थलों पर की गई बैरिकेडिंग का निरीक्षण भी किया। उन्होंने श्रद्धालुओं से प्रशासन से निर्धारित सीमा के अंदर रहते हुए सुरक्षा संबन्धी मानकों के पालन करने के साथ अर्घ्य देने का अनुरोध किया।

# नेहरू इंटर कॉलेज मे विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन संपन्न

**जन एक्सप्रेस | महोबा**




उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महोबा जे0पी0 के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महोबा के तत्वाधान मे नेहरू इण्टर कॉलेज, महोबा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में विधिक सेवा प्राधिकरण, महोबा की ओर से पराविधिक स्वयंसेवक विश्वनाथ त्रिपाठी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित अध्यापको एवं छात्रों को विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदत्त विभिन्न विधिक योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। गोष्ठी में उपस्थित वक्ताओं द्वारा छात्रों को उनके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुये उन्हें बाल दिवस के विषय पर जानकारी दी गयी एवं यह भी बताया कि हमें जीवन में सफल होने के लिये सत्य, निष्ठा एवं ईमानदारी तथा अपने आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना चाहिये। उक्त कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशन पर 9 दिसम्बर 2023 जनपद न्यायालय एवं तहसील न्यायालयों में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे बताया गया। आयोजित लोक अदालत में आपसी सुलह-समझौते के आधार पर अपना मामला निर्णीत करवा सकते है। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार एवं अध्यापक लोकेन्द्र खरे उपस्थित रहे।
कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के अध्यापक पमनेश पाठक ने किया। गोष्ठी के समापन पर उपस्थित अध्यापको एवं छात्रों द्वारा कार्यक्रम की सराहना करते हुये उन्हे प्रदत्त जानकारियों पर हर्ष व्यक्त किया गया।

# भूमि विवाद को लेकर दो पक्ष में बवाल, चौकीदार की बांह छूकर निकली गोली, बाल-बाल बचा

**जन एक्सप्रेस | भटनी,देवरिया**

भटनी पक्के पुल पर गुरुवार की सुबह दो पक्षों में भूमि विवाद को लेकर बवाल हो गया। इस दौरान हुई और हवाई फायरिंग से सड़क पर टहल रह लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गयी। उसी दौरान गोली सड़क पर टहल रहे एक चौकीदार की बांह को छू कर निकल गई। घायल चौकीदार का पुलिस ने मेडिकल कराया। घटना की सूचना पर सीओ भाटपाररानी पीएन तिवारी ने थाने पहुंचकर दोनों पक्षों का बयान दर्ज किया। उन्होंने मामले में केस दर्ज करने का निर्देश दिया है।मिश्रौली दीक्षित निवासी गिरीश चन्द्र दीक्षित और कमलेश दीक्षित के बीच भूमि विवाद लम्बे अरसे से चल रहा है। गिरीश चन्द्र दीक्षित अपने परिवार के साथ देवरिया रहते हैं। बुधवार की सुबह दरवाजे पर साफ-सफाई को लेकर विवाद को हो गया था। मामले में पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को थाने बुलाई। गुरुवार की सुबह गिरीश चन्द्र दीक्षित देवरिया अपने आवास पर जा रहे थे। भटनी पक्के पुल के पास स्थित कमलेश दीक्षित की नर्सरी के पास दो बाइक से पहुंचे आधा दर्जन युवकों ने गिरीश पर हमला बोल दिया। हमले में गिरीश के सिर में गंभीर चोट लग गयी। गिरीश का बेटा पक्के पुल पर अपने पिता को पीटता देख युवक हवाई फायरिंग करने लगा। फायरिंग के बाद हमलावर युवक मौके फरार हो गए। आरोप है कि फायरिंग के दौरान सड़क पर टहलने निकले नकहनी के चौकीदार अखिलेश यादव की हाथ को गोली छूकर निकल गयी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले आयी। जहां पूछताछ जारी है।

# ठकुरासपुरा पुलिया पर झूलते विद्युत तार दे रहे मौत को दावत

**जन एक्सप्रेस | पनवाड़ी/महोबा**

विद्युत विभाग की घोर लापरवाही के चलते कस्बे की ठकुरासपुरा पुलिया पर स्थित ट्रांसफार्मर से मुहाल ठकुरासपुरा के लिए निकली लाइन के विद्युत तार जमीन से लगभग 10 से 12 फिट की ऊंचाई पर झूल रहे हैं जिससे कभी भी कोई बड़ी अनहोनी का होना नहीं टाला जा सकता है।
गौरतलब बात ये है कि विभाग द्वारा झुके विद्युत तारों के लिए नया विद्युत पोल उपलब्ध कराया गया है जो मौके पर धूल फांक रहा है। आखिर किस आदेश या अनहोनी का इंतजार किया जा रहा है। बताते दें कि हरपालपुर रोड पर स्थित ठकुरासपुरा पुलिया पर लगे ट्रांसफार्मर से निकली लाइन के विद्युत तार जमीन से लगभग 10 से



12 फिट की ऊंचाई से झूल रहे हैं. जो विद्युत विभाग की घोर लापरवाही की पोल खोल रहे हैं. मुहाल वासियों का आरोप है कि विद्युत सब स्टेशन पर झूलते विद्युत तारों की अनेकों बार शिकायत दर्ज करा दी परन्तु विभाग द्वारा समस्या का कोई समाधान नहीं कराया गया। आरोप है कि आए दिन तेज हवा चलने से तारों के एक दूसरे में टकराने से तार टूटते रहते हैं जिससे हमेशा बड़ी अनहोनी का डर सताता रहता है। वहीं झूलते तारों की वजह से ट्रांसफार्मर के खम्बे झुक गए हैं। विभाग द्वारा झुके तारों के समाधान के लिए विगत महीनो पहले नया विद्युत पोल उपलब्ध कराने के बाद भी पोल नही लगाया गया है। जिस कारण मुहाल वासियो में खासा आक्रोश पनप रहा है तो वहीं मुहाल वासियों ने समाचार के माध्यम से विभागीय अधिकारियों से झूलते विद्युत तारों की समस्या के निदान हेतु ज़मीन पर पड़े विद्युत पोल को लगाए जाने की माँग की है।

## सुलखान सिंह समेत 5 को मिलेगा शंकर लाल सम्मान

**जन एक्सप्रेस | महोबा**

बुंदेलखंड राज्य आंदोलन के जनक स्व. शंकर लाल मेहरोत्रा की स्मृति में 2023 का सम्मान उत्तर प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक सुलखान सिंह व झांसी के विधान परिषद सदस्य डा. बाबू लाल तिवारी समेत उन पांच विभूतियों को दिया जाएगा जिन्होंने बुंदेलखंड राज्य आंदोलन में अब तक अग्रणी भूमिका निभाई है। यह पुरस्कार शंकर लाल मेहरोत्रा की पुण्यतिथि पर 22 नवंबर को महोबा के स्टेशन रोड स्थित अनाथालय में बुंदेली समाज की ओर से दिया जाएगा। बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर बुंदेलखंडी व महामंत्री डा. अजय बरसैया ने आज यह जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व पुलिस महानिदेशक सुलखान सिंह जब राज्य पुलिस सुधार आयोग के अध्यक्ष थे तब उन्होंने कहा था कि अपराध नियंत्रण के लिए विशाल उत्तर प्रदेश को 2-3 हिस्सों में बांटा जाना चाहिए क्योंकि पश्चिमी, पूर्वी व मध्य उत्तर प्रदेश में अपराध का पैटर्न अलग-अलग है। बुंदेलखंड में अपराध की प्रकृति सबसे अलग है। उन्होंने बुंदेलखंड विभाजन दिवस पर एक नवंबर को महोबा आकर अलग राज्य बनाए जाने की खुलकर वकालत की थी।

# आगरा में हुआ सपा का कार्यक्रम, बनाए नए पदाधिकारी

**जन एक्सप्रेस | आगरा**

समाजवादी पार्टी फतेहाबाद रोड आगरा कार्यालय पर माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी के निर्देशानुसार प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा के सकील नदवी जी की संस्तुति पर आगरा जिला अध्यक्ष श्रीकृष्ण वर्मा जी के अध्यक्षता में कार्यकारणी का गठन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ.एम.ए.गौरी, राष्ट्रीय सचिव-समाजवादी पार्टी अल्पंख्यक सभा, डॉ.वीरेंद्र सिंह चौहान पूर्व विधान सभा प्रत्यासी 86 एत्मादपुर मौजूद रहे। कार्यक्रम में



जिला अध्यक्ष आदिल मिर्जा जी ने 31 लोगो की शानदार कार्यकारणी की घटित की। जिसमे सात जिला उपाध्यक्ष एवं एक महासचिव सलमान ख़ान को जिला कोषाध्यक्ष 10 जिला सचिव में और 11 कार्यकारणी सदस्य बनायें गये। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव सुरेंद्र चौधरी ने किया। जिला अध्यक्ष श्रीकृष्ण वर्मा जी ने कहा समाजवादी पार्टी ने हमेशा पिछड़े दलित व अल्पसंख्यक लोगो का सम्मान किया है इसी को देखते हुऐ कार्यकारणी में सभी वर्ग के लोगों को जोड़ा गया है पार्टी हमारी हर बूथ स्तर पर मजबूत हो रही है समाजवादी पार्टी 2024 में पूरे उत्तर प्रदेश में परचम लहराने का काम करेगी। कार्यक्रम में सुधीर दुबे हरेंद्र तोमर, उस्मान अब्बास, आरिफ खान, साबिर खान, अजीज अब्बास, सुलेखा श्रीवास्तव, असलम वारसी, शिवपाल यादव, रोहित राजपूत, अरविन्द यादव, हरेंद्र यादव, मुवीन खान, मुन्ना खान आदि लोग मौजूद रहे।

# यातायात नियमों के उल्लघंन पर खाकी ने वाहनों के किये ई चालान

**जन एक्सप्रेस | महोबा**

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद में सुरक्षा, शान्ति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष, चौकी प्रभारी द्वारा मय पुलिस बल के साथ सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए सायं कालीन फ्लैग मार्च, पैदल गश्त की जा रही है।
पैदल गश्त के दौरान जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अपने थाना क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों, कस्बों, बस अड्डा, सार्वजनिक स्थानों, प्रमुख चैराहों, प्रमुख बाजारों, मन्दिर, शापिंग मॉल, प्रमुख मार्गो व भीड़-भाड़ वाले स्थानों आदि पर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की गहनता से चेकिंग कर आवश्यक हिदायत दी गयी।
जनपद महोबा पुलिस शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है। यातायात नियमों के उल्लंघन में वाहनों के ई-चालान किये गये।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों के साथ-

# 14 कोसी और पंचकोसी परिक्रमा की तैयारियों का लिया जायजा

जन एक्सप्रेस । अयोध्या



जिलाधिकारी नितीश कुमार ने 14 कोसी परिक्रमा 20/21 नवम्बर 2023 की रात्रि 2:09 बजे से 21 नवम्बर 2023 की रात्रि 11:38 बजे तक तथा पंचकोसी परिक्रमा 22 नवम्बर 2023 की रात्रि 9:25 बजे से 23 नवम्बर 2023 की शाम 7:21 बजे तक को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत 14 कोसी एवं पंचकोसी मार्गो का संबंधित विभागों के आलाधिकारियों के साथ भ्रमण कर परिक्रमा की तैयारियों का जायजा लिया तथा समस्त तैयारियों को समय से पूर्ण कर परिक्रमार्थियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सेतु निगम, लोक निर्माण विभाग, जल निगम, अयोध्या विकास प्राधिकरण आदि सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को दोनों परिक्रमा मार्गो पर चल रहे कार्य स्थलों पर परिक्रमार्थियों की सुरक्षा के दृष्टिगत बैरीकेटिंग कराकर ही अपने कार्यो को संचालित करने के निर्देश दिये। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि दोनों परिक्रमाओं में लाखों श्रद्धालु पैदल नंगे पांव परिक्रमा करते है। इसके दृष्टिगत दोनों मार्गों पर पैदल सुचारू रूप से चलने योग्य बनाया जाए तथा परिक्रमार्थियों को परिक्रमा करने की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराया जाये। जिलाधिकारी ने नगर निगम कैंटोमेंट बोर्ड व अयोध्या विकास प्राधिकरण को परिक्रमा मार्ग के किनारे स्थित समस्त शौचालयों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने सम्पूर्ण मार्ग की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान बड़ी बुआ मजार के पास निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज के प्रगति की भी जानकारी अधिशाषी अभियन्ता सेतु निगम से ली तथा दिसम्बर तक प्रत्येक दशा में रेलवे ओवरब्रिज के कार्य को पूर्ण कर क्रियाशील करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर मेलाधिकारी सलिल कुमार पटेल, एसपी सिटी मधुबन सिंह, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत, अधिशाषी अभियन्ता पीडब्लूडी, सीओ ट्रैफिक सहित नगर निगम, सिंचाई सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## इंकलाबी नौजवान सभा ने दिया ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** इंकलाबी नौजवान सभा ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन कहा गया है कि हम आपका ध्यान बीएचयू और इलाहाबाद विश्वविद्यालय की दो प्रमुख उत्पत्ति की घटनाओं की और ले जाना चाहते हैं। विगत 01 नवम्बर को आधी रात में आईआईटी- बीएचयू की छात्रा के साथ परिसर में ही गैंग रेप की घटना हुई। घटना के 15 दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक किसी भी अपराधी को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी है, उन्हें पीड़िता के लिए न्याय की मांग कर रहे बीएचयू के छात्र छात्राओं पर पुलिस की मौजूदगी से एबीवीपी ने हमला किया जिसमें कई छात्राओं को चोट लगी। हमलावरों को रोकने के बजाए पुलिस ने प्रदर्शन कारी छात्र छाताओं पर एससी-एसटी समेत कई धाराओं में फर्जी मुकदमा दर्ज कर दिया है।हम आपसे मांग करते हैं कि आईआईटी- बीएचयू ने छात्रा के साथ किये गए सामूहिक बलात्कार के अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार कर कड़ी कानूनी कार्यवाई की जाए पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए धरना दे रहे छात्र- छात्राओं पर से फर्जी मुकदमे तत्काल वापस लिए जाये।

# चीनी मिल के डोंगे पर अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के बलरामपुर चीनी मिल में गन्ना पेराई सत्र 2023- 24 प्रारंभ होने से पूर्व गुरुवार को अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ पूजन अर्जन के साथ किया गया।जानकारी के अनुसार 16 नवंबर को बलरामपुर चीनी मिल के पेराई सत्र 2023-24 का शुभारंभ होने से पूर्व चीनी मिल में डोंगे पर अखण्ड रामायण पाठ का शुभारंभ किया गया। मुख्य यजमान निष्काम गुप्ता मुख्य प्रधान प्रबंधक ने पूजा पर बैठकर पूजा-अर्चना कराई। पूजा-अर्चना का कार्य पण्डित तिलकधारी पाण्डेय तथा उनके सहयोगियों द्वारा वैदिक मंत्रोचार के साथ सम्पन्न करवाया गया। ज्ञातव्य है कि मिल संचालन से पूर्व अखण्ड रामायण पाठ किया जाता है। अखण्ड रामायण पाठ का समापन दिनांक 17 नवंबर को होगा। इस अवसर पर बात करते हुए निष्काम गुप्ता मुख्य प्रधान प्रबंधक ने बताया कि चीनी का पेराई सत्र 2023 - 2024 19 नवंबर से प्रारम्भ होगा। उन्होंने किसानों से निर्धारित पर्ची पर ताजा, साफ व अगोला रहित गन्ना आपूर्ति करने के लिये अपील किया। उन्होंने बताया कि मिल द्वारा सदैव गन्ना कृषकों के हितों का ध्यान रखा गया है एवं आगे भी रखा जाता रहेगा।

चीनी मिल गन्ना मूल्य भुगतान में भी हमेशा से अग्रणी रही है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए अपने-अपने कार्य को मेहनत, लगन तथा सुरक्षा के साथ करने के लिये कहा।

इस शुभअवसर पर चीनी मिल की ओर से प्रधान प्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) राजीव अग्रवाल, प्रधान प्रबंधक (गन्ना) श्याम सिंह, प्रधान प्रबंधक (यांत्रिकी) योगेन्द्र सिंह बिष्ट, प्रधान प्रबंधक (उत्पादन) एम.डी. पाण्डेय, प्रधान प्रबंधक (यांत्रिकी) पॉवर व केमिकल एम.के. अग्रवाल, अपर प्रधान प्रबंधक (वाणिज्य) बी.एन. ठाकुर, सहायक प्रधान प्रबंधक (मिल्स), श्रीनिवास सिंह, प्रबंधक (सेल्स), सन्तोष राय, वरि. उप-प्रबंधक (मानव संसाधन) हरीश सिंह, श्रम कल्याण अधिकारी श्री एस.पी. सिंह एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# अपना दल एस ने एशियन गेम्स में पदक विजेता का किया सम्मान

जन एक्सप्रेस । अयोध्या



गोसाईगंज विधान सभा के ऊंचगांव निवासी मो0 एबाद ने एशियन गेम्स में प्रथम बार भारत में नौकायन में कांस्य पदक जीत कर इतिहास रच दिया। उनके अपने पैतृक गांव ऊंचगंव आने की सूचना पर अपना दल एस के प्रदेश सचिव प्रमोद सिंह ने पार्टी के नेताओं के साथ पहुंच कर सम्मानित किया।

प्रमोद सिंह ने कहा कि मो0 ऐबाद की सफलता ने साबित कर दिया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, बस उनको सही प्रशिक्षण व मार्ग दर्शन से पूरी दुनिया में नाम रौशन कर सकते हैं। इस अवसर पर रवि पटेल, हर्षित पटेल, विकास वर्मा, राम बक्स वर्मा प्रधान, शैलेंद्र सिंह, जितेंद्र यादव, एखलख एडवोकेट, काजी इमरान अहमद प्रधान आदि मौजूद रहे।

# नवनिर्मित ब्लॉक प्रमुख कार्यालय का प्रमुख प्रतिनिधि ने किया उद्घाटन

जन एक्सप्रेस । महराजगंज तराई



नवनिर्मित ब्लॉक प्रमुख ऑफिस का लोकार्पण किया गया। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रवीण सिंह विक्की ने वैदिक उच्च मंत्रण के साथ ब्रह्म पूजन व कलश पूजन के साथ नवनिर्मित दफ्तर में प्रवेश किया।

तुलसीपुर ब्लॉक के कौवापुर में नवनिर्मित ब्लॉक प्रमुख दफ्तर का लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने वैदिक उच्च मंचरों के साथ दफ्तर में गृह प्रवेश किया। उन्होंने दफ्तर प्रवेश पूजन के बाद कहा की ब्लॉक को एक सुंदर वातावरण में रखना मुख्य उद्देश्य है। साथ ही दफ्तर में बैठकर गरीबों व सहयोग का मदद करना प्रथम प्राथमिकता होगी। प्रत्येक दिन दफ्तर में बैठकर तमाम समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा। क्षेत्र पंचायत सदस्यों किसी भी प्रकार की समस्या होगी तो उसका निस्तारण करने का प्रयास होगा। साथ ही ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत के प्रमुख अंग होते हैं उनका सम्मान उनके लिए सर्वोपरि है। क्षेत्र की समस्याओं का निस्तारण भी दफ्तर में बैठकर सुना जाएगा। साथ ही ग्राम पंचायतों के विकास के लिए बैठक करके रूपरेखा भी तैयार की जाएगी। साथी ग्राम पंचायतों में चौपाल के माध्यम से लोगों के समस्याओं भी सुना जाएगा। जिससे उनका समय से निस्तारण भी कराया जा सके। ब्लॉक दफ्तर का निर्माण करना मुख्य देश है किसी भी ग्राम पंचायत का जनप्रतिनिध अपनी समस्याओं का खुलकर अपनी बात रख सके। समाजसेवी भोला एंड ब्रदर्स ने नवनिर्मित भवन पूजन कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि का बुके देकर सम्मानित किया।इस मौके पर विकासखंड अधिकारी राजीव मोहन त्रिपाठी एपीओ आलोक सिंह, जगदंबा नंदकुमार वर्मा प्रधान प्रसाद मिश्र बाबूलाल मोवीन वकील खान मोनू सिंह मंगलदेव सिंह कंसल्टिंग अभियंता सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# खेत की रखवाली के लिए जा रहे किसान को सांड़ ने पटक कर मार डाला

जन एक्सप्रेस । बहराइच

खेत की रखवाली के लिए जा रहे हैं किस को सेंड ने मार डाला। घटना की सूचना मिलने के बाद मृतक किसान के परिवारीजन मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक उसके प्राण पखेरू उड़ चुके थे। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत हेमनापुर के मजरा लोधनपुरवा गांव निवासी उदयराज (44) पुत्र मोलहे बुधवार को खेत की रखवाली के लिए जा रहे थे। तभी कुछ दूरी पर पहुंचने पर सांड ने किसान पर हमला कर दिया। सांड ने सींग से उठाकर किसान को पटक दिया। गांव के लोगों ने लाठी मारकर सांड को भगाया। किसान को उठाकर अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे। लेकिन उनकी मौके पर ही मौत हो गई। जिस पर ग्राम प्रधान शुभम अवस्थी ने सूचना थाने में दी।

प्रभारी निरीक्षक अंजनी कुमार राय ने मौके पर पहुंच कर लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हल्का लेखपाल बृजेश कुमार सिंह ने भी गांव का मुआयना कर रिपोर्ट तहसील को भेज दी है। गांव निवासी राम अवतार ने बताया कि क्षेत्र के भौंरी, हेमनापुर, सिपहिया हुलास, संगवा, समदा और समेत अन्य गांवों में छुट्टा मवेशियों को आतंक है। अधिकारी मवेशियों को नहीं पकड़ रहे हैं। सभी ने सांड और अन्य मवेशियों को पकड़े जाने की मांग की है।

किसानों का कहना है कि इस घटना के बाद अब वह अकेले खेत जाने में घबराते हैं।

# ग्राम पंचायत में तैनात सफाई कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले

जन एक्सप्रेस । मिल्कीपुर -अयोध्या




मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र स्थित 210 ग्राम पंचायत में अभी तक ऑनलाइन उपस्थिति शुरू नहीं हो सकी है। ऑनलाइन हाजिरी व्यवस्था बीते 15 सितंबर से शुरू हो जानी थी किंतु विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के चलते दो माह बीत जाने के बावजूद भी ऑनलाइन हाजिरी व्यवस्था परवान नहीं कर सकी है।

मिल्कीपुर विकासखंड में कुल 77 ग्राम पंचायतें है, जिनमें 106 सफाई कर्मचारी तैनात हैं। मिल्कीपुर ब्लॉक में सफाई कर्मचारियों का आलम यह है कि एडीओ पंचायत द्वारा एक सफाई कर्मचारी को अपने कार्यालय में स्टेनो बना लिया गया है और कभी भी अपनी तैनाती ग्राम पंचायत में जाने की जहमत नहीं मोल लेता उल्टे अपने अन्य साथी सफाई कर्मचारियों पर रौब झाड़ता रहता है। हैरिंग्टनगंज विकास खंड क्षेत्र में 60 ग्राम पंचायतों के सापेक्ष 97 सफाई कर्मी तैनात किए गए हैं। इनमें से लगभग एक दर्जन सफाई कर्मियों को ब्लॉक मुख्यालय व अधिकारियों के आवासों पर लगाया गया है। सफाई कर्मियों को अपने संबंधित ग्राम पंचायत में उपस्थित रहकर सफाई करने के निर्देश हैं। ग्राम पंचायत सचिवालय पर ऑनलाइन व्यवस्था के लिए इंटरनेट की आवश्यकता है। अधिकतर पंचायत में लग जाने का दावा विभागीय अधिकारियों द्वारा किया किया जा रहा है। लेकिन अभी तक सुचारू रूप से चालू नहीं कराया जा सका है। इतना ही नहीं सभी ग्राम पंचायत सचिवालय में कंप्यूटराइज व्यवस्था नहीं हो सकी है और न ही ऑनलाइन हाजिरी के लिए थंब मशीन ही लगाई जा सकी है। जिसके चलते सफाई कर्मी तैनाती वाली ग्राम पंचायत से इतर मौज काटते देखे जा रहे हैं। खंड विकास अधिकारी मिल्कीपुर के के सिंह से जब इस संबंध में जानकारी चाहिए गई तो उन्होंने बताया कि इंटरनेट की समस्या ज्यादातर है, जो कनेक्शन हुए भी हैं वे सुचारू रूप से चल नहीं रहे है। फिलहाल अभी तक ऑनलाइन हाजिरी के लिए पंचायत भवनों में थंब मशीन नहीं लग सकी है। वही दूसरी ओर खंड विकास अधिकारी अमानीगंज सुरेंद्र सिंह राणा से जब जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया कि अमानीगंज विकासखंड में कुल 73 ग्राम पंचायतें हैं लेकिन वह सफाई कर्मियों की संख्या नहीं बता सके। जब जानकारी के लिए उनसे दोबारा फोन से संपर्क करने का प्रयास किया गया किंतु उन्होंने कॉल रिसीव करना मुनासिब नहीं समझा।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव मिला

**जन एक्सप्रेस/बीकापुर-अयोध्या।** कोतवाली क्षेत्र के ताजपुर तिवारी पुर के पास अयोध्या प्रयागराज रेलवे ट्रैक पर बृहस्पतिवार सुबह करीब 7 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में 19 वर्षीय युवक का शव मिलने का मामला प्रकाश में आया है। आशंका जताई जा रही है कि ट्रेन की चपेट में आने से मौत हुई है। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान तिवारीपुर गांव निवासी लव कुश तिवारी उर्फ श्यामू पुत्र रामकृष्ण तिवारी के रूप में हुई। बताया गया कि मृतक युवक बुधवार की रात में खेत की सिंचाई के लिए गया हुआ था।

गुरुवार सुबह शौच के लिए निकले ग्रामीणों ने रेलवे लाइन के ट्रैक पर युवक का शव देखा तो परिजनों को सूचना दी गई। और गांव में हलचल मच गई। ग्रामीणों की सूचना के बाद मौके पर पुलिस टीम के साथ पहुंचे उप निरीक्षक जय किशोर अवस्थी द्वारा जांच पड़ताल के बाद पंचनामा करके शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# मिल्कीपुर में 3 से 6 साल तक के 27399 बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों पर फिर से मिलेगा एमडीएम

जन एक्सप्रेस । मिल्कीपुर- अयोध्या



मिल्कीपुर में आंगनबाड़ी केंद्रों पर पंजीकृत 3 से 6 साल के बच्चों को फिर से दोपहर का भोजन मिलेगा इससे करीब 27399 हजार बच्चों को लाभ मिलेगा बच्चों को भोजन एमडीएम योजना के तहत परिषदीय स्कूलों में मिलेगा। आंगनबाड़ी केंद्रों पर पहले भी बच्चों को हॉट कुक की योजना के तहत भोजन मिलता था, लेकिन 2016 में इसे बंद कर दिया गया था।

मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र में 657 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं, इसमें 3 से 6 वर्ष तक के कुल 43813 बच्चे पंजीकृत है। इनमें से 27399 हजार बच्चे 3 वर्ष से 6 वर्ष आयु के है। इन्हें ही एमडीएम योजना के तहत फिर से दोपहर का भोजन दिया जाएगा। बच्चों को दोपहर का भोजन परिषदीय विद्यालयों व आंगनबाड़ी केंद्रों पर दिया जाएगा।परिषदीय स्कूलों की तरह ही आंगनबाड़ी केंद्रों पर पंजीकृत बच्चों को भी पूर्व में एमडीएम योजना के तहत दोपहर का भोजन मिलता था। यह योजना 2016 में बंद हो गया था। आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को भोजन हॉट कुक योजना के तहत शासन की ओर से नामित संस्था द्वारा उपलब्ध कराया जाता था। भोजन आंगनबाड़ी केंद्रों पर पंजीकृत 3 वर्ष से 6 वर्ष तक के बच्चों को मिल रहा था। वर्ष 2016 में अचानक शासन के ही निर्देश पर हाटॅ कुक योजना बंद हो गई थी।

सीडीपीओ मिल्कीपुर प्रियंका दुबे सीडीपीओ अमानीगंज सूरज सिंह व सीडीपीओ हैरिंग्टनगंज ओमप्रकाश ने बताया कि जो आंगनवाड़ी केंद्र परिषदीय विद्यालय व विद्यालय के 200 मी पारिध की दूरी में है, उनका भोजन विद्यालय में ही बनेगा। जो आंगनवाड़ी विद्यालय से दूर हैं वहां पर सहायिका यदि उपलब्ध है तो बच्चों का भोजन बनेगा अन्यथा की दशा में एमडीएम बनना संभव नहीं हो पाएगा।

## विकासखंड सभागार में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**जन एक्सप्रेस/बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर के सदर विकासखंड सभागार मे गुरुवार को क्षेत्र पंचायत सदस्यों का एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित किया गया । कार्यशाला का शुभारंभ विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला, विधायक सदर बलरामपुर पलटू राम तथा जिला अध्यक्ष भाजपा प्रदीप सिंह द्वारा किया गया। जानकारी के अनुसार 16 नवंबर को विकाश खण्ड बलरामपुर के सभागार में सदस्य क्षेत्र पंचायतों का एक दिवसीय कार्यशाला भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित किया गया । कार्यशाला में बलरामपुर, हरैया सतघरवा एवं श्रीदत्त गंज ब्लॉक के क्षेत्र पञ्चायत सदस्यों ने भाग ले कर चार सत्रों में प्रशिक्षण लिया । सभी में देश की राजनीति, देश के सामाजिक आर्थिक विकास, जनप्रतिनिधि के आचरण सहित अन्य विषयों पर चर्चा की । कार्यक्रम में विधायक पलटू राम, विधायक कैलाश नाथ शुक्ल, जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह, क्षेत्रीय प्रतिनिधि के रुप में गौरव वर्मा, ब्लॉक प्रमुख हेमन्त जयसवाल, गोविन्द सोनकर, जिला महामंत्री विशुन देव गुप्ता, वरुण सिंह मोनू, तरुण तिवारी, बृजेंद्र तिवारी व आद्या सिंह सहित तमाम क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे।

# समारोहपूर्वक मनायी गई बिरसा मुण्डा की जयन्ती

जन एक्सप्रेस । बहराइच

भारतीय जनजाति समुदाय के भगवान के रूप में पूजित महान सेनानी बिरसा मुण्डा की जयन्ती के अवसर पर बुधवार को विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में ब्लाक मिहींपुरवा के जनजाति बाहुल्य ग्राम बलई गांव, सोहनी एवं अन्य ग्रामों के निवासियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में जनजाति समुदाय के कलाकारों द्वारा अपनी पारम्परिक वेशभूषा में थारू नृत्य एवं डान्स के साथ ही जनजाति से सम्बन्धित कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम में जनजाति के कलाकारों प्रिया राना, प्रियंका राना, उर्मिला राना, अंशिका राना, गायत्री राना, दिपना राना, बिन्दुराना, साधना राना, शिवांशी राना, मीना राना, संगीता राना, लाजवती राना आदि जनजाति के कलाकारों की सराहनीय प्रस्तुति पर डीएम मोनिका रानी ने कलाकारों की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए पुरस्कृत किया गया तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करने तथा जनजाति समुदाय के लोगो के उत्थान हेतु प्रयास करने वाली संस्था वेलफेयर मिशन फॉर लेबर एण्ड अनइम्पलायड यूथ्स (सदभावना) के अध्यक्ष योगेन्द्र मणि त्रिपाठी के प्रयासों की सराहना की गई। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर गुप्ता, खण्ड विकास अधिकारी मिहीपुरवा अजीत सिंह के साथ ही जनपद के समस्त खण्ड विकास अधिकारी तथा जनजाति बाहुल्य ग्रामों के ग्राम प्रधान भी मौजूद रहे।

# बैलों की पूजा कर पारले चीनी मिल के पेराई सत्र का शुभारम्भ

जन एक्सप्रेस । बहराइच



वैदिक मंत्रोचार के बीच पारले चीनी मिल, परसेण्डी के डोंगा में गन्ना डालकर पेराई सत्र 2023- 2024 का शुभारम्भ किया गया। पेराई सत्र के शुभारम्भ अवसर पर डीएम मोनिका रानी ने एसपी प्रशांत वर्मा व अन्य अधिकारियों, क्षेत्रीय गणमान्य व संभ्रान्तजनों तथा प्रगतिशील गन्ना कृषकों के साथ

मिल गेट पर पहुंची प्रथम बैलगाड़ी के बैलों की पूजा कर गुड़ खिलाया गया तथा बैल गाड़ी के साथ गन्ना लेकर आये ग्राम मंझारा बघईया के कृषक छेदीलाल को माला पहनाकर अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर डीएम ने मिल के अफसरों से कहा कि प्रत्येक किसान से गन्ना खरीद कर समय से भुगतान कराया जाय। डीएम ने गन्ना कृषकों से अपील की कि वह अपना गन्ना किसी अन्य बिचौलियों को ना बेचें, बल्कि मिल में लाकर अपनी उपज का वाजिब मूल्य प्राप्त करें। डीएम ने कहा कि पारले चीनी मिल की स्थापना से इस क्षेत्र के गन्ना किसानों को काफी लाभ हुआ है। उन्होंने मिल के जिम्मेदारान व गन्ना कृषकों से अपेक्षा की कि एक दूसरे के हित को दृष्टिगत रखते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। डीएम ने किसानों से अपील की कि खेतों में फसल अवशेष व पराली को जलाएं नहीं बल्कि बेहतर प्रबन्धन के सहारे इससे कम्पोस्ट खाद तैयार कर भूमि की उर्वरा शक्ति को बढ़ाएं।

चीनी मिल के जीएम अनिल सखूजा ने बताया कि पूराई सत्र 2023-24 में मिल द्वारा 85 लाख कुण्टल पेराई का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि कृषकों को गेहूँ की बुवाई में कोई असुविधा न हो, इसलिए इस वर्ष 18 दिवस पूर्व की पेराई सत्र का आगाज़ कर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि मिल कृषकों की समस्याओं के समाधान के लिए दृढ़ संकल्पित है। किसानों को यदि कोई समस्या है तो वे मिल के जिम्मेदारान से सम्पर्क कर सकते हैं। श्री सखूजा ने किसानों से अपील की कि मिल को साफ-सुथरे गन्ने की आपूर्ति करें तथा शरद कालीन गन्ना बुवाई में अधिक से अधिक क्षेत्रफल में उन्नतशील गन्ना प्रजातियों की बुवाई कर चीनी मिल की सुविधाओं का लाभ उठाएं ताकि चीनी मिल को पेराई क्षमता के अनुरूप गन्ना की आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। श्री सखूजा ने कहा कि पूर्व वर्षों की भांति गन्ना मूल्य का भुगतान समय से भुगतान करना मिल की शीर्ष प्राथमिकता है।

इस अवसर पर गन्नाधिकारी आनन्द शुक्ला, फैक्ट्री मैनेजर अनिल यादव, मुख्य तकनीकि प्रबन्धक बी.के. पाण्डेय, गन्ना प्रबन्धक जगतार सिंह, बहाजुद्दीन व संजीव राठी, प्रगतिशील कृषक बब्बन सिंह, राजन सिंह सहित अन्य गन्ना कृषक तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# रीढ़ की हड्डी में समस्या को नजरअंदाज करना खतरनाक: डॉ. अचल गुप्ता

जन एक्सप्रेस । कैसरगंज, बहराइच

सेंट जोसेफ हॉस्पिटल लखनऊ के कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन डॉ अचल गुप्ता का कहना है कि प्रत्येक उम्र के बच्चों से लेकर बड़े और बुजुर्गों तक को स्पाइन में आने वाली समस्या को नजर अंदाज नहीं करना चाहिए। कभी भी स्पाइन में उत्पन्न हुई छोटी बीमारी बड़ी बन सकती है और काफी तकलीफ देह साबित हो सकती है। स्पाइन (मेरुदंड) व्यक्ति के शरीर का सबसे महत्वपूर्ण अंग है। इसी के सहारे व्यक्ति आसानी से चलता फिरता रहता है।

डॉ गुप्ता बताते है कि आज के दौर में रीढ़ की हड्डी की सही तरह से देखभाल एक बेहद जरूरी जरूरत बन गई है। जिसका कारण है कि वर्तमान समय में सिर्फ बुजुर्गों में ही नहीं बल्कि हर उम्र के बच्चों व बड़ों में सिर्फ कमर दर्द ही नहीं बल्कि रीढ़ की हड्डी से जुड़ी कई प्रकार की समस्याओं के मामले बहुत अधिक आने लगे हैं। वैश्विक स्तर पर जन-जन को स्वस्थ रीढ़ की हड्डी के महत्व को समझाने तथा उससे संबंधित रोगों तथा उनके उपचार को लेकर जागरूक करने के उद्देश्य से हर साल 16 अक्टूबर को विश्व स्पाइन दिवस मनाया जाता है।

डॉ गुप्ता ने बताया कि स्पाइन (मेरुदंड) हमारे शरीर की सबसे महत्वपूर्ण हड्डी होती है। मनुष्य का पूरा शरीर कमर पर निर्भर होकर स्पाइन के सहारे खड़ा होता है और मनुष्य सामान्य रूप से चल फिर सकता है। अगर यह कमजोर हो जाए तो इससे जुड़ी कई गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। स्पाइन हमारे शरीर का आधार होती है।

# अधेड़ समेत तीन के फंदे से लटके मिले शव

* अजगैन, सोहरामऊ और फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्रों की घटनाएं
* उदय व अजीत के फाइल फोटो

जन एक्सप्रेस । उन्नाव





अलग अलग थाना क्षेत्रों में अधेड़ और पीएनसी मजदूर समेत तीन के शव फंदे से लटके मिले। सूचना पर पहुंची इलाकाई पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटनाएं अजगैन, सोहरामऊ और फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्रों की हैं।

### केस एक


अजगैन कोतवाली क्षेत्र के बिचपरी के मजरे गंगाबक्स खेड़ा निवासी अजीत (19) स्व. विश्राम लोध मजदूरी करता था। बुधवार शाम खाना खाने के बाद उसकी मां गोमती छोटे बेटे शुभम के साथ मवेशी के पास लेट गई जबकि अजीत घर के अंदर लेटा था। बड़ा भाई शैलेंद्र माखी थाना क्षेत्र के नवाबखेड़ा निवासी बहन रन्नो के घर धान कूटने गया था। सुबह जागने पर गोमती ने घर का दरवाजा खटखटाया तो अंदर से कोई आवाज नहीं मिली। पड़ोसी की छत से जब वह अपने घर में पहुंची तो बेटे का शव फंदे से लटका देख उसके होश उड़ गए। सूचना पाकर बड़ा भाई शैलेंद्र भी पहुंचा। उसकी तहरीर पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजन घटना के पीछे वजह नहीं बता सके।

### केस दो

झारखंड प्रांत के पलामू जिले के विश्रामपुर थाना क्षेत्र के सोहदग खुर्द गांव निवासी उदय कुमार सिंह (19) पुत्र रामवृक्ष पीएनसी कंपनी में मजदूरी कर रहा था। मौजूदा समय में वह सोहरामऊ थाना क्षेत्र बजेहरा के पास चल रहे सड़क निर्माण में काम कर रहा था। वहीं अन्य साथियों के झुग्गी मे रहता था। बुधवार दोपहर एक बजे वह अन्य साथियों के साथ ही खाना खाने झुग्गी पर आया था। अन्य साथी खाना खाकर काम पर चले गए जबकि उदय काम पर वापस नहीं गया। रात लगभग नौ बजे जब अन्य साथी काम से वापस लौटे तो उसका शव झुग्गी में गमछे के फंदे से लटका मिला। उसने फांसी क्यों लगाई इसकी वजह साथी नहीं बता सके। साथी श्याम बिहारी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेजा है। मृतक दो भाइयों में छोटा था। बड़ा भाई लाल बिहारी बंगलुरु में मजदूरी करता है। मां मालती और पिता रामवृक्ष वृद्ध है। कंपनी के जिम्मेदारों ने शव को वाहन से गांव भिजवा दिया है।

### केस तीन

फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के गांधी नगर मोहल्ला निवासी देशराज (55) पुत्र स्व. चिंता का शव गुरुवार सुबह घर से 500 मीटर दूर छोटे मिश्रा की आम की बाग में गमछे के फंदे से लटका मिला। शौच को गए ग्रामीणों ने शव लटका देख परिजनों को सूचना दी। बेटे पिंटू की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के बेटे पिंटू ने बताया की पिता पल्लेदारी करते थे और उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। भाई दूज पर वह कन्नौज के कुर्मापुर



निवासी अपनी बहन मीना के घर गए थे। वहां से शाम चार बजे घर लौटने के बाद वह फिर कहीं निकल गए। सुबह शव फंदे से लटका मिलने की जानकारी मिली। मृतक की पत्नी की मौत कई वर्ष पूर्व हो चुकी है। उसके तीन बेटियां और एक बेटा है सभी का विवाह हो चुका है।

# बीज की दुकान में आग लगने से लाखों का नुकसान

* सफीपुर कोतवाली के माथर गांव की घटना

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के गाँव माथर में अज्ञात कारणों के चलते बुधवार रात एक बीज की दुकान में आग लग गई। जिससे दुकान में रखा लाखों रुपए का गेहूँ का बीज व सामान जलकर खाक हो गया। पीड़ित दुकानदार ने स्थानीय कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई, पुलिस ने मौके पर पहुँचकर जाँच पड़ताल की है। सफीपुर के माथर गांव स्थित सेंगर मार्केट में रज्जाकपुर निवासी सूनीत पटेल पुत्र सूर्यभान पटेल की बीज की दुकान में बुधवार की रात को अज्ञात कारण के चलते आग लग गई, जिसकी जानकारी आस-पड़ोस के लोगों ने दुकान के मालिक गुरूवार की सुबह इसकी सूचना दी तथा पानी डालकर आग बुझाई। जानकारी के अनुसार दुकान बंद होने की वजह से आग का पता देरी से चला राहगीरों ने उक्त दुकान में धुआं निकलते देखा। तब इस घटना के संबंध में जानकारी लग पाई है। दुकान में आग इतनी भयानक थी कि उसे बुझाने के लिए लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। आसपास के लोगों ने दुकान का शटर खोलकर आग बुझाने की कोशिश की उसके बात काफी मशक्कत से आग पर काबू पाया। हालांकि इस आग से काफी सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित ने बताया लगभग नगद 50 हजार रूपया व लगभग 3 लाख रूपयों गेहूँ का बीज जलकर राख हो गया। दुकानदार का कहना हैं शरारत तत्वों द्वारा आग लगाई गई है। कोतवाल श्याम नारायण सिंह ने बताया पीड़ित दुकानदार का प्रार्थना पत्र मिला जांच कर रही है।

# चलती बाइक बनी आग का गोला, मची अफरा तफरी

* शहर के कचेहरी ओवरब्रिज पर गुरुवार दोपहर हुई घटना

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



शहर के कचेहरी पुल पर गुरुवार दोपहर उस समय अफरा तफरी मच गई जब अचानक चलती बाइक में आग लग गई। युवक ने किसी तरह बाइक से उतर कर अपनी जान बचाई। सूचना पर पहुंची दमकल ने मशक्कत कर आग पर काबू पाया। इस दौरान पुल पर यातायात बाधित रहा। सदर कोतवाली के कांशीराम कालोनी निवासी आरिफ पुत्र कासिम किसी काम से शहर के बड़ा चौराहा जा रहा था। जैसे ही उसकी पल्सर बाइक कचेहरी ओवर ब्रिज के बीच पहुंची तो उसमें अचानक आग लग गई। पीछे से आ रहे अन्य बाइक सवारों ने जैसे ही आरिफ को उसकी बाइक में आग लगी होने की जानकारी तो वह जान बचाने के लिए चलती बाइक से कूद गया। आग सूचना मिलते ही यातायात कर्मियों ने ट्रैफिक रुकवाया। उधर जानकारी मिलते ही पहुंची दमकल ने मौके पर पहुंच कर आग बुझाई। बाइक में आग लगने की घटना से पुल पर अफरा तफरी का माहौल रहा। इस दौरान यातायात भी बाधित रहा।

# विषधन के हरीपुरवा गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग से किसान की फसल जलकर राख

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील के ककवन थाना अंतर्गत बिषधन चौकी के गांव हरीपुरवा में किसान की खेत में लगे धान की फसल के ढ़ेर में बुधवार रात अचानक आग लग गई और जब तब किसान व ग्रामीण मौके पर पहुंचे तब तक फसल का पूरा ढेर जलकर राख हो गया था। ककवन थाना क्षेत्र के हरी पुरवा गांव निवासी किसान दयाराम खेतीबाड़ी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। गांव से कुछ दूरी पर मौजूद अपने पांच बीघा खेत में बरसात शुरू होते ही धान की फसल रोपी थी और चार महीने तक कड़ी मेहनत कर फसल तैयार की थी।फसल पकने पर उसे काट कर खेत में एक जगह ढेर लगा दिया था



और फसल की मड़ाई की तैयारी में लगा हुआ था। इसी बीच बुधवार रात लगभग ग्यारह बजे खेत में आग की लपटें उठती देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। कुछ ही देर में किसान उसके परिवारिक जन व ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। लेकिन तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया था और जब तक आग बुझाने का प्रयास किया गया तब तक किसान की पूरी फसल जलकर राख हो गई।



### अराजकतत्वों द्वारा आग लगाए जाने की आशंका

घटना के बाद खेत पर पहुंचे किसान दयाराम व ग्रामीणों में मौके की स्थितियों को देखते हुए किसी अराजकतत्व के द्वारा जानबूझकर फसल में आग लगाए जाने की चर्चाएं बनी रहीं।

### खेत पर ही फूट फूटकर रो पड़ा किसान का परिवार

घटना के बाद मौके पर पहुंचे किसान दयाराम के परिवार के लोग चार महीने तक खून पसीने की मेहनत से तैयार की गई फसल को जलता हुआ देखकर खेत पर ही दहाड़े मारकर रोने लगा। हो भी क्यों न उसके तो जीनव यापन का सहारा ही छिन चुका था।

# फरार चल रहे अपहरण के आरोपी को दबोचा

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव

कोतवाली प्रभारी राजकुमार ने बताया कि एसपी के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के दौरान दरोगा ज्ञान सिंह, हे0कां0 सुभाष चंद्र, कां0 शुभम तोमर हमराहियों के साथ संदिग्धों और वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। तभी मुखबिर की सूचना पर सरैयां रेलवे क्रासिंग के पास से पुलिस ने अपहरण के वांछित थाना दही के ग्राम रायपुर बुजुर्ग हाल पता शिवननगर निकट ग्राम चांदपुर थाना दही निवासी करन यादव पुत्र शिव कैलाश को पकड़ा गया। जिसके खिलाफ गंगाघाट कोतवाली में बहला फुसला कर नावालिग किशोरी को अगवा करने का मामला दर्ज था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्यवाही कर कोर्ट भेजा है। और उसे इस अपराध की कड़ी से कड़ी सज़ा दिलाने की बात किया।

# गंगाघाट पुलिस ने दबोचे शातिर जुआरी



जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव

इंस्पेक्टर राजकुमार ने बताया कि गुरुवार को एसपी के निर्देश पर गंगाघाट कोतवाली पुलिस संदिग्धों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी, तभी मुखबिर की सूचना पर शक्ति नगर कत्था फैक्ट्री के पास खाली प्लाट में जुआ खेला जा रहा है। जहां पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान पुलिस ने जुआ खेल रहे दस लोगों को पकड़ा। पूछताछ में पकड़े गये आरोपियों ने अपना नाम राकेश गुप्ता, समर सिंह, मोहित कुमार, मयंक कुमार, रविकांत गौतम, धर्मेन्द्र सिंह, संजू सैनी, गौरव बेरिया निवासी इंद्रा नगर, कृष्णा केसरी जगनी खेड़ा, हर्ष सिंह शक्ति नगर बताया। पुलिस ने उनके पास से ताश के पत्ते और 6020 रुपये बरामद किये और सभी पर कार्यवाही की है।

# अज्ञात चोरों ने पोस्ट ऑफिस से लाखों का नकद माल किया पार

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव

राजधानी मार्ग ऋषि नगर गाजी खेड़ा में रतन पांडे के मकान में कई वर्षों से गंगाघाट पोस्ट आफिस संचालित है। पोस्ट आफिस के सब पोस्ट मास्टर अनुज अवस्थी सोमवार से छुट्टी पर थे, जिस पर उन्होंने सहायक पोस्ट मास्टर कानपुर जे के कॉलोनी निवासी आशीष चंद्र गौड़ को चार्ज दे रखा था। आशीष ने बताया कि बुधवार रात आरडी फिक्स डिपोजिट, सामान्य जमा निकासी, सकुन्या योजना का करीब सोलह लाख रुपये का कैश उन्होंने कर्मचारियों से तिजोरी में रखवाकर ताला बंद कराया था। जिसके बाद उन्हें याद नहीं कि तिजोरी की चाभी उनके बैग में कर्मचारियों ने रखी कि नहीं रखी। गुरुवार सुबह



करीब साढ़े नौ बजे वह पोस्ट आफिस पहुंचे। जहां पीछे के दरवाजे से अंदर पहुंचे और कैश की तिजोरी का मेन दरवाजा खोला तो उसका ताला मेज पर रखा था, यह देख उनके होश उड़ गये। जिसके बाद उन्होंने तिजोरी चेक की। उसके भी दोनों ताले खुले थे और तिजोरी से सोलह लाख रुपये गायब थे, जिस पर उन्होंने विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया और मिश्रा कॉलोनी निवासी पोस्टमैन रवि कुमार को पोस्ट आफिस बुलाया। जिसके बाद चोरी की जानकारी गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पर गंगाघाट कोतवाली प्रभारी राजकुमार पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने जांच पड़ताल की और आलाधिकारियों को अवगत कराया। जिस पर डॉग स्क्रायड मौके पर पहुंची। डॉग भी कुछ दूर जाने के बाद रुक गया। जिससे पुलिस को कोई क्यू नहीं मिल सका। सीओ सिटी आशुतोष कुमार ने बताया कि विभाग का ही कोई कर्मचारी की संलिप्ता हो सकती है, फिलहाल कर्मचारियों से पूछताछ की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा होगा।

# लखनऊ इटावा राजमार्ग पर चांदेताल मोड़ बना दुर्घटना बहुल्य क्षेत्र, अधिकारी बने मूकदर्शक

* अंधा मोड़ और जंगली जानवर की वजह से होती है दुर्घटनाएं, वन विभाग व लोक निर्माण दोनों विभाग के जिम्मेदार बने अंजान

जन एक्सप्रेस । हरिनाथ सिंह

**बिल्हौर।** तहसील क्षेत्र से लखनऊ इटावा राजमार्ग है जो ककवन थाना क्षेत्र के चांदेताल गांव के समीप से होकर गुजरा है जहां पर चांदेताल मोड़ के नाम से बस स्टॉप भी है और वहां पर घने बबूल के जंगल भी हैं।वहां पर जंगली जानवरों की बहुतायत होने की वजह से अक्सर रोड पर अचानक निकल पड़ते हैं जैसे काले हिरण/ चित्तल, खरगोश, भेड़िया, बघर्रा, जंगली सुअर,नीलगाय और आवारा गोवंश आदि जिसके चलते मोटरसाइकिल सवार आए दिन



टकराकर चोहटील हो जाते हैं अब पिछले दिनों एक्सीडेंट में एक युवक की मौत हो गई थी उसी स्थान पर गुरुवार को मोटरसाइकिल को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी मोटरसाइकिल सवार दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस और एंबुलेंस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां पर बिल्हौर थाना क्षेत्र के घिमऊ गांव निवासी रामेश्वर के पुत्र छोटे की हालत गंभीर होने पर कानपुर रेफर कर दिया गया है। वहीं पर लोक निर्माण विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है जबकि साल में 15 से 20 दुर्घटनाए होती हैं और आधा दर्जन लोगों की जान चली जाती हैं ना यहां पर स्पीड ब्रेकर बने हैं ना संकेतांक बने हुए और वहीं पर वन विभाग के अधिकारियों ने जंगली जानवरों को रोड पर ना आ सके इसलिए अगर बेरी कटिंग लगवा दी होती है तो दुर्घटनाएं कम हो सकती हैं आखिरकार जिम्मेदार दोनों विभाग कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं जनप्रतिनिधि सिर्फ वोट लेने के लिए आते हैं लेकिन इस ओर कोई भी ध्यान नहीं दे रहा है।

# पत्नी वियोग में पति ने फांसी लगा कर दी जान



जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव

शक्ति नगर निवासी उमेश तिवारी (52) ने बुधवार रात कमरे में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। देर रात मृतक के बड़े भाई दिनेश तिवारी ने शव फंदे पर लटका देखा। जिस पर उसने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को फंदे से नीचे उतरवाया। जिसके बाद पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। मृतक की एक दस वर्षीय बेटी अनन्या है। दिनेश ने बताया कि उमेश की पत्नी की मौत के बाद से वह परेशान चल रहा था। उसी के चलते वह शराब का लती हो गया था। जिससे परेशान होकर उसने यह कदम उठाया है।

# बिल्हौर रेलवे विभाग की घोर लापरवाही बीबीपुर क्रॉसिंग से अस्पताल रोड की पूरी नहीं कराई रिपेयरिंग

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में गागूपुर से लेकर मंधना तक रेलवे लाइन में दर्जनों प्लेटफार्म और रेलवे क्रॉसिंग पड़ती हैं जिसका रिपेयरिंग का काम पिछले दिनों से होता चला आया है इस बार रेलवे फाटक के दोनों और रिपेयरिंग काम के नाम पर खाना पूरी की गई है वहीं पर बीबीपुर रेलवे क्रॉसिंग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक जाने वाला रोड पर सिर्फ एक दो जगह टिक्की लगाकर छोड़ दिया है जबकि अन्य जगहों पर गड्ढे में गिट्टी ही डालकर चलते बने हैं आखिरकार उनकी देखरेख करने वाला कोई नहीं है वैसे अभी तक यह माना जाता था कि रेलवे विभाग का काम ईमानदारी पूर्वक होता है लेकिन अब उसमें भी ठेकेदारी प्रथा ने अपने हिसाब से ही काम करके चलता बना है इस सड़क पर एम्बुलेंस दर्जनों बार डॉक्टर और



मरीज रिक्शा और साइकिल से आते आते हैं जहां पर रोड खराब होने की वजह से पैदल निकलना ही मुश्किल है कई बार बैटरी रिक्शा पलट जाते हैं जिससे मरीज भी चोहटिल हो जाते हैं आखिरकार रेलवे विभाग बिना देखे बिना सक्षम अधिकारी जांच किए ही भुगतान कर देते हैं क्या? जिसके चलते ठेकेदारों के हौसले बुलंद हो गए हैं। बिल्हौर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सिपाही लाल कठेरिया ने बताया कि बीबीपुर रेलवे क्रॉसिंग से अस्पताल जाने वाला रोड सबसे अधिक चलता है इसी रोड की दुर्दशा है कई बार रेलवे के अधिकारियों से कहा लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं देता है अबकी बार रिपेयरिंग करने वाले केवल क्रॉसिंग पर ही करके आगे का रोड छोड़कर चले गए। इस संबंध में मिश्रिख सांसद अशोक रावत को प्रार्थना पत्र और फोटो दिखाकर समस्या से अवगत कराएंगे

# कौरवों की हार का कारण पांडवों का कभी धर्म का मार्ग नहीं छोड़ना था :शिवाकांत जी महाराज

जन एक्सप्रेस । कानपुर देहात

अकबरपुर में अंतरराष्ट्रीय कथा व्यास आचार्य पं0 शिवा कान्त महाराज के श्री मुख से सुनाई जा रही साप्ताहिक श्रीमद् भागवत महापुराण की पावन कथा एवं सनातन महोत्सव के दूसरे दिन कथा व्यास ने कहा कि यद्यपि महाभारत के युद्ध में पांडवों की विजय हुई और कौरवों की हार क्योंकि पांडवों ने कभी धर्म का मार्ग नहीं छोड़ा। इसलिए धर्म का मार्ग कभी न छोड़ें। बीते दिन गुरुवार को परीक्षित जन्म की कथा सुनाते हुए कहा कि मनुष्य ही परीक्षित है। मनुष्य को मात्र सात दिन का ही समय मिला है सोम मंगल बुध आदि यही सात दिन है इन्हीं सात दिन में मनुष्य को यहां से जाना है इन्हीं सात दिनों में यदि मनुष्य छल कपट परपंच का त्याग करके परमात्मा की शरणागति ग्रहण करता है तो वह मोक्ष को प्राप्त होता है महाभारत के प्रसंग में व्यास जी ने कहा कि कौरव अन्याय एवं धर्म के रास्ते पर चल रहे थे और पांडव धर्म के रास्ते पर चल रहे थे महाभारत के युद्ध में भले ही पांडवों की विजई हुई और कौरवों की पराजय हुई विजई होने के बावजूद भी पांडवों की बहुत बड़ी क्षति हुई व्यास जी ने जनता जनार्दन को यह बताया की मुनष्य को हमेशा वाद विवाद से सदैव नुकसान होता है इसलिए मनुष्य को



विवादों के चक्कर में ना पढ़कर प्रेम स्नेह सौहार्द के साथ जीवन जीना चाहिए कथा व्यास ने कहां कि मेरा भारत महान था है रहेगा भारत विश्व गुरु था है रहेगा पूरा विश्व एक दिन सनातन मय होगा भारतीय संस्कृति का गुणगान करते हुए उन्होंने कहा कि जाने कितने अक्रांता आए और हिंदुस्तान को बर्बाद करने का स्वप्न देखते हुए चले गए इसी लिए मोहम्मद इकबाल ने कहा था सदियों रहा है दुश्मन दौर ए जमा हमारा कुछ बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी मुगल हूंन यवान खिलजी अंग्रेज सब आए और दशकों तक हम पर शासन किया लेकिन हमारी सभ्यता और संस्कृति को हिला न पाए कथा के प्रधान यजमान रामचंद्र गुप्ता, डॉक्टर नरेंद्र द्विवेदी, ज्योत्सना कटियार पूर्व चेयरमैन ,डॉक्टर उमेश तिवारी, प्रमोद मिश्रा, जब्बू अग्रवाल, रोहित गोयल लंदन से कथा सुनने आए, कंचन मिश्रा समाज सेविका आचार्य भास्कर, आचार्य सुनील, आचार्य आशुतोष गौड़, ने व्यास पूजन करवाया कथा की पूरी जानकारी पं0 उत्तम शुक्ला द्वारा दी गई।

# पुलिस आयुक्त ने किया थाना गोविन्द नगर का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

* थाना कार्यालय के अभिलेखों का गहनता से निरीक्षण किया

बीते दिन पुलिस आयुक्त आर के स्वर्णकार द्वारा निरीक्षण के दौरान गोविन्द नगर थाने के पुलिसकर्मियों की अच्छे टर्न ऑउट के लिए सराहना की गई। थाना कार्यालय के अभिलेखों का गहनता से निरीक्षण किया साथ ही दिए महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए। थाना परिसर के बेहतर साफ सफाई के लिए थाना गोविन्द नगर के कर्मियों की प्रसंशा की गई। विवेचना निस्तारण के तहत थाना गोविन्द नगर पर 94 अभियोग लंबित है अपराध नियंत्रण के लिए उत्साहवर्धन किया गया। बेहतर निस्तारण के लिए प्रोत्साहित किया गया।विभिन्न रजिस्टरों के रख रखाव बेहतर पाया गया जिसकी प्रसंशा की गई। महिला हेल्प डेस्क का किया पर्यवेक्षण रजिस्टर के प्रविष्टियों के पूर्ण एवं अद्यावधिक होने पर सम्बन्धित महिला पुलिस कर्मी का प्रोत्साहन किया गया।इस दौरान डीसीपी साउथ, एडिशनल डीसीपी साउथ, एसीपी बाबूपुरवा थाना प्रभारी गोविन्द नगर, अतिरिक्त निरीक्षक गोविन्द नगर तथा चौकी इंचार्ज एवं अन्य कर्मी मौजूद रहे।

# राजस्थान में भाजपा का घोषणा पत्र जारी

## गरीब लड़कियों को मुफ्त शिक्षा, 5 साल में ढाई लाख नौकरियां, पेपर लीक की जांच के लिए एसआईटी बनेगी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जयपुर

राजस्थान में विधानसभा चुनाव को लेकर बीजेपी ने आज अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। भाजपा ने वादा किया है कि गेहूं की फसल 2700 रुपए प्रति क्विंटल खरीदी जाएगी। इसके साथ ही जिन किसानों की जमीन कुर्क हो गई है, उन्हें मुआवजा देने के लिए एक कमेटी बनवाई जाएगी। महिलाओं की सुरक्षा के लिए हर शहर में एंटी रोमियो फोर्स तैयार की जाएगी और हर थाने में एक महिला डेस्क बनाई जाएगी। वहीं मेरिट में आने वाली छात्राओं को 12वीं के बाद फ्री स्कूटी दी जाएगी। इसके साथ ही भाजपा ने पांच साल में ढाई लाख लोगों को सरकारी नौकरी देने का वादा किया है। भाजपा ने ईआरसीपी को पूरा करने का वादा भी किया है, अब तक कांग्रेस सरकार ईआरसीपी को लेकर भाजपा पर हमलावर थी।



### गहलोत सरकार के घोटालों की जांच के लिए स्ढ्ढञ्ज बनाएंगे

भाजपा ने वादा किया है कि उसकी सरकार आई तो गहलोत सरकार में हुए भ्रष्टाचार की जांच के लिए एसआईटी गठित की जाएगी। इसके तहत पेपर लीक, जल जीवन मिशन, वृद्धा पेंशन घोटाले समेत सभी घोटालों की जांच होगी और दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि चुनाव प्रचार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजस्थान में हुए घोटालों पर कार्रवाई करने का वादा करते आ रहे हैं।

### लाडली लक्ष्मी योजना की तर्ज पर लाडो प्रोत्साहन योजना

इसमें 2 लाख रुपए का सेविंग बॉन्ड हर नवजात बेटी को दिया जाएगा। छठी क्लास में 6 हजार रुपए, नौंवी क्लास में 8 हजार रुपए, 10वीं क्लास में 10 हजार, 12वीं क्लास में 14 हजार रुपए, प्रोफेशनल पढ़ाई के लिए 50 हजार रुपए और 21 साल की होने पर 1 लाख रुपए अकाउंट में डिपॉजिट होगा। यह योजना मप्र की लाडली लक्ष्मी योजना की तर्ज पर शुरू की जाएगी।

### गहलोत के परिवार को 11 हजार करोड़ का कॉन्ट्रैक्ट मिला: नड्डा

घोषणा पत्र जारी करने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि राजस्थान में पेपर लीक के रिकॉर्ड बने हैं। वृद्ध पेंशन योजना में भी 450 करोड़ रुपए का घोटाला हुआ है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के परिवार को 11 हजार करोड़ का कॉन्ट्रैक्ट फैमिली से रिसीव हुआ है, यह बताता है कि कांग्रेस किस तरह से परिवारवाद-भ्रष्टाचार को बढ़ाती है। जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पिछले पांच साल में 5 बातों के लिए जानी जाती हैं। भ्रष्टाचार, महिलाओं के सम्मान के साथ खिलवाड़, किसानों का तिरस्कार, पेपर लीक, गरीब-दलित और पिछड़ों पर अत्याचार।

### संकल्प पत्र समिति को मिले 1 करोड़ 3 लाख सुझाव

संकल्प पत्र समिति के संयोजक और केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने बताया कि बीजेपी ने घोषणा पत्र के लिए 17 अगस्त को संकल्प पत्र समिति का गठन किया था। इस समिति में उनके सहित 25 सदस्यों को शामिल किया गया था। समिति का दावा है कि उसने करीब ढाई महीने तक अलग-अलग तरीकों से लोगों से संपर्क करके उनके सुझाव प्राप्त किए। समिति ने इस दौरान 1 करोड़ 23 लाख लोगों से संपर्क किया, जिनसे उसे 1 करोड़ 3 लाख सुझाव प्राप्त हुए। उन्हीं सुझावों को ध्यान में रखते हुए घोषणा पत्र तैयार किया गया है।

### किसानों के लिए: किसानों को 0 प्रतिशत ब्याज पर लोन देंगे

- जमाखोरी व कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे और इसे रोकने के लिए हेल्प लाइन नंबर के साथ फर्टिलाइजर डिस्ट्रीब्यूशन रेगुलेटरी टास्क फोर्स का गठन करेंगे।
- किसानों को 0त्न ब्याज दर पर अगले 5 सालों में 1 लाख करोड़ का लोन प्रदान करेंगे।
- खेती के लिए रोजाना 8 घंटे की निरंतर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करेंगे।
- प्रत्येक जिले में एक 100त्न जैविक कृषि ब्लॉक की स्थापना करेंगे।
- गौ संवर्धन योजना शुरू कर किसानों से गौ-मूत्र और गोबर खरीदने की व्यवस्था करेंगे।
- चना, मूंग और उड़द जैसी दालों को एमएसपी पर खरीदने के लक्ष्य को दोगुना करेंगे।
- एमएसपी पर सरसों, मूंगफली और सोयाबीन की खरीद की व्यवस्था करेंगे।

### महिला-बुजुर्गों के लिए: महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण

- महिलाओं के लिए संभी लंबित रिक्तियों को प्राथमिकता से भरेंगे और शिक्षक भर्ती में महिलाओं के लिए आरक्षण को 50 प्रतिशत तक बढ़ाएंगे।
- सभी सरकारी विज्ञान, प्रौद्योगिकी और इंजीनियरिंग संस्थानों में छात्राओं के लिए सीटें आरक्षित करेंगे।
- प्रदेश में पहला महिला सैनिक स्कूल स्थापित करेंगे, जिसके तहत बालिकाओं को सशस्त्र बल एवं पुलिस बल में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।
- विधवा एवं निराश्रित महिलाओं की मासिक पेंशन को बढ़ाकर 1500 रुपए करेंगे।
- गरीब और बुजुर्ग नागरिकों को हर साल मुफ्त 4 मेडिकल जांच के अवसर प्रदान करेंगे।

### युवाओं के लिए: जेई-नीट की फी कोचिंग देंगे

- जोधपुर में फूड टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी स्थापित करेंगे।
- प्रदेश का पहला एविएशन विश्वविद्यालय स्थापित करेंगे।
- 402 पीएम श्री स्कूलों का मिशन मोड में निर्माण कराएंगे।
- प्रदेश में राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान (एनआईडी) का परिसर स्थापित करेंगे।
- 6ह्लद्ध क्लास पास सभी जरूरतमंद विद्यार्थियों को निन्शुल्क साइकिल प्रदान करेंगे।
- जरूरतमंद मेधावी 12वीं पास छात्रों को मुफ्त लैपटॉप प्रदान करेंगे।
- प्रदेश में आत्महत्या की दर को कम करने के लिए कोटा, जोधपुर और जयपुर जैसे शहरों में जिला स्तर पर युवा साथी केंद्र स्थापित करेंगे।
- जरूरतमंद युवाओं के लिए JEE, NEET, CLAT, UPSC, RPSC जैसी परीक्षाओं की मुफ्त कोचिंग की व्यवस्था करेंगे।

### गौरव संकल्प पत्र के अन्य मुख्य वादे ये थे

- अरब सागर से गुजरात होते हुए पानी लाकर सांचोर व जालोर जिले में कृत्रिम इनलैंड पोर्ट बनाए जाने के प्रयास।
- केंद्र के सहयोग से ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट के तहत यमुना नदी से जोड़कर 13 जिलों को पानी उपलब्ध करवाना।
- ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार गारंटी (नरेगा) की तर्ज पर शहरी रोजगार गारंटी कानून।
- कृषि केंद्रित 250 करोड़ रुपए के फंड ग्रामीण स्टार्ट-अप के लिए स्थापना।
- यूनिवर्सल हेल्थ इंश्योरेंस को भामाशाह योजना के साथ जोड़ना।
- योग बोर्ड, भगवान परशुराम बोर्ड, राजस्थान वैदिक स्टडीज बोर्ड, मोक्ष मुक्तिधाम बोर्ड, सिलाई कला बोर्ड, स्वर्ण कला बोर्ड, रजत कला बोर्ड, काष्ठ कला बोर्ड, असंगठित श्रमिक के कल्याण के लिए अलग से कल्याण बोर्ड और राज्य गोचर विकास बोर्ड।
- आर्थिक पिछड़ा वर्ग विकास आयोग, शोध नियामक आयोग की स्थापना।



# इस्राइल ने गाजा के अल शिफा अस्पताल में तैनात किए बुलडोजर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गाजा

हमास के हथियारों और उपकरणों का जखीरा मिलने के बाद से ही इस्राइल ने गाजा के अल शिफा अस्पताल में अपना अभियान तेज कर दिया है। इस्राइल ने अस्पताल के नीचे मौजूद सुरंग नेटवर्क में कमांड सेंटर होने का आरोप लगाया है। हालांकि संयुक्त राष्ट्र और मध्य पूर्वी देशों ने इस्राइल की इस कार्रवाई की निंदा की।

### अस्पताल युद्ध का मैदान नहीं

इस्राइली कार्रवाई के बीच संयुक्त राष्ट्र के मानवतावादी प्रमुख मार्टिन ग्रिफिथ्स ने सोशल मीडिया में एक पोस्ट साझा करते हुए कहा, अस्पताल युद्ध का मैदान नहीं है, नवजात शिशुओं, रोगियों, चिकित्सक कर्मचारियों और सभी नागरिकों की सुरक्षा के लिए खड़े होना चाहिए। वहीं कतर ने इस्राइली सैनिकों द्वारा अस्पताल में की गई कार्रवाई को लेकर संयुक्त राष्ट्र से तुरंत जांच की मांग की है। सात अक्तूबर को गाजा स्थित आतंकी समूह ने इस्राइल पर पांच हजार रॉकेट दागे। जिसके बाद से ही इस्राइल और हमास के बीच भीषण युद्ध शुरू हो गया। जवाबी कार्रवाई करते हुए इस्राइली सेना ने हमास पर हमला किया।

### इस्राइल ने कहा, हथियारों का जखीरा मिला

इस्राइली सैनिकों ने बुधवार को दिनभर अस्पताल में खोजबीन जारी रखी। इस दौरान इस्राइली सैनिकों द्वारा एक वीडियो भी बनाया गया। जिसमें इस्राइली सैनिक बता रहे हैं कि अस्पताल परिसर से स्वचालित हथियार, हथगोले, गोला बारूद जैसी सामग्री बरामद की गई है। गाजा पट्टी में इस्राइली सैन्य अभियानों के प्रमुख मेजर जनरल यारोन फिंकेलमैन ने कहा, हमने शिफा अस्पताल में अभियान चलाया। इस्राइल के इस दावे का अमेरिका ने समर्थन किया है। वहीं फलस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा, इस्राइल ने अस्पताल के चारों ओर बुलडोजर तैनात कर दिए हैं। अल शिफा अस्पताल के निदेशक ने कहा, इस्राइली सैनिकों के परिसर में आते ही सभी विभागों में पानी, बिजली और ऑक्सीजन सप्लाई को ठप कर दी गई।

# दुष्कर्म पीड़िता के बच्चे को गोद लेने के बाद उसका डीएनए टेस्ट कराना सही नहीं: हाईकोर्ट की टिप्पणी



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

बॉम्बे हाईकोर्ट का कहना है कि दुष्कर्म पीड़िता के बच्चे को गोद लेने के बाद उसका डीएनए टेस्ट कराना बिल्कुल सही नहीं है। यह बच्चे के हित के लिए सही नहीं है। बता दें, न्यायाधीश जीए सनप वाली एकल पीठ ने 10 नवंबर को 17 साल की नाबालिग के साथ दुष्कर्म और गर्भवती करने वाले आरोपी को जमानत दे दी। गौरतलब है, नाबालिग लड़की ने बच्चे को जन्म दिया और उस बच्चे को गोद लेने के लिए एक संस्था को दे दिया था। पीठ ने इससे पहले पुलिस से जानना चाहा कि क्या उन्होंने बच्चे का डीएनए परीक्षण कराया। इस पर पुलिस ने अदालत को सूचित किया कि पीड़िता ने जन्म देने के बाद बच्चे को गोद लेने के लिए दे दिया था। बच्चे को पहले ही गोद ले लिया गया है और संबंधित संस्थान गोद लेने वाले माता-पिता की पहचान का खुलासा नहीं कर रहा है। हाईकोर्ट ने कहा कि यह उचित है।

### भविष्य के लिए सही नहीं

हाईकोर्ट ने कहा, यह ध्यान रखना उचित है कि बच्चे को गोद दिया गया है। इसलिए बच्चे का डीएनए कराना उसके भविष्य के हित में नहीं होगा।

### 2020 का मामला

दरअसल, आरोपी ने अपनी जमानत याचिका में दावा किया था कि पीड़िता 17 साल की थी, लेकिन उनके संबंध सहमति से बने थे और उसे इसकी समझ थी। जबकि पुलिस में दर्ज कराए मामले में शख्स पर आरोप था कि उसने नाबालिग पीड़िता के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए और उसे गर्भवती कर दिया। आरोपी को साल 2020 में गिरफ्तार किया था।

### ढाई साल से बंद आरोपी

हाईकोर्ट ने आदेश में कहा कि आरोपी के इस तर्क को नहीं मान सकते कि पीड़िता ने सहमति से संबंध बनाए। हालांकि, आरोपी 2020 से जेल में बंद है, इसलिए जमानत दी जा सकती है। न्यायाधीश ने कहा कि हालांकि आरोपपत्र दायर किया जा चुका है, लेकिन विशेष अदालत ने अभी तक आरोप तय नहीं किए हैं। पीठ ने कहा कि अभी सुनवाई पूरी होने की संभावना बहुत कम है। आरोपी दो साल और 10 माह से जेल में बंद है। इसलिए आरोपी को और जेल में रखने की जरूरत नहीं है।

## न्यूजक्लिक मामले में अमेरिकी कारोबारी सिंघम को ईडी का समन

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। न्यूजक्लिक मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एनफोर्समेंट डायेक्टरेट ने गुरुवार को अमेरिकन करोबारी नेविल रॉय सिंघम को समन जारी किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सिंघम चीन के शंघाई में रह रहा है। इसलिए ईडी ने विदेश मंत्रालय की मदद से चीनी अधिकारियों को समन भेजा ताकि वे उसे सिंघम तक पहुंचा सकें। ईडी ने ईमेल भेजकर क्यूबा-श्रीलंकाई मूल के सिंघम को भारत स्थित ऑफिस आकर अपने बयान दर्ज कराने के लिए कहा है। दरअसल, न्यूजक्लिक पर चीनी प्रोपेगेंडा फैलाने के बदले पैसे लेने का आरोप है। न्यूजक्लिक को मुख्य तौर पर सिंघम की ओर से पैसे मिलने का आरोप है। पिछले साल भी ईडी ने सिंघम को समन जारी किया था, लेकिन चीनी अधिकारियों ने तब इस समन को स्वीकार करने से मना कर दिया था। न्यूजक्लिक मामले में सुनवाई के दौरान दिल्ली कोर्ट की ओर से चीनी अदालत के नाम एक फॉर्मल रिक्वेस्ट जारी की गई।

# मोदी की गारंटी का मतलब अडानी की गारंटी: राहुल गांधी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। श्रीगंगानगर



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को चूरू के तारानगर और हनुमानगढ़ के नोहर में चुनावी सभा को संबोधित किया। राहुल ने पीएम नरेंद्र मोदी पर तंज कसते हुए कहा- नरेंद्र मोदी जी कहते हैं मोदी की गारंटी। मोदी की गारंटी का मतलब अडानी की गारंटी। कांग्रेस का मतलब किसानों, मजदूरों, युवाओं की सरकार। ये फर्क है। नरेंद्र मोदी की गारंटी- अडानी जी की सरकार बनेगी और चलेगी। हमारी गारंटी किसान, मजदूर, पिछड़े, दलितों और आदिवासियों की सरकार चलेगी। राहुल ने कहा- कोरोना के समय नरेंद्र मोदी जी ने आपसे कहा, मोबाइल फोन की लाइट ऑन करो, थाली बजाओ। पूरे देश में लोग मर रहे थे, ऑक्सीजन-दवाई नहीं थी। नरेंद्र मोदी आते हैं, कहते हैं- चलो थाली बजाओ। और यहां पर भीलवाड़ा मॉडल। वहां पर थाली बज रही थी। राजस्थान में घर में फूड पैकेट मिल रहा था। दवाई मिल रही थी। मरीजों की रक्षा हो रही थी क्योंकि हम गरीबों, किसानों और मजदूरों की सरकार चलाते हैं। नरेंद्र मोदी जी ने पेंशन बंद कर दी। ओल्ड पेंशन स्कीम रद्द कर दी। राजस्थान में हमने ओपीएस पास कर दिया, कानून बनाने जा रहे हैं। महंगाई राहत कैंप ने डेढ़ करोड़ लोगों को फायदा दिया। सिलेंडर-बिजली की सब्सिडी, अन्नपूर्णा फूड पैकेट, ये हमारा काम है। कांग्रेस पार्टी का काम है। गरीबों की जेब में हम पैसा ट्रांसफर करते हैं। वो अडानी जी की जेब में डालते हैं। हम आपकी जेब में डालते हैं। चुनाव में हमने आपको सात गारंटी दी है। हर परिवार में एक महिला को सालाना 10 हजार रुपए। गरीब लोगों के लिए 500 रुपए का सिलेंडर। 15 लाख रुपए इंश्योरेंस। सब बच्चों के लिए इंग्लिश मीडियम स्कूल। सरकारी कॉलेजों में जो पढ़ते हैं उनके लिए फ्री लैपटॉप। सरकारी कर्मचारियों के लिए लीगल गारंटी ओपीएस का हम उसको कानून बना देंगे। गांव के लोगों के लिए 2 रुपए प्रति किलो गोबर खरीदेंगे। हम यहां गरीबों की सरकार चलाते हैं। नरेंद्र मोदी जी जीएसटी लागू किए। पहली बार किसान को टैक्स देना पड़ रहा है।




### मैं कौन हूँ, आप कौन हैं

एक लोटा पानी, सिकंदर की कहानी,
किसी एक समझदार शख़्स ने,
कह कर सुनाई अपनी ज़ुबानी,
जिसने सुना उसको हुई हैरानी,
जीवन क्षणभंगुर, न बचती निशानी,
एक लोटा पानी, सिकंदर की कहानी।
प्यासे सिकंदर को रेतीले रेगिस्तान में
नहीं दिया फ़क़ीर ने एक लोटा पानी,
सारा साम्राज्य देने को तैयार था वह,
तड़पने को मजबूर दुनिया का विजेता,
पानी लिये फ़क़ीर न किया मेहरबानी,
एक लोटा पानी, सिकंदर की कहानी।
सफल जीवन के चार सूत्र हैं,
मेहनत करने से धन बनता है,
धीरज रखने से काम बनता है,
मीठे बोल से पहचान बनती है,
इज्जत करने से नाम बढ़ता है,
यही है हमारे जीवन की कहानी,
एक लोटा पानी, सिकंदर की कहानी।
शौक भले ही कितने ऊँचे रखिए,
लेकिन जिम्मेदारी से बढ़कर नहीं,
जीवन तो प्रेम, दया, धर्म के लिये है,
शासन, सत्ता, ताक़त क्षण भर की हैं,
कब छिन जाएँगी, न हो परेशानी,
एक लोटा पानी, सिकंदर की कहानी।
धन दौलत, ज्ञान, ताक़त अभिमान,
ये कौन हैं कोई न सका है पहचान,
वक्त बदलते ये न साथ रह पाते,
इनका कोई वजूद भी नहीं रहता,
आदित्य अहंकार वश न हो अभिमानी,
एक लोटा पानी, सिकंदर की कहानी।



कर्नल आदि शंकर मिश्र, आदित्य

# टनल में अटकी सांसें

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। देहरादून

उत्तराखंड के उत्तरकाशी में निर्माणाधीन सिल्क्यारा टनल में 107 घंटे यानी 4 दिन से 40 मजदूर फंसे हैं। इन्हें निकालने की हर कोशिश अब तक नाकामयाब रही है। गुरुवार सुबह नए सिरे से अमेरिकन ऑगर्स मशीन को इंस्टाल कर रेस्क्यू शुरू किया गया है। हैवी ऑगर मशीन को सेना के हरक्यूलिस विमान से दिल्ली से उत्तराखंड लाया गया है। एनएचआईडीसीएल के डायरेक्टर अंशू मनीष खलखो ने बताया, 25 टन की हैवी ऑगर मशीन प्रति घंटे पांच से छह मीटर तक ड्रिल करती है। अगर, ये काम करती है तो अगले 10 से 15 घंटे में इन्हें रेस्क्यू किया जा सकता है। हालांकि, यह अंदर की परिस्थितियों पर भी डिपेंड करेगा। हादसा 12 नवंबर की सुबह 4 बजे हुआ था। टनल के एंट्री पॉइंट से 200 मीटर दूर मिट्टी धंसी। मजदूर अंदर फंस गए। मलबा 70 मीटर तक फैला गया। ये मजदूर बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के हैं। केंद्रीय मंत्री वीके सिंह गुरुवार को टनल के अंदर जायजा लेने पहुंचे। उन्होंने कहा- मजदूर टनल के अंदर 2 किलोमीटर की खाली जगह में फंसे हुए हैं। इस गैप में रोशनी है और हम खाना-पानी भेज रहे हैं।

## मध्य प्रदेश, राजस्थान सहित कई राज्यों में ठंड बढ़ी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। पहाड़ी राज्यों पर बर्फबारी से दिल्ली, मध्य प्रदेश, राजस्थान सहित कई राज्यों में ठंड बढ़ गई है। गुरुवार सुबह दिल्ली का न्यूनतम तापमान 11.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से दो डिग्री कम है। राजस्थान के जयपुर में न्यूनतम तापमान 13.8 डिग्री सेल्सियस रहा। बुधवार रात में माउंट आबू में पारा 6 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था। सीकर में 7.5 और चूरू में 9.4 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। मध्य प्रदेश के भोपाल में पिछले 5 दिन के दौरान तापमान में 4.4 डिग्री की गिरावट हुई है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, नवंबर के आखिरी हफ्ते तक उत्तर भारत के राज्यों में ठंड और बढ़ेगी। दूसरी तरफ आईएमडी ने केरल, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा और नगालैंड में आज बारिश का अलर्ट जारी किया है। निजी वेदर एजेंसी स्काईमेट ने अगले 24 घंटे के दौरान तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल और ओडिशा में भारी बारिश की संभावना जताई है।







स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)